27 अक्टूबर 2024
रविवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



सड़क का उद्घाटन करने गए सीएम का हुआ जमकर विरोध

2



## बोले उपराष्ट्रपति... धर्म शासित समाज में गैरबराबरी का कोई स्थान नहीं

- धर्म व्यावहारिक आदर्श के रूप में काम करता है, जो सही जीवन जीने के लिए मार्गदर्शन करता है
- भारत की अपनी समावेशिता अद्वितीय है, जो एकता की भावना के साथ पूरी मानवता का प्रतिनिधित्व करती है



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि धर्म भारतीय संस्कृति का सबसे मौलिक सिद्धांत है, जो जीवन के सभी पहलुओं में मार्गदर्शन करता है। उन्होंने कहा कि धर्म शासित समाज में गैरबराबरी का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि धर्म केवल मार्ग नहीं, बल्कि मंजिल और लक्ष्य भी है, जो प्रणियों सहित अस्तित्व के सभी क्षेत्रों में लागू होता है। धनखड़ ने कहा कि धर्म व्यावहारिक आदर्श के रूप में काम करता है, जो सही जीवन जीने के लिए मार्गदर्शन करता है। धनखड़ ने कहा कि सनातन का मतलब है सहानुभूति, करूणा, अहिंसा, सद्गुण और ये सभी एक ही शब्द में समाहित होते हैं- समावेशिता। सुवर्ण भारती महोत्सव के हिस्से के रूप में श्रीशारदा पीठम की ओर से आयोजित नमः शिवाय परायण में भाग लेते हुए धनखड़ ने इसे अद्वितीय और प्रभावशाली कार्यक्रम बताया। उन्होंने कहा कि यह मन, दिल और आत्मा को गहराई से जोड़ता है और सभी को एक साथ लाता है। उन्होंने कहा कि भारत की अपनी समावेशिता अद्वितीय है, जो एकता की भावना के साथ पूरी मानवता का प्रतिनिधित्व करती है। इस यात्रा ने विनम्रता और अहिंसा के मूल्यों को स्थापित किया है। भारत इसके लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। आदि काल से ही भारत ने धर्म के साथ रह कर जीवन को जीने की सीख दी है। आगे काल में जब महात्मा बुद्ध, महावीर, शंकराचार्य का भी आगमन होता है। वो भी कहीं न कहीं धर्म से जुड़कर ही जीवन जीने की सीख दिए थे। उनलोगों ने मन की शांति के लिए ध्यान और योग को महत्ता दी थी। भारत से निकले हुए धर्म विश्व के कई देशों में अपना परचम लहरा रहे है। भारत आध्यात्म के लिए प्रसिद्ध है। यह परंपरा बनी रहनी चाहिए।

### पवित्र मंत्रों की तरंगे मानसिक शांति लाती है

उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि वैदिक जाप मानवता की सबसे प्राचीन मौखिक परंपराओं में से एक है। उन्होंने कहा कि इन पवित्र मंत्रों की सटीक लय, उच्चारण और तरंगे मानसिक शांति लाती है। उप राष्ट्रपति ने कहा कि वेदों की संरचना और उनके पाठन की जटिलता प्राचीन विद्वानों की वैज्ञानिक उत्कृष्टता को दशार्ती हैं। उन्होंने कहा कि यह परंपरा बिना लिखित रिकॉर्ड के संरक्षित की गई है, जो भारतीय संस्कृति के ज्ञान को मौखिक रूप से पीढ़ियों तक पहुंचाने की क्षमता को दशार्ती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय संस्कृति की विशेषता इसकी विविधता में एकता है, जो समय के साथ विभिन्न परंपराओं के मिश्रण से बनी है।

## भाजपा ने महाराष्ट्र के लिए जारी की प्रत्याशियों की दूसरी सूची, 22 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भाजपा ने महाराष्ट्र के लिए प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की है। इसमें कुल 22 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया है। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से राज्य के विधानसभा चुनाव के लिए सबसे पहले 99 प्रत्याशियों के नाम घोषित किया गया था। इस तरह से भाजपा ने राज्य में अब तक कुल 121 प्रत्याशियों के नामों का एलान कर दिया है। भाजपा की दूसरी सूची में 22 उम्मीदवारों में सिर्फ एक महिला उम्मीदवार का नाम शामिल हैं। भाजपा ने धुले ग्रामीण विधानसभा सीट से राम भदाणे, मलकापुर से चैनसुख मदनलाल संचेती, अकोट से प्रकाश गुणवंतराव भारसाकले, अकोला पश्चिम विजय कमलकिशोर अग्रवाल, वाशिम श्याम रामचरणजी खोडे, मेलघाट से केवलराम तुलसीराम काले गढ़चिरौली से मिलींद रामजी नरोटे, राजुरा से देवराव विठोबा भोंगले, ब्रह्मपुरी से कृष्णलाल बाजीराव सहारे, वरोरा से करण संजय देवतले और नासिक मध्य सीट से देवयानी सुहास फरांदे को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा लगातार चुनाव के दौरान अपने संगठन को मजबूती देने का प्रयास कर रहा है। भाजपा के वरीय नेता इस बात पर लगे है कि अधिक से अधिक सीट प्राप्त हो।

### 20 नवंबर को एक चरण में चुनाव

महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव 20 नवंबर को एक ही चरण में होंगे, जबकि विधानसभा चुनाव के मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और अजीत पवार की एनसीपी से मिलकर बनी महायुति सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रही है, जबकि शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस की विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) इसे सत्ता से बेदखल करने के प्रयास में है।

## खबरें फटाफट

### जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड

**मेंढर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक अग्रिम गांव में सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और कुछ ग्रेनेड और माइन जब्त किए है। सुरक्षा अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि मेंढर उपखंड के बलनोई सेक्टर में तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का पता चला। ठिकाने से दो हथगोले और तीन माइन जब्त किए गए हैं। अभियान के दौरान कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों को मेंढर के मनकोट सेक्टर में एक जल बिंदु के पास गश्त के दौरान जंग लगा मोर्टार शैल मिला। बाद में विशेषज्ञों ने नियंत्रित विस्फोट में शैल को सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया।

### राहुल ने शेयर बाजार में आई तेज गिरावट पर जताई चिंता

**मुंबई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय शेयर बाजारों में हाल ही में आई तेज गिरावट पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि खुदरा निवेशकों को जोखिम भरे निवेश के लिए शिक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने पार्टी से युवा निवेशकों, नौकरीपेशा लोगों और आम नागरिकों को बचाने के लिए रणनीति बनाने को कहा है। उन्होंने पार्टी नेताओं से खुदरा निवेशकों को उनकी मेहनत की कमाई की सुरक्षा के प्रति आगाह करने के नए तरीके विकसित करने का आग्रह किया। राहुल गांधी कहा कि अगर आप मुझे इसमें शामिल करना चाहते हैं तो मुझे बताएं कि कैसे। बता दें कि गत शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 662.87 अंक गिरकर 79,402.29 पर बंद हुआ। भारी गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति में 6.80 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई।

### कर्नाटक के गंगावटी तालुक के माराकुंबी में दलितों पर हमला करने का लगा था आरोप

# देश में पहली बार कोर्ट ने एक साथ सुनाई 98 लोगों को उम्रकैद की सजा

- 3 दोषियों को 5-5 साल की कैद की सजा दी गई
- आरोपियों पर 2 से लेकर 5 हजार तक का लगा जुर्माना

**एजेंसी/बेंगलुरु**

दलित अत्याचार के 10 साल पुराने केस में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुना दिया है। यह पहला मौका है जब देश में किसी अदालत ने सामूहिक रूप से लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई होगी। 2014 के जातिगत हिंसा के मामले में कर्नाटक की एक कोर्ट ने 98 लोगों को एकसाथ उम्रकैद की सजा सुनाई है जबकि तीन अन्य दोषियों को पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाई गई है। दरअसल, गंगावटी तालुक के माराकुंबी में दलितों पर हमला करने और उनके साथ भेदभाव करने का मामला सामने आया था। दलितों के घरों को आग लगा दी गई थी जबकि दलितों के नाई की दुकान पर जाने से भी रोक लगा दिया गया था। राशन की दुकानों पर दलितों को सामान भी नहीं दिया जा रहा था। 9 अगस्त 2014 को दलितों पर अत्याचार की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस घटना के बाद तीन महीने तक माराकुंबी गांव में पुलिस बलों की तैनाती रही थी। इसके खिलाफ आंदोलन भी चलाए गए थे। मामला कोर्ट मे पहुंचा और 117 लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाया गया। सुनवाई के दौरान चार्जशीट में शामिल 16 लोगों की मौत हो गई। मामले में जस्टिस चंद्रशेखर सी ने 101 लोगों को दोषी करार दिया था। इनमें से तीन लोगों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई गई जबकि 98 लोगों को कोर्ट ने उमक्रैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही साथ उनके ऊपर जुर्माना भी लगाया गया है।



### क्या है माराकुंबी उत्पीड़न केस

टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक यह केस 2014 का है। कर्नाटक के गंगावटी तालुक में एक गांव है माराकुंबी। यहां दलितों के उत्पीड़न और भेदभाव का केस सामने आया था। 29 अगस्त 2014 को दी गई शिकायत में कहा गया था कि गांव में दलितों पर अत्याचार किया गया और उनके घरों में आग लगा दी गई। दलितों को किराने की दुकानों पर सामान नहीं दिया जाता था। दलितों को नाई की दुकान में भी जाने से रोका जाता था।दलितों को दुकानों पर नहीं मिलता था सामान, घरों में लगा देते थे आग, 98 लोगों को उम्रकैद की सजादलितों पर अत्याचार और भेदभाव के मामले में कर्नाटक की एक सत्र अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है।

### 117 लोगों के खिलाफ चलाया गया था मुकदमा

इन घटनाओं के बाद माराकुंबी गांव में कई महीनों तक पुलिस तैनात रही। इस उत्पीड़न के खिलाफ राज्य दलित अधिकारी समिति ने भी प्रदर्शन किया था। स्थानीय पुलिस स्टेशन को भी कई महीनों तक सीज किया गया था। इस केस में 117 लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाया गया। 16 लोगों की सुनवाई के दौरान ही मौत हो गई। कुल 101 लोगों को दोषी ठहराया गया लेकिन 3 लोगों को कम सजा मिली क्योंकि वे दलित थे और उन पर एससी एसटी एक्ट 1989 का केस नहीं लगाया जा सकता था। सभी दोषी बेल्लारी जेल में हैं। सरकारी वकील अपर्णा बुंडी ने यह केस लड़ा है। कुल 101 लोगों को दोषी ठहराया गया, जिनमें से कुछ आरोपियों पर एससी-एसटी एक्ट नहीं लगाया जा सका, क्योंकि वे स्वयं दलित समुदाय से थे। यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में दोषियों को एक साथ सजा दी गई है। सरकारी वकील के अनुसार, इस मामले में कुल 117 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई थी। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है।

## भाजपा का आरोप-प्रियंका वाड्रा ने छुपाई अपनी संपत्ति

**केटी न्यूज/नई दिल्ली**



भाजपा ने वायनाड लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंका गांधी वाड्रा पर बड़ा आरोप लगाया है। भाजपा ने कहा कि प्रियंका गांधी ने अपने चुनावी शपथपत्र में अपनी और अपने पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्ति का पूरा खुलासा नहीं किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि प्रियंका गांधी ने अपनी और अपने पति की संपत्ति को छिपाकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है।

**गांधी परिवार कानून से ऊपर नहीं:** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश सभी के लिए जरूरी है। गांधी परिवार कानून से ऊपर नहीं है। अगर कोई हलफनामे में गलत जानकारी देता है, तो उसे चुनाव लड़ने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कक प्रियंका गांधी के हलफनामे में कुछ ट्रस्टों के माध्यम से एसोसिएटेड जर्नल्स में शेयरों के उनके स्वामित्व का कोई जिक्र नहीं है। यह जानकारी का खुलासा न करने के समान है।

**कंपनियों में हिस्सेदारी की जानकारी नहीं दी:** गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि हलफनामे में रॉबर्ट वाड्रा की तीन कंपनियों का जिक्र किया गया है। दो अन्य कंपनियों में उनकी हिस्सेदारी के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने दस्तावेजों के आधार पर यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को कानून का पालन करना होगा। इसे लेकर भाजपा आवश्यक कदम उठाएगी, क्योंकि वह संविधान का पालन करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी परिवार सोचता है कि वह कानून की अनदेखी कर सकता है और लोगों को बेवकूफ बना सकता है। उन्होंने कहा कि किसी को भी ऐसा भ्रम नहीं पालना चाहिए।

**वायनाड में 13 नवंबर को होगा उपचुनाव:** वायनाड लोकसभा सीट पर 13 नवंबर को उपचुनाव होगा। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने वायनाड सीट से नामांकन किया है। प्रियंका ने अपने शपथ पत्र में बताया है कि उनके पास एक करोड़ से ज्यादा के गहने हैं। हलफनामे के अनुसार, प्रियंका के खिलाफ तीन मामले भी दर्ज हैं। वायनाड सीट राहुल गांधी के इस्तीफे से रिक्त हुई है वायनाड के साथ-साथ रायबरेली सीट से भी जीते थे।

## बोले आप नेता संजय सिंह... रची गई थी पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की हत्या की साजिश

**एजेंसी/नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी ने अपने संयोजक अरविंद केजरीवाल की हत्या की गहरी साजिश रचे जाने का शनिवार को आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अगर उन्हें कुछ भी हुआ तो इसके लिए भाजपा जिम्मेदार होगी। आप नेताओं ने आरोप लगाया कि पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी में पदयात्रा के दौरान केजरीवाल पर भाजपा के गुंडों ने हमला किया। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने प्रेसवार्ता में आरोप लगाया। घटना में पुलिस की मिलीभगत, केजरीवाल की हत्या की गहरी साजिश को साफ तौर पर दशार्ती है। भाजपा उनकी जान की दुश्मन बन गई है। सिंह के आरोपों पर पुलिस या भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

आप नेता ने कहा कि विकासपुरी की घटना के बावजूद केजरीवाल तय कार्यक्रम के अनुसार पदयात्रा अभियान जारी रखेंगे। उनसे जब पूछा गया कि पार्टी ने इस घटना के संबंध में कोई शिकायत क्यों नहीं दर्ज कराई, तो सिंह ने कहा कि अगर पुलिस निष्पक्ष होती और उसके अधिकारी हमलावरों के समूह को रोकने के लिए कुछ करते तो यह घटना नहीं होती। उन्होंने दावा किया कि हमलावर भाजपा की युवा इकाई के थे। आप नेता ने कहा कि पुलिस घटना का संज्ञान लेकर जांच कर सकती है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इस मामले में आगे की कार्रवाई के लिए कानूनी सलाह ले रही है। आप सांसद ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता, केजरीवाल पर हमला करने वालों का समर्थन कर रहे हैं। हमलावरों में से एक भाजयुमो की दिल्ली इकाई का उपाध्यक्ष है।

## पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर भारत ने जताई गहरी चिंता

**नई दिल्ली।** ईरान पर इस्राइल के ताजा जवाबी हमलों के बाद पश्चिम एशिया में एक बार तनाव चरम पर पहुंच गया है। इस बीच, विदेश मंत्रालय ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव और शांति व स्थिरता पर उसके प्रभाव को लेकर गहरी चिंता जताई है। मंत्रालय ने सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने व कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया है। मंत्रालय ने कहा कि जारी संघर्ष से किसी को कोई भी लाभ नहीं है, जबकि निर्दोष बंधक और नागरिक आबादी लगातार पीड़ित हो रही है।





### रामनगरी में हनुमान चालीसा पर आधारित नृत्य नाटिका, रामायण नृत्य नाटिका का भी दीदार

## रामलला की उपस्थिति में दीपोत्सव के मंच पर उतरेगा समूचा भारत

**केटी न्यूज/लखनऊ**

योगी सरकार इस बार सबसे खास दीपोत्सव मनाने जा रही है, क्योंकि प्रभु श्रीराम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा (22 जनवरी 2024) के उपरांत यह पहला दीपोत्सव है। वहीं 2017 से दीपोत्सव का अनवरत यह आठवां आयोजन होगा। योगी सरकार 'रामलला की उपस्थिति' में इस दीपोत्सव पर समूचे भारत को एक बार फिर रामनगरी में एकत्र करेगी। एक तरफ छह देशों के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे तो वहीं देश-प्रदेश के कलाकार भी अपनी कला का दीदार कराएंगे। उत्तर प्रदेश के अनेक लोकनृत्यों को लेकर 250 कलाकारों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। अन्य प्रदेशों के भी 240 कलाकार दीपोत्सव पर रामनगरी में भव्य प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा अनेक स्थलों पर 800 कलाकारों द्वारा लोकनृत्य व लोकगायन के कार्यक्रम होंगे। तीन दिन (28 से 30 अक्टूबर) के भीतर दीपोत्सव के मंच पर 1200 से अधिक कलाकार आध्यात्मिक भक्ति से सराबोर करेंगे।



तीन दिन में देश, विदेश-प्रदेश के 1200 से अधिक कलाकार लेंगे हिस्सा श्रीराम मंदिर निर्माण के उपरांत पहले दीपोत्सव में तीन दिन तक देश-प्रदेश व विदेश के 1200 से अधिक कलाकार हिस्सा लेंगे। इसमें मलेशिया, म्यांमार, इंडोनेशिया, कंबोडिया, थाईलैंड व नेपाल के साथ-साथ स्थानीय दलों द्वारा भी रामलीला का मंचन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोकसंस्कृति पर आधारित फरुआही, बहुरूपिया, अवधी लोकनृत्य, बमरसिया, थारू लोकनृत्य, दीवारी, धोबिया, राई, ढेढिया, मयूर, आदिवासी लोकनृत्य के माध्यम से 250 कलाकारों द्वारा शोभायाात्रा निकाली जाएगी।

### अन्य प्रदेशों के 240 कलाकार भी रामनगरी में देंगे भव्य प्रस्तुति

दीपोत्सव के दौरान अन्य प्रदेशों के 240 से अधिक कलाकार हिस्सा लेंगे। इसमें रउफ लोकनृत्य कश्मीर, छपेली लोकनृत्य उत्तराखंड, घूमर नृत्य हरियाणा, बरेदी लोकनृत्य मध्य प्रदेश, पंजाब का भांगड़ा, गतका नृत्य, महाराष्ट्र के कलाकारों द्वारा ढोलताशा, गुजरात के कलाकार डांडिया-गरबा, हिमाचल प्रदेश के कलाकार शिरमौर नाटी नृत्य, छत्तीसगढ़ के कलाकार गैंडी नृत्य प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा सिक्किम, असम, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, राजस्थान समेत 15 राज्यों के 240 कलाकार तीन दिन तक दर्शकों को रूबरू कराएंगे। योगी सरकार के मार्गदर्शन में तीन दिन तक अयोध्या में अनेक स्थानों पर भी आध्यात्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसमें लगभग 800 कलाकारों द्वारा लोकनृत्य व लोकगायन होंगे। अयोध्या धाम में गुप्तार घाट, बड़ी देवकाली, रामघाट, बिड़ला धर्मशाला, भरतकुंड, तुलसी उद्यान, भजन संध्या स्थल, नाका, हनुमानगढ़ी, बस अड्डा बाईपास, नया घाट आदि स्थानों पर लगभग 800 कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

# औरंगाबाद का एनटीपीसी जल्द बनेगा देश का गौरव, 4380 मेगावाट होगा उत्पादन

♦ स्टेज-2 पर काम शुरू होने के बाद उत्पादन क्षमता होगी विकसित

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

औरंगाबाद जिले स्थित नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन (एनएसटीपीएस) को जल्द ही देश की बिजली उत्पादन में नई पहचान मिलने वाली है। यह परियोजना न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि होगी। एनटीपीसी लिमिटेड की इस इकाई में स्टेज-2 के तहत 800-800 मेगावाट की तीन ताप विद्युत उत्पादन इकाइयों की स्थापना की योजना है, जिसके बाद कुल उत्पादन क्षमता 1980 मेगावाट से बढ़कर 4380 मेगावाट हो जाएगी। यह न केवल बिहार का पहला मेगा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट होगा, बल्कि पूरे देश के पावर प्लांटों में से एक प्रमुख पावर प्लांट के रूप में उभरेगा।

परियोजना की प्रमुख विशेषताएं

स्टेज-1 में स्थापित 660 मेगावाट की तीन इकाइयों से कुल 1980 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। स्टेज-2 के तहत 800-800 मेगावाट की तीन नई इकाइयां स्थापित की जाएंगी, जिससे कुल उत्पादन क्षमता बढ़कर 4380 मेगावाट हो जाएगी। पावर प्लांट को पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त बनाने के




लिए फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन संयंत्र की स्थापना का काम चल रहा है, जिसे दिसंबर 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। एफजीडी संयंत्र की स्थापना के बाद यह प्लांट पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त हो जाएगा। सामंता ने बताया कि एनएसटीपीएस ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 14,411 मिलियन यूनिट (एमयू) बिजली का रिकॉर्ड उत्पादन किया है। साथ ही इस दौरान प्लांट का प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) 82.86 प्रतिशत रहा, जो परियोजना की संचालन क्षमता और उत्कृष्टता को दशार्ता है। यह प्लांट कोयला खदान के पास होने के कारण सस्ता बिजली उत्पादन कर रहा है, जिससे बिहार को काफी लाभ हो रहा है।

### ग्रामीण विकास में एनटीपीसी का योगदान

एनटीपीसी नबीनगर अपने नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व (उरफ) के तहत आसपास के 40 से अधिक गांवों में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत सुविधाओं और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्रों में एनटीपीसी द्वारा किए गए प्रयासों से ग्रामीण इलाकों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। सामंता ने कहा कि एनटीपीसी इन गांवों को अपने परिवार की तरह देखता है और ग्रामीण विकास में अपना सक्रिय योगदान दे रहा है। नबीनगर को बिजली उत्पादन के क्षेत्र में देश की बिजली राजधानी कहा जा रहा है, क्योंकि यहां पर दो बड़े पावर प्लांट स्थापित हैं। एनएसटीपीएस के अलावा, भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड की 1000 मेगावाट क्षमता वाली ताप विद्युत परियोजना भी यहां स्थित है। इसके अलावा 22 मेगावाट क्षमता वाली सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना की भी योजना बनाई गई है। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद नबीनगर की कुल उत्पादन क्षमता 5402 मेगावाट हो जाएगी, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। एनएसटीपीएस के मुख्य महाप्रबंधक और परियोजना प्रमुख चंदन कुमार सामंता ने जानकारी दी कि स्टेज-2 के निर्माण के लिए निविदा (टेंडर) प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। ग्लोबल टेंडर जारी किया जा चुका है और टेंडर फाइनल होते ही काम को तेजी से शुरू किया जाएगा।

# तेजस्वी यादव ने जेडीयू के एमएलसी नीरज कुमार को भेजा लीगल नोटिस

**केटी न्यूज/पटना**



तेजस्वी यादव ने जदयू के विधान पार्षद नीरज कुमार पर मानहानि का मुकदमा किया है। इसलिए तेजस्वी यादव के वकील ने नीरज कुमार को लीगल नोटिस भेजा है। उस नोटिस में लिखा है कि हमारे मुवक्किल बिहार में विपक्ष के नेता हैं। उन्होंने विधान सभा और उप मुख्यमंत्री के रूप में भी कार्य किया है। वह भारतीय राजनीति में बिहार के एक प्रमुख हस्ती हैं। वह विपक्ष के नेता और राजनीति में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। वह एक प्रमुख राजनीतिक दल अर्थात राष्ट्रीय जनता दल को 2015 से न केवल सफलतापूर्वक राजनीतिक को बरकरार रखा है, बल्कि अपने पिता लालू प्रसाद यादव की विरासत को भी उन्होंने तराशा है। एक परिवर्तनकारी नेता के रूप में उनकी एक अपनी अलग पहचान है। जदयू के विधान पार्षद नीरज कुमार ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया है। इसलिए उनको यह नोटिस भेजा जा रहा है।

**पटना के दनियावां में 46 करोड़ की लागत से बना बाईपास, मुआवजा को लेकर अड़े ग्रामीण**

# सड़क का उद्घाटन करने गए सीएम का हुआ जमकर विरोध

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के दनियावां में 46 करोड़ की लागत से निर्मित बाईपास का उद्घाटन किया। इस दौरान मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने मुख्यमंत्री के सामने जमकर नारेबाजी की। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने किसी तरह से लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दनियावां बाईपास का उद्घाटन किया। बाईपास के उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने यहां बनी सड़क और पुल का निरीक्षण किया। उद्घाटन के बाद इस मार्ग को आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। परिचालन शुरू होने के बाद बिहारशरीफ, नवादा, कोडरमा, हजारीबाग, रांची और टाटा जाने वाले वाहनों को अब जाम से मुक्ति मिल जाएगी।इससे पहले दनियावां बाजार में रेलवे क्रॉसिंग रहने के कारण आए दिन लोगों को घंटों भीषण जाम का सामना करना पड़ता था। इस मार्ग पर परिचालन शुरू होने के बाद इलाके के लोगों में खुशी का माहौल है। हालांकि दूसरी तरफ बाईपास के लिए अपनी जमीन देने वाले किसानों में गहरी नाराजगी भी है। अपनी जमीन देने वाले किसानों को अभी तक मुआवजे की पूरी राशि नहीं मिल सकी है। जैसे ही इलाके के किसानों को यह जानकारी मिली की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचे हैं, बड़ी संख्या में किसान वहां पहुंच गए और मुख्यमंत्री से मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा करने लगे हालांकि वहां मौजूद अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों ने किसानों को मुख्यमंत्री से मिलने नहीं दिया और किसी तरह से समझा बुझाकर मामले को शांत कराया।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 46 करोड़ की लागत से बने दनियावां बाइपास का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होने करीब 1. 7 किलोमीटर लंबे बाइपास रोड का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने बाइपास रोड का उद्घाटन एनएच तीस के फतुहा छोर से किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि अब इस बाइपास के जरिए लोगों को राजगीर, पावापुरी तथा झारखंड जाने में काफी सहुलियत होगी तथा दनियावां रेलवे क्रॉसिंग के कारण लगने वाली जाम से भी लोगों को मुक्ति मिल जाएगी। नाराज किसानों ने बाइपास रोड के उद्घाटन का किया विरोध, कहा- नीतीश कुमार वादा करके मुकर गयेमुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाइपास का उद्घाटन करने दनियावां पहुंचे थे, लेकिन वहां के किसानों ने सम्मान करने के बजाय उनका जमकर विरोध किया। किसानों का कहना था कि बाइपास तो बन गया और आज उद्घाटन भी हो गया, लेकिन जिनकी जमीन उसमें चली गई उन्हें आज तक मुआवजा नहीं मिल पाया। प्रशासन के अधिकारी कोई भी बात सुनने को तैयार नहीं हो रहे है।



### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वादा करके पलट गये हैं

उद्घाटन स्थल पर मौजूद प्रशानिक अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे किसानों को समझाया भी तथा इस सन्दर्भ में किसानों से एक ज्ञापन भी लिया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रो रामजी सिंह ने बताया कि इस नये सड़क के निर्माण में दर्जनों किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया था। अधिग्रहण को लेकर सरकार द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि सभी संबंधित किसानों को आवासीय भूमि का भुगतान किया जाएगा। लेकिन अब तक मात्र तीन किसानों को ही आवासीय भूमि का भुगतान किया गया और शेष किसानों को कृषि भूमि का भुगतान किया गया। किसानों का कहना था कि सबको एक तरह का मुआवजा मिलना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वादा करके पलट गये हैं। इसे लेकर कमिश्नर के पास वर्ष 2018 में ही शिकायत वाद लाया गया। लेकिन आश्वासन के बाद भी इस वाद पर कोई परिणाम नही निकला। अब जबकि सड़क बनकर तैयार हो गयी है लेकिन किसानों को भुगतान नही किया गया है।

# छठ घाटों पर शौचालय का हो इंतजाम : सीएम

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टीमर द्वारा नासरीगंज घाट से कंगन घाट तक के विभिन्न गंगा घाटों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने घाटों की सफाई, सुरक्षा एवं स्वच्छता के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि छठ को लेकर बहुत अच्छा इंतजाम किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो यही देखने के लिए हम आए हैं। सबकुछ अच्छे से हो रहा है।

**सीएम बोले- व्रतियों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखें**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। छठ व्रतियों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखें। छठ व्रतियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये छठ घाटों का निर्माण करें। गंगा नदी के जलस्तर एवं प्रवाह को देखते हुये छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखें। छठ घाटों के पास सुरक्षा के दृष्टिकोण से मजबूत बैरिकेडिंग करायें। घाटों के पहुंच पथ एवं गंगा नदी किनारे की सड़कों के पास भी छठ व्रतियों के सुचारू आवागमन हेतु बैरिकेडिंग करायें।

**घाटों पर शौचालय का भी इंतजाम करवाएं:** उन्होंने कहा कि छठ घाटों पर साइनेज (संकेतक चिह्न) का प्रयोग कर छठ व्रतियों को वहां पर की जा रही व्यवस्थाओं, आने-जाने आदि के बारे की जानकारी दी जाए। छठ पूजा के दौरान माइकिंग के माध्यम से छठ घाटों पर की गई व्यवस्थाओं एवं अन्य सूचनाओं के संबंध में छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को लगातार जानकारी दी जाए। छठ घाटों तक छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के पहुंचने के लिए सुगम ट्रैफिक व्यवस्था कराएं ताकि छठ व्रतियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। छठ घाटों पर शौचालय, टॉयलेट का भी इंतजाम कराएं। ताकि वहां आनेवाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। निरीक्षण के बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### जीतनराम मांझी पर जमकर बरसे प्रशांत किशोर



**पटना।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी की उस टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना की। जिसमें मांझी ने नवगठित राजनीतिक पार्टी पर बिहार की चार विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में मतदाताओं को रिश्वत देने का आरोप लगाया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री मांझी ने शुक्रवार शाम इमामगंज में एक रैली के दौरान जन सुराज पर यह आरोप लगाया था। इमामगंज सीट मांझी के लोकसभा में निर्वाचित होने के बाद रिक्त हुई है और इस सीट से हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा की टिकट पर उनकी पुत्रवधू दीपा चुनाव मैदान में हैं। मांझी ने कहा था कि जन सुराज के लोग उपचुनाव में पार्टी को समर्थन देने के लिए लोगों से फॉर्म पर हस्ताक्षर करवा रहे हैं। मतदाताओं से वादा किया गया है कि जन सुराज उम्मीदवार की जीत पर उन्हें एक-एक लाख रुपये नकद दिया जाएगा।" तरारी में चुनाव प्रचार कर रहे किशोर से जब इस आरोप के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि क्या मांझी को पता है कि वह क्या कह रहे हैं। हर विधानसभा क्षेत्र में करीब दो लाख मतदाता हैं। अगर हम उनमें से प्रत्येक को एक लाख रुपये देने का वादा कर रहे हैं, तो आप हिसाब लगा सकते हैं कि कुल कितनी रकम बनती है। किशोर ने कहा कि अगर मांझी को यकीन है कि हमारे पास इतने बड़े पैमाने पर पैसा है, तो केंद्रीय मंत्री होने के नाते उन्हें हमारे पीछे ईडी और सीबीआई लगा देनी चाहिए।

### मोतिहारी के चार युवकों की मौत हरियाणा में

**मोतिहारी।** मोतिहारी के रहने वाले 4 युवकों की हरियाणा के गुरुग्राम में दर्दनाक मौत हो गयी है। घर में आग लगने से चारों की मौत हुई है। चारों मृतक आपस में रिश्तेदार थे। घटना की सूचना मिलने के बाद घर में कोहराम मच गया। परिजन शव के लिए गुरुग्राम के लिए रवाना हो गए हैं। चारों मृतकों में दो सगे भाई, एक चचेरा और एक ममेरा भाई है। तीन एक ही थाना क्षेत्र के रहने वाले है। मृतकों की पहचान घोड़ासहन थाना क्षेत्र के शेणवरिया गांव निवासी सकुर मियां के 26 वर्षीय पुत्र नूर आलम, 22 वर्षीय मुश्ताक आलम, मोफिज मियां का 18 वर्षीय पुत्र अमन और चिरैया थाना क्षेत्र के सेनवरीया गांव निवासी 20 वर्षीय मो. साहिल ले रूप में हुई है।

## गड़बड़ी के आरोप में कृषि समन्वयक सस्पेंड

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के कटरा प्रखंड के नगवारा पंचायत की कृषि समन्वयक दीपा कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। फसल क्षतिपूर्ति में गड़बड़ी के आरोप में दीपा कुमारी को सस्पेंड किया गया है। डीएम ने कहा कि अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कटरा प्रखंड के नगवारा पंचायत की कृषि समन्वयक दीपा कुमारी ने कृषि इनपुट अनुदान 2024 के क्रियान्वयन में अनियमितता बरतने और अपने कार्य एवं दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन नहीं करने के कारण उन्हें निलंबित किया गया है।

# वैशाली में बच्चा खरीद-बिक्री के आरोप में सात लोग गिरफ्तार, बच्चा नोएडा से बरामद

**केटी न्यूज/वैशाली**

वैशाली जिले के बरांटी थाना क्षेत्र में बच्चा खरीद-बिक्री के मामले में बड़ी कार्रवाई कर पुलिस ने बच्चे के माता-पिता सहित कुल सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तेजी से कार्रवाई की और सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब बरांटी गांव के निवासी घनश्याम कुमार और उसकी पत्नी रीना देवी उर्फ पिंकी देवी ने शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि उनके दो बेटों को राजापाकर थानाक्षेत्र के अहमदपुर बरियारपुर गांव के निवासी विरेंद्र राय ने पैसे के बदले अपहरण कर लिया है। पुलिस को जब इस बात पर संदेह हुआ, तो उन्होंने महिला को थाने में बैठाकर आरोपी के घर छापामारी की। इस दौरान पुलिस ने वीरेंद्र राय को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि रीना देवी ने अपने बेटे को 80 हजार रुपये में वीरेंद्र राय को बेच दिया था।पुलिस ने



आगे की जांच कर नोएडा से बच्चे को बरामद कर लिया। इस सिंडिकेट में शामिल रीना देवी, घनश्याम कुमार, विरेंद्र राय के अलावा संजू देवी, मिंता देवी, सहादन सिंह और विकास राय को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने जानकारी दी कि रीना देवी पहले भी एक बच्चे को एक लाख रुपये में बेच चुकी थी। बरांटी थाना के थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## दस लाख की पिस्टल के साथ मोस्ट वांटेड गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने बिहार के मोस्ट वांटेड शूटर गोविंद को गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान पुलिस ने उसके पास से भारी संख्या में कारतूस और विदेशी पिस्टल बरामद किया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि द्वारका नगर के पास देर रात वाहन जांच के दौरान शातिर शूटर गोविंद और उसका साथी नीतीश कुमार पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ जिले में कई मामले दर्ज हैं, जिसमें पूर्व मेयर समीर कुमार हत्या और चर्चित प्रॉपर्टी डीलर आशुतोष शाही हत्याकांड शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों के पास से 10 लाख के विदेशी पिस्टल बरामद हुआ है।

**राजस्व विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों ने डीएम पर ब्रिटिश शासन जैसी मानसिकता का आरोप लगाया**

# महिला से अभद्रता पर वैशाली में डीएम के खिलाफ राजस्व कर्मचारी व सीओ धरना पर, कामकाज ठप

♦ कर्मचारियों ने अपनी मांगों पर कार्रवाई न होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी

**केटी न्यूज/ वैशाली**

वैशाली जिले में राजस्व विभाग से जुड़े तमाम कर्मचारी और अंचल अधिकारी (सीओ) डीएम के खिलाफ धरने पर बैठ गए हैं। यह विवाद तब गहराया जब डीएम द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान एक महिला कर्मचारी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। डीएम के व्यवहार से आहत राजस्व विभाग के कर्मचारी और अधिकारी सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं और डीएम



कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे जिले में राजस्व से संबंधित सभी कामकाज ठप हो गए हैं। राजस्व विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों ने डीएम पर ब्रिटिश शासन जैसी मानसिकता का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले नवादा जिले में भी डीएम यशपाल मीणा ने इसी तरह की भाषा का उपयोग किया था, जिसके कारण वहां के अधिकारी भी सामूहिक अवकाश या स्थानांतरण की मांग कर चुके थे।

डीएम के व्यवहार से मानसिक रूप से आहत हैं। महिला कर्मचारियों ने भी शिकायत की है कि उन्हें अनावश्यक रूप से देर तक काम पर रोका जा रहा है, जिससे उनके पारिवारिक जीवन में तनाव बढ़ गया है। कई विवाहित महिला कर्मचारियों ने बताया कि उनके पारिवारिक जीवन पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ा है, यहां तक कि कुछ मामलों में तलाक की नौबत आ गई है।

गौरतलब है कि राजस्व कर्मचारियों के धरने से जिले के प्रशासनिक कामकाज पर बड़ा असर पड़ा है, खासकर राजस्व से जुड़े कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, इस धरने की शुरुआत उस समय हुई जब हाजीपुर सदर अंचल के दो कर्मचारियों को डीएम के आदेश पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, हालांकि कुछ घंटों बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। आरोप है कि समीक्षा बैठक के दौरान डीएम ने न केवल महिला कर्मचारियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि बिहारियों के खिलाफ भी अपमानजनक टिप्पणी की।




# जख्मी महिला को इलाज कराने ले जा रही डायल 112 की वाहन पलटी, तीन पुलिसकर्मी जख्मी

- जख्मी महिला ने उल्टी व बेचैनी की हालत में अचानक पकड़ लिया चालक का हाथ
- संतुलन खोने के कारण हो गया हादसा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



सड़क किनारे जख्मी अवस्था में पड़ी एक महिला को इलाज कराने ले जा रही नया भोजपुर ओपी की डायल 112 वाहन अनुमंडलीय अस्पताल से कुछ दूर पहले खुद दुर्घटना का शिकार हो गई। जिसमें तीन पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। जख्मियों एक पुलिसकर्मी को गंभीर चोटें आई है, जिसे अनुमंडलीय अस्पताल से प्राथमिक इलाज के बाद जख्मी महिला के साथ ही हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी महिला चोट की वजह से उल्टी कर रही थी तथा बेचैनी महसूस कर रही थी। इसी दौरान अचानक वह चालक का हाथ जोर से पकड़ ली, जिससे चालक ने संतुलन खो दिया तथा वाहन सड़क किनारे चाट में तीन बार पलटी खा गई।

इस घटना में डायल 112 वाहन के चालक डीडी सिंह, सिपाही छोटेलाल व दिलीप माझी जख्मी हुए है। चालक को कमर में जबकि छोटेलाल के बांह व दिलीप के सर में चोटें आई है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में डुमरांव सर्किल इंस्पेक्टर शशिकांत शर्मा व नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच जख्मी जवानों का हाल चाल लिया।

**पूरी घटना समझिए:** यूपी के बलिया निवासी रमिता देवी नामक एक महिला किसी वाहन के चपेट में आ जख्मी हो गई थी। जिसे किसी ऑटो चालक ने नया भोजपुर चौक के पास एक दवा दुकान पर उसे उतार दिया था। महिला को गंभीर चोटें आई थी तथा वह कराह रही थी। स्थानीय लोगों ने डायल 112 पर इसकी सूचना दी। तुरंत डायल 112 वाहन जिसका नंबर 01 एपपी 0835 था, महिला को लेकर बड़का ढकाईच से अनुमंडल कार्यालय जाने वाले रास्ते से लेकर चली। जैसे ही वाहन अकालुपुर गांव के समीप पहुंचा कि जख्मी महिला की हालत बिगड़ने लगी तथा वह वाहन में ही उल्टी करने लगी तथा बेचैनी महसूस करने लगी। इसी दौरान बेचैनी के हालत में उसने चालक का हाथ जोर से पकड़ लिया, जिससे चालक ने स्टेयरिंग से नियंत्रण खो दिया और वाहन सड़क किनारे चाट में जा पलटी। जख्मी जवानों तथा महिला का इलाज करने वाले अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ. बिरेन्द्र राम ने बताया कि सभी जख्मी खतरे से बाहर है। उन्होंने बताया कि जख्मी महिला तथा एक जवान को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

## प्रचार वाहन की चपेट में आकर किशोरी जख्मी, रेफर

**डुमरांव।** शनिवार की शाम कोरानसराय बाजार से गुजर रहे एक तेज रफ्तार प्रचार वाहन की चपेट में आने से एक किशोरी जख्मी हो गई। जिसे डायल 112 की टीम ने इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर कर दिया गया। इधर ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने उक्त प्रचार वाहन को जब्त कर लिया है। किशोरी की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के बसंगितिया निवासी तथा शाहाबाद दुग्ध उत्पाद सहयोग समिति के पूर्व चेयरमैन विनोद सिंह के छोटे भाई सुरेन्द्र सिंह की 17 वर्षीय पुत्री रुची कुमारी के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार रुची शनिवार की शाम अपने पिता के साथ किसी काम से कोरानसराय बाजार आई थी। इसी दौरान पिकअप पर बनाए गए कोईरी आक्रोश महारैला का प्रचार वाहन काफी तेजी से बाजार से गुजर रहा था, जिसके चपेट में आने से किशोरी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना के बाद प्रचार वाहन के आगे आगे चल रहे कोईरी समाज स्वागत समिति के कद्दावर नेताओं ने अपने वाहन को रूकवा तत्काल किशोरी का हाल चाल लिया तथा उसे अस्पताल भिजवाया। वहीं इस संबंध में किशोरी के पिता सुरेन्द्र ने बताया कि उसके सर में गंभीर चोटें आई है तथा सीटी स्कैन कराने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल के

## खबरें फटाफट

### रेलवे ट्रैक पर मिला 25 वर्षीय युवती का शव, गले पर थे जख्म के निशान,

**डुमरांव।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के पूर्वी रेलवे क्रासिंग से करीब 200 मीटर पूरब डाउन मेन लाईन से एक युवती का शव बरामद हुआ है। घटना शुक्रवार की देर रात की है। शव देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि गला घोंट हत्या के बाद इसे आत्महत्या साबित करने की नियत से शव को टैक्क पर रखा गया था। मृतका के गले पर निशान भी मिले है। इसकी जानकारी मिलते ही कुछ देर तक स्थानीय पुलिस व जीआरपी के बीच एक दूसरे का मामला बताया जा रहा था। बाद में जीआरपी ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा पहचान के लिए सुरक्षित रख लिया है। मृतका की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है। वह लाल रंग की साड़ी पहनी थी तथा वह पूरी तरह से दुल्हन की तरह श्रृंगार व आभूषण पहने थी। टैक्क पर शव औंधे मुंह लिटाया गया था। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात अप मगध एक्सप्रेस के लोको पायलट ने उसे देखा, लोको पायलट को लगा कि कोई महिला आत्महत्या की नियत से ट्रैक पर लेटी है। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना डुमरांव स्टेशन मास्टर अविनाश कुमार को दी। उन्होंने डाउन लाइन वाराणसी पटना मेमू के चालक को इसकी जानकारी दी। वे कुछ दूर पहले गाड़ी रोक जब रेल यात्रियों के साथ वहां पहुंचे तो ज्ञात हुआ कि महिला की पहले ही मौत हो चुकी है। इस संबंध में रेल थानाध्यक्ष बिजेन्द्र कुमार ने बताया कि इस मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है।

## राहगीर ने वीडियो बना किया वायरल, सीसीटीवी में भी कैद हुआ वसूली का खेल

# खुलासा... बक्सर में डीटीओ के वाहन से हो रही थी वसूली, वीडियो वायरल





- डीएम ने दिए जांच के आदेश, प्रशासन में मचा हड़कंप
- राष्ट्रीय राजमार्ग-922 पर अहिरौली मोड़ के पास ट्रक रुकवाकर वसूली का आरोप

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के अहिरौली मोड़ के पास एनएच 922 पर एक वायरल वीडियो ने जिला प्रशासन में हड़कंप मचा दिया है। खास यह कि जब उक्त वीडियो की जांच के लिए आस पास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया तो उसमें भी यह घटना दिखाई पड़ी। वायरल वीडियो में जिला परिवहन पदाधिकारी लपेटे में आ गए है। वीडियो में दिखाई पड़ रहा है कि डीटीओ वाहन ट्रकों को रूकवा अवैध वसूली कर रहा है। इसकी जानकारी मिलते ही डीएम अंशुल अग्रवाल ने इसके जांच के आदेश दिए है और कहा है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि पिछले महीने ही ठोरा पुल के पास अवैध वसूली का वीडियो वायरल होने के बाद नगर थाने में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर जूही कुमारी समेत पूरी पेट्रोलिंग पार्टी को एसपी ने सस्पेंड कर दिया था। अभी इस घटना की गूंज कम भी नहीं हुई थी कि एक बार फिर से प्रशासन पर दाग लगे है। इस बार परिवहन विभाग के सर्वोच्च पदाधिकारी की गाड़ी से ट्रकों को रुकवाने और उसमें मौजूद सुरक्षाकर्मियों के द्वारा ट्रकों से वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। इसका एक वीडियो तेजी से इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसको लेकर प्रशासनिक पदाधिकारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

वायरल वीडियो 22 अक्टूबर की रात तकरीबन 8 बजे एनएच 922 पर अहिरौली मोड़ के समीप का है। जिसमें दिखाई पड़ रहा है कि उत्तर प्रदेश से बिहार की सीमा में प्रवेश कर पटना की तरफ जा रही एक ट्रक को डीटीओ की गाड़ी से पीछा कर रोका गया वाहन से बाहर निकल एक पुलिसकर्मी ने ट्रक चालक से पैसे प्राप्त किए। इसी बीच किसी राहगीर ने इसका वीडियो बना लिया जिसे बाद में इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन द्वारा इसकी पुष्टि के लिए आस पास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया तो उस समय यह खेल सीसीटीवी के कैमरे में भी दिखाई पड़ा। जिससे यह साफ हो गया कि घटना के वक्त वहां डीटीओ के वाहन के साथ खुद डीटीओ भी मौजूद थे, हालांकि केटी न्यूज इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है, लेकिन डीएम के तेवर तथा जांच के आदेश के बाद मामला गंभीर हो गया है और यह साफ भी हो गया है कि डीटीओ वाहन से अवैध वसूली के प्रमाण पुख्ता है।

### बसपा के प्रदेश प्रभारी ने वसूली का लगाया आरोप

इस मामले में बसपा के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार चौधरी का कहना है कि परिवहन नियमों की अवहेलना का आरोप लगा कर वाहनों की जांच के दौरान उनसे जमकर वसूली की जाती है, इसके कारण गोलंबर पर जाम की समस्या भी अक्सर सामने आती है। हाल ही में उत्तर प्रदेश में वसूली के रैकेट में थानाध्यक्ष व कई पुलिसकर्मियों की संलिप्तता सामने आई थी। बिहार के अधिकारी भी इसमें शामिल हैं।

**बक्सर के व्यवसायियों ने भी लगाए थे आरोप:** ऐसा नहीं कि परिवहन विभाग पर अवैध वसूली का यह पहला मामला सामने आया है। कुछ दिन पूर्व बक्सर के कुछ व्यवसायियों ने आरोप लगाया था कि जब सामान से लदा उनका वाहन यूपी व पटना से बक्सर आता है तो टोल प्लाजा या वीर कुंवर सिंह सेतु के पास परिवहन विभाग के कुछ कर्मियों द्वारा अवैध वसूली की जाती है। व्यवसायियों ने इसके साक्ष्य सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी को देकर न्याय की गुहार लगाई थी। उन्होंने दोषी कर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन भी व्यवसायियों को दिये थे, लेकिन इसी बीच डीटीओ के वाहन से अवैध वसूली का वीडियो भी वायरल हो गया। जो व्यवसायियों द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि करता है।

### प्रशासन की किरकिरी

वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन की किरकिरी हो रही है। लोगों का कहना है कि परिवहन विभाग परिवहन नियमों का पालन कराने के बजाय सिर्फ वसूली पर ध्यान दे रहा है। लोगों का कहना है कि दोषी पाए जाने पर ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारियों या कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### कहते हैं जिलाधिकारी

मामला संज्ञान में आया है, यह काफी गंभीर मामला है। इसकी जांच कराई जा रही है। जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-अंशुल अग्रवाल, जिलाधिकारी, बक्सर**

## एक नजर

### सीमा विवाद में 24 घंटे तक ट्रैक पर पड़ा रहा शव, बाद में मुफस्सिल पुलिस ने हटाया

**चौसा।** एक बार फिर पुलिस की मानवीयता की साख पर बट्टा लग गया। जहा पुलिस ने मानवता को दरकिनार करते हुए शव को 24 घण्टे ट्रैक के बगल में छोड़े रखा। देर शाम उस शव को मुफस्सिल पुलिस ने कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हालांकि, उसकी पहचान नही हो पाई है। इससे पहले रेल पुलिस व स्थानीय पुलिस क्षेत्राधिकार को लेकर अपना-अपना पल्ला झाड़ रही थी। मुफस्सिल पुलिस का कहना है कि उन्हें शुक्रवार की शाम टैक्क पर शव होने की सूचना मिली, इसके बाद रेल प्रशासन से पूछताछ के एक दो घटे बाद शव को हटवा दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मामला गुरुवार की देर शाम चौसा स्टेशन के पश्चिमी गुमटी व कर्मनाशा के बीच नवनिर्मित रेल कॉरिडोर के समीप पोल संख्या 674/13 के पास एक अज्ञात 60 वर्षीय वृद्ध का शव देखा गया। इसकी सूचना ट्रैक में कार्य करने वाले ट्रैकमैन द्वारा शुक्रवार की सुबह रेल पुलिस को दी गई। इसकी जानकारी के बाद शव पड़ा रहा। इधर, जीआरपी से पूछने पर बताया जाता है उक्त शव मेरे क्षेत्राधिकार के बाहर होने के चलते शव उठाने नही गए तथा इसकी सूचना मुफस्सिल पुलिस को दे दी गई थी। जबकि, मुफस्सिल पुलिस ने बताया उक्त शव रेलवे ट्रैक के पास है फिर भी जीआरपी द्वारा परेशान किया जाता है। अंततः मुफस्सिल थाना की पुलिस द्वारा ट्रैक के पास पड़े शव को अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उसने बताया कि वृद्ध की पहचान नहीं हो पाई है। वृद्ध ब्लू चेक में लूंगी पहने हुआ है। पैर में प्लास्टिक का काले रंग चप्पल है। जिसकी उम्र 60 के आसपास है। बताया जाता है उक्त वृद्ध की किसी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है।

### आर्थिक हल युवाओं को बल तथा स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से रूबरू हुए छात्र



**बक्सर।** स्थानीय प्रखंड के +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय हेठुआ के परिसर में शनिवार को छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत आर्थिक हल युवाओं को बल के अंतर्गत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान छात्रों को योजना का लाभ के लिए योग्यता तथा जरूरी प्रमाण पत्रों के अलावे शर्त पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। जिला निबंधन परामर्श केंद्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को बताया गया कि मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत छात्रों को पढ़ाई में सहूलियत तथा उन्हें हुनरमंद बनाने के लिए, सरकार कई योजनाएं चला रही है। इस दौरान सरकार के महत्वपूर्ण आर्थिक हल युवाओं को बल, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम के बारें में उन्हें विस्तार से जानकारी दी गई और बताया कि गया सरकार युवाओं को पढ़ाई के लिए जहां स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बहुत कम ब्याज पर पैसे दे रही है तो दूसरी तरफ उन्हें रोजगार देने के लिए कुशल युवा कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें मुफ्त में प्रशिक्षण दे हुनरमंद बना रही है। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी पा छात्र-छात्राएं काफी खुश नजर आ रहे थे। उक्त शिविर में जिला निबंधन परामर्श केंद्र बक्सर के मनोहर कुमार प्रेयांशु, सहायक प्रबंधक बक्सर सूरज कुमार, सिंगल विंडो ऑपरेटर सन्नी कुमार, समेत सैकड़ो छात्र-छात्राएं, शिक्षक तथा कई अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### आज बनारसी कलाकारों के वायलिन, हारमोनियम व तबला की धुनों पर झूमेंगे श्रोता

**बक्सर।** शहर के मॉडल थाना के समीप गोयल धर्मशाला में रविवार की शाम शास्त्रीय संगीत व गायन का आयोजन किया गया है। नाद अर्चना मासिक संगीत बैठक कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में है। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक अभिनव कुमार ने बताया कि नए पीढ़ी को शास्त्रीय संगीत से अवगत कराने व लोक गायन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नाद अर्चना कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बनारस से वायलिन के लिए हेमंत कुमार, सुगम गायन के लिए राघवेंद्र शर्मा तथा प्रसिद्ध तबला वादक पीयूष कुमार आ रहे हैं, साथ ही दिल्ली से शास्त्रीय गायन के लिए दीपांशु तिवारी अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रोहतास गोयल, समाजसेवी सिकन्दर सिंह, निकेश पान्डेय, दिवाकर तिवारी, चंद्रकांत, गुलशन व सुजीत कुमार सहित समाज के प्रबुद्ध जनों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। आयोजन समिति की यह कोशिश है कि जिले में प्रत्येक माह शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन होता रहे।

## सिमरी थाना के हाजत में शराबी ने बेल्ट के सहारे लगाई फांसी, मौत

**केटी न्यूज/सिमरी**

शराब पीने के आरोप में हिरासत में लिए गए एक शराबी ने सिमरी थाने के हाजत में बेल्ट का फंदा बना फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना शनिवार की शाम साढ़े पांच बजे की है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी तत्काल सिमरी पहुंच पूरे मामले की जांच में जुट गए। वहीं पुलिस की माने तो एहतियात के तौर पर कई थानों की पुलिस को भी सिमरी बुलाया गया है।

मृतक की पहचान धनहा गांव निवासी नंद बिहारी खरवार के 35 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार खरवार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वह शनिवार को शराब पीकर अपने पिता तथा अन्य परिजनों से विवाद कर रहा था। आजीज आ उसके पिता ने ही सिमरी पुलिस को फोन कर उसके शराब पीने की जानकारी दी थी। जिसके बाद सिमरी पुलिस उसे हिरासत में ले थाना लाई तथा हाजत में बंद कर दिया।

हाजत में बंद करने के दौरान पुलिस ने उसका बेल्ट नहीं खोला था, थोड़ी देर बाद ही उसने बेल्ट को ही फंदा बना हाजत में ही फांसी लगा लिया। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस तत्काल उसे लेकर इलाज के लिए अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इसकी जानकारी उसके परिजनों को दे दी है। गौरतलब हो कि दो वर्ष पूर्व कोरानसराय थाना में भी मुगांव निवासी वृद्ध यमुना सिंह ने हाजत में अपने धोती से फांसी लगा आत्महत्या कर लिया था। इस घटना के बाद यमुना सिंह के आत्महत्या की यादें भी ताजी हो गई है। इसकी पुष्टि करते हुए सिमरी थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि उसे शराब पीने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। उसने बेल्ट से फांसी लगा आत्महत्या कर लिया है।

## राजपुर में मछुआरों के जाल में फंसा नवविवाहिता का शव, मचा हड़कंप

**केटी न्यूज/राजपुर**



शनिवार की सुबह राजपुर थाना क्षेत्र के रामपुर नहर में सगरांव फाटक के पास मछुआरों द्वारा लगाए गए जाल में एक नवविवाहिता का शव फंसा मिला। इसकी जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में ले पहचान का प्रयास शुरू किया। थोड़ी देर बाद ही उसे खोजते उसके परिजन भी आ गए, जिसके बाद मृतका की शिनाख्त हो सकी। शिनाख्त के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया।

मृतका की पहचान रोहतास जिले के काराकाट गोड़ारी थाना क्षेत्र के बिरैनी गांव निवासी 21 वर्षीय पूजा कुमारी के रूप में की गई है। उसके भाई पप्पू कुमार ने शव की शिनाख्त किया तथा बताया कि छह माह पूर्व उसकी शादी हुई थी। ससुराल में मानसिक प्रताड़ना के कारण वह डिप्रेशन का शिकार हो गई थी। दो दिन पहले अपनी बड़ी बहन तथा जीजा के साथ इलाज के लिए ससुराल से मायके आ रही थी। इसी दौरान गोड़ारी नहर के पास गाड़ी का पेट्रोल समाप्त हो गया था, तब जीजा मेरी दोनों बहनों को छोड़ पेट्रोल लाने चले गए थे। इसी दौरान पूजा अचानक नहर में छलांग लगा दी। स्थानीय गोताखोरों ने काफी तलाश की लेकिन, उसका कुछ पता नहीं चल सका था। दूसरी तरफ लोगों का कहना था कि शुक्रवार की दोपहर उक्त शव को धनसोई थाना क्षेत्र में भी नहर के पानी में उपलाया देखा गया था, लेकिन किसी ने इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी। शनिवार की सुबह राजपुर थाना क्षेत्र के सगरांव फाटक के पास मछुआरों द्वारा लगाए जाल में उसका शव फंस गया।

राजपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि शिकायत दर्ज कराए जाने पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

## गायत्री शक्तिपीठ ने बक्सर में आयोजित किया युवा उत्कर्ष कार्यक्रम, सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए युवा

# बक्सर में महर्षि विश्वामित्र ने की थी गायत्री मंत्र की साधना: मनीष

**केटी न्यूज/बक्सर**




गायत्री शक्तिपीठ, बक्सर के द्वारा युवा उत्कर्ष ( यूथ एक्सपो )का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य राष्ट्र के सांस्कृतिक उत्थान के साथ नैतिक, बौद्धिक और सामाजिक क्रांति द्वारा भारत को पुनः चक्रवर्ती और जगतगुरु राष्ट्र बनाने का संकल्पबद्ध अभियान प्रारंभ किया गया।

यह महापरिवर्तनकारी अभियान युवा शक्ति के बिना असंभव है। स्वस्थ, शालीन, परिश्रमी, स्वावलंबी और श्रेष्ठ युवा ही देश की रीढ़ और ऊर्जामय कड़ी मानी जाती है, जो भारत को पुनः अपने गौरवशाली रूप में विश्व मंच पर स्थापित कर सकता है। आज देश की तरुणाई ही भारत का स्वर्णिम इतिहास गढ़ सकता है। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न इलाकों से हजारों युवा ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देश के प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर, लाखों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और मार्गदर्शक बिहार के हेड पीवाईपी मनीष कुमार मौजूद थे। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बक्सर की धरती क्रांतिकारी और तपस्वी की धरती है। जहां पर विश्वामित्र ने गायत्री मंत्र की साधना की, यहां की मिट्टी असाधारण है।

उन्होंने कहा कि सफलता और असफलता का बीच का अंतर परिश्रम और मेहनत का है। प्रत्येक मनुष्य अपने भाग्य का निमार्ता स्वयं है। जो जैसा सोचता है, जैसा करता है वैसा बन जाता है। जो व्यक्ति जितना कठिन परिश्रम करता है, वह उतना ही सफल जीवन में होता है और मनुष्य परिश्रम तभी कर सकता है जब उसका मन और मस्तिष्क में ऊर्जा हो।

उन्होंने कहा कि अध्यात्म से बड़ा कोई विज्ञान नहीं है। अध्यात्म व्यक्ति के अंदर शक्ति जागृत करता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान को अपनाने का सही समय युवा अवस्था ही होता है और छात्र जीवन में युवाओं को खासकर आध्यात्मिक शक्ति की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है। युवाओं को अपने अंदर के अंधकार को दूर करके अंदर ही ज्योति जलानी होगी। प्रत्येक युवा को अपना दीपक स्वयं बनाना चाहिए है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने आंतरिक प्रसुप्त शक्तियों को जगाने के लिए नियमित ध्यान और गायत्री मंत्र करना चाहिए, इससे मनुष्य के अंदर सकारात्मक ऊर्जा और सकारात्मक विचार की हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते है, जो व्यक्ति नियमित गायत्री मंत्र और सूर्य का ध्यान करता है उसका मस्तिष्कीय क्षमता का विकास होता है। इसके साथ मेमोरी पॉवर, आईक्यू, ईक्यू लेवल बढ़ता है। गायत्री मंत्र युवाओं को स्मार्ट बनाने का मंत्र है, जिससे युवाओं को सद्बुद्धि और सन्मार्ग मिलता है। कार्यक्रम में हजारों युवाओं ने भाग लिया और नियमित रूप से गायत्री मंत्र की साधना और सूर्य का ध्यान का करने का संकल्प लिया।



## डुमरांव प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन, डीएम ने त्वरित कार्रवाई का दिया निर्देश

# 58 फरियादियों ने डीएम से की शिकायत छह का तत्काल किया गया निष्पादन

♦ सहायक अभियंता विद्युत अवर प्रमंडल को जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर लक्ष्य के विरूद्ध शत प्रतिशत स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का दिया गया निर्देश





**केटी न्यूज/डुमरांव**

शनिवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने स्थानीय प्रखंड कार्यालय पर जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में सुनवाई के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा हरेश्वर राय एवं गफ्फार मियां को उनके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कान की मशीन उपलब्ध कराई गई। सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने एवं न्याय के साथ विकास के उद्देश्य से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को जिला पदाधिकारी बक्सर, अंशुल अग्रवाल के द्वारा प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय डुमरांव में जनता दरबार का आयोजन किया गया।

जनता दरबार में सुनवाई के दौरान कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदन पर संज्ञान लेते हुए कुल 06 आवेदन को जनता दरबार में तत्काल निष्पादन किया गया। जिला पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी लोगों की समस्या को एक-एक कर सुना गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया। आवेदक अंकित कुमार दुबे के द्वारा बताया गया कि जांच कमेटी गठन करके शिक्षक धनंजय कुमार ग्राम पंचायत कंझरुआ, प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय निरंजनपुर के असंवैधानिक कार्य करने के विरुद्ध कार्रवाई करने के संबंध में आवेदन समर्पित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, डुमरांव को उक्त विद्यालय का औचक निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया।

आवेदक विकास उपाध्याय के द्वारा परिमार्जन पर सुनवाई हेतु जनता दरबार में आवेदन दिया गया। आवेदक के द्वारा बताया गया कि बहुत बार कर्मचारी को फोन किया लेकिन कर्मचारी फोन का जवाब नहीं दे रहे हैं। आवेदन पर संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी डुमरांव को शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

आवेदक बिश्नी पासवान, ग्राम महरौरा के द्वारा बताया गया कि वे दिव्यांग हैं, रहने लायक मकान नहीं है। जाड़ा, गर्मी एवं बरसात में मेरे ऊपर दुख का पहाड़ ही टूट पड़ता है बरसात के समय मेरे झोपड़ी से अपनी चारों तरफ टपकता रहता है। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी डुमरांव को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभ देने हेतु नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

भोजपुर के आवेदक मो. लाल कुरैशी ने आवेदन दे फरियाद किया कि भूमि सुधार उप समाहर्ता डुमरांव के न्यायालय में अपील दाखिल किया गया था। जिसमें पूर्ण सुनवाई के उपरांत अपील स्वीकृत करते हुए निम्न न्यायालय का आदेश को विखंडित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी डुमरांव को न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। आवेदिका गीता देवी, ग्राम रोहिया द्वारा बताया गया कि उनकी भूमि पर कुछ लोग अतिक्रमण किए हुए हैं। उक्त जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया जाए। जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी डुमरांव एवं थानाध्यक्ष कृष्णाब्रह्म को थाना दिवस पर उक्त वाद की सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। आवेदक इंद्रजीत राम पिता स्वर्गीय देव मुनीराम ग्राम लालगंज के द्वारा अवैध अतिक्रमण के संबंध में आवेदन समर्पित किया गया। समर्पित आवेदन के संबंध में अंचल अधिकारी डुमरांव एवं थानाध्यक्ष डुमरांव को आवश्यक नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

जनता दरबार कार्यक्रम में मुखिया, वार्ड सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा जिला पदाधिकारी को स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा त्वरित कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी डुमरांव को ग्राम पंचायत सोवां में दिनांक 30.12.2024 तक पंचायत सरकार भवन निर्माण करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा को दिनांक 20.12.2024 तक ग्राम पंचायत सोवां के रेहिया में तालाब का सौंदर्यकरण करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को ग्राम पंचायत अटांव, चिलहरी एवं कुशलपुर में दिनांक 30.11.2024 तक ओपन जिम पार्क निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सहायक अभियंता विद्युत अवर प्रमंडल डुमरांव को माननीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर लक्ष्य के विरूद्ध शत प्रतिशत स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का निर्देश दिया गया। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, डुमरांव को नल जल की योजनाओं में पूरक कार्य योजना बनाकर विद्युत विपत्र एवं अनुरक्षक के मानदेय का भुगतान कराने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, डुमरांव को जनता दरबार में प्राप्त कुल 58 आवेदनों को प्रखंड कार्यालय के सूचना पटट पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बताया गया कि सभी आवेदक 07 दिनों के पश्चात अपने आवेदन पर प्रगति के संबंध में प्रखंड कार्यालय से सूचना प्राप्त कर सकते हैं। जनता दरबार में अपर समाहर्ता बक्सर, अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव, सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सुर्खियों में रहा निवर्तमान प्रखंड प्रमुख पति के खिलाफ शिकायत

डीएम अंशुल अग्रवाल के जनता दरबार में स्थानीय प्रखंड के निवर्तमान प्रखंड प्रमुख अनुपा देवी के शिक्षक पति धनंजय पासवान का मामला सुर्खियों में रहा। कोरान सराय के अमित दुबे ने उनके खिलाफ लिखित आवेदन देकर पूछा गया कि धनंजय पासवान शिक्षक होते हुए कैसे विद्यालय छोड़ प्रखंड प्रमुख की कुर्सी का असंवैधानिक उपयोग कर रहे हैं। शिकायत गंभीर तथा प्रमाण साथ में था। डीएम ने प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडेय से इस बारे में पूछताछ की। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिकायत को सत्य बताया। डीएम ने आरोप की पुष्टि होने के बाद लगे हाथ मामले का जांच का निर्देश प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को देकर एक सप्ताह में जांच प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया है। यह मामला जनता दरबार में सुर्खियों में रहा। वजह यह भी कि आवेदक अमित दुबे ने डीएम को यह भी बताया कि इसी वर्ष फरवरी माह में पूर्व प्रखंड प्रमुख सविता देवी द्वारा इस संबंध में आवेदन दिया गया है। बावजूद इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। डीएम ने शिकायत को गंभीरता से लिया है। ऐसे में निवर्तमान प्रखंड प्रमुख अनुपा देवी के शिक्षक पति धनंजय पासवान की मुश्किलें इस जांच के बाद बढ़ने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है।

## एक नजर

### रामपुर में बैगलेस डे कार्यक्रम का आयोजन, छात्राओं ने छठ पूजा का किया ट्रायल

**केसठ।** प्रखंड रामपुर स्थित मध्य विद्यालय के परिसर में शनिवार को छात्र-छात्राओं ने बैगलेस डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार ने किया। वहीं संचालन शिक्षक प्रमोद कुमार चौबे की। छात्राओं ने छठ पूजा का ट्रायल किया। इस दौरान छात्राओं ने छठ पूजा पर किए जाने वाले सभी विधि विधान को नियम पूर्वक किया। जिसका जमकर लोगों ने सराहना की। शिक्षकों ने बताया कि छठ पर्व को सूर्य शक्ति का पर्व भी कहा जाता है।यह पर्व पवित्रता का पर्व है। इस दौरान उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पुजा अर्चना की जाती है। इस पर्व में भगवान भास्कर की पूजा अर्चना की जाती है। छात्राओं ने छठ गीत गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर हरेंद्र कुमार सिंह,जितेंद्र कुमार, बृज बिहारी सिंह, नदीम अहमद, नीतेश कुमार , ममता कुमारी, मीना कुमारी सुनीता कुमारी समेत अन्य शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### दीनदयाल योजना के तहत हुई अभिभावक बैठक



**केसठ।** केसठ स्थित जीविका कार्यालय में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षु युवाओं के अभिभावकों की शनिवार को बैठक आयोजित हुई। शुभारंभ डीपीएम चंदन कुमार सुमन, प्रखंड परियोजना प्रबंधक धर्मवीर कुमार गुप्ता, रोजगार प्रबंधक सोनू कुमार सिंह, एबीसीबी मैनेजर संजय कुमार, रोहित कुमार आदि ने किया। बैठक में जीविका के माध्यम से बाहर काम कर रहे युवा युवतियों के अभिभावकों ने भाग लिया। अभिभावकों को जीविका कर्मियों द्वारा शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया बीपीएम ने बताया कि जीविका द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्रों से प्रशिक्षित युवा जो रोजगार प्राप्त चुके हैं और जो प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनसभी युवाओं के अविभावकों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होंने जीविका द्वारा चलाए जा रहे कौशल परख प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि जीविका द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत जीविका समूहों व बीपीएल से जुड़े परिवार के युवाओं को पूर्णतरू निरू शुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था एवं नियोजन की सुविधा दी जाती है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को नियोजन से जोड़ा जा सके । बताया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अन्तर्गत युवा को रोजगार परख प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत अबतक सैकड़ों युवाओं को सफलता पूर्वक प्रशिक्षण दे उन्हें रोजगार से जोड़ने की का काम किया जा रहा है।इस मौके पर जावेद,सोनू ,बलिराम आदि मौजूद थे।

# डीएम ने दिव्यांगजनों के बीच सहाय उपकरण किया वितरित



**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय प्रखंड कार्यायल में लगे जनता दरबार में डीएम अंशुल अग्रवाल ने लोगों की शिकायत सुन उसके निदान के लिए संबंधित अधिकारी को आदेशित किया। फिर वहा से निकल उन्होंने बुनियाद केन्द्र में जाकर सबल योजना अंतर्गत 17 दिव्यांगजनों को सहाय उपकरण वितरित किया। सहाय उपकरण पाकर दिव्यांगों में काफी खुशी थी। फिर उन्होंने बुनियाद केन्द्र के अधिकारियों को नसीहत दिया की सरकार की तरफ से जो भी दिव्यांगों को सहायता देने के लिए योजना बनाया है, उसका लाभ जरूरतमंद को मिल सके इस पर आप सभी को काम करना है।

उन्होंने दिव्यांगों के बीच आठ ट्राई साइकिल, पांच व्हील चेयर, दो वैशाखी, दो सेंसर स्टिक का वितरण किया गया। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी पात्र वृद्ध,विधवा, दिव्यांगजनों को अधिक से अधिक संख्या में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से आच्छादित करें। फिर सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग बक्सर द्वारा बताया गया कि बक्सर जिला के सभी प्रखंडों में न्क्प्क कार्ड हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि शिविर का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं से आच्छादित करना सुनिश्चित करें। बुनियाद केन्द्र में जाने वाले रास्ते में पीएचसी का गैरेज मौजूद था, जिसका उपयोग नहीं हो रहा था। उसे हटाने की खबर को कईबार केशव टाइम्स ने प्रकाशित किया था। डीएम ने पत्रकारों की तरफ मुखातिब होते हुए कहा कि अब दिव्यागजनों की परेशानी दूर हो गई है।

# डीएम के निरीक्षण में गायब मिले बीडीओ, सीओ समेत केसठ के अंचल और प्रखंडकर्मी

♦ कर्मियों की लापरवाही पर सख्त दिखे जिलाधिकारी, पूछा शो-कॉज, कटा वेतन



**केटी न्यूज/केसठ**

डीएम अंशुल अग्रवाल ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, पशु चिकित्सा अस्पताल और पीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केसठ बीडीओ, सीओ समेत सभी अंचल कर्मी, प्रखंड कर्मी सहित अन्य कार्यालयों के कर्मी अनुपस्थित पाए गए। जिसे देख डीएम भड़क गए। डीएम करीब 10.10 बजे कार्यालयों का निरीक्षण करने पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने पाया कि प्रखंड कार्यालय में केवल चपरासी, अंचल कार्यालय में अंचल गार्ड, पशु अस्पताल में एक कर्मी और पीएचसी में डॉक्टर और कर्मी मौजूद थे, लेकिन कुछ अनुपस्थित थे। अनुपस्थित पाए गए सभी छह कर्मियों से उन्होंने स्पष्टीकरण का निर्देश जिला चिकित्सा पदाधिकारी को दिया। वही प्रखंड कार्यालय यहां तक कि सीओ और बीडीओ भी गायब मिले। हालांकि बीडीओ ने दूरभाष पर बीमार होने की बात बताई। वही सीओ ने साप्ताहिक कैंप में होने की बात बताई। अनुपस्थित पदाधिकारी और कर्मी से अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण करने एवं शनिवार के वेतन कटौती का निर्देश दिया।

इसी कड़ी में प्रखंड परिसर स्थित अनुसूचित जाति मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सभी वर्गों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 60 प्रतिशत से भी कम पाई गई। विद्यालय में कुल 538 नामांकन के विरुद्ध 288 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पाई गई। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया।उन्होंने प्रधानाध्यापक एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया।साथ ही जिलाधिकारी द्वारा सभी बच्चों को सभी छात्र-छात्राओं को पोशाक में उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यालय परिसर में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया।इसी कड़ी में उर्दू मध्य विद्यालय केसठ का निरीक्षण उन्होंने किया पाया कि वर्ग 03 को छोड़कर सभी वर्गों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 40 प्रतिशत से भी कम पाई गई। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए प्रधानाध्याप से स्पष्टीकरण का निर्देश दिया। अचानक हुए इस निरीक्षण से कर्मियों में हड़कंप मच गया था। वही आस पास के विद्यालयों के शिक्षक अपने अपने कार्य में लग गए। निरीक्षण के दौरान कुछ युवाओं ने डीएम से अंचल कार्यालय का शिकायत किया।

# सीएचसी के निर्माण कार्य का प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने किया निरीक्षण, मिली खामियां

**केटी न्यूज/केसठ**



प्रखंड मुख्यालय स्थिति पुराने पीएचसी भवन के समीम सीएचसी भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसका शनिवार को पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान कई खामियां मिली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौजूद कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में मजदूरों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम की जाए तथा इसका पूरा ख्याल रखें। बताते चले कि विगत वर्ष पहले पीएचसी भवन को तोड़ सीएचसी में बदलने का कार्य चल रहा था। कुछ महीने पहले ही पीएचसी को तोड़ कार्य शुरू किया गया। बताते चले कि सीएचसी भवन का निर्माण जी प्लश 3 बन रहा है। जिसमें कुल 30 बेड रहेंगे। वही मरीजों के लिए लिफ्ट की व्यवस्था रहेगा। जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि निर्माण में लगे सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया कि गुणवत्तापूर्ण ओर मानक को ध्यान में रखते हुए कार्य करना है। मौके पर राजेश,अप्पू सहित अन्य मौजूद थे।

## न्यायाधीश ने महारानी उषारानी प्लस टू उच्च विद्यालय में मिथिला पेंटिंग बनाने वाली छात्रों को किया सम्मानित

# व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण है कला संस्कृति: न्यायाधीश

**केटी न्यूज/डुमरांव**



महारानी उषा रानी बालिका उच्च विद्यालय में अवर न्यायाधीश सह सचिव नेहा दयाल द्वारा मिथिला पेंटिंग में विजेता पांच छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। यह कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष आनन्द नन्दन सिंह के मार्गदर्शन में पैनल अधिवक्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं पीएलवी अनिशा भारती द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सचिन्द्र तिवारी एवं मंच संचालन मनोज कुमार श्रीवास्तव ने किया। मौके पर डालसाकर्मी सुमित कुमार, प्राचार्य पुष्पा कुमारी, पूर्व प्राचार्य तेज नारायण पांडेय, सुनील कुमार, विशाल जायसवाल के अलावे अन्य लोग भी मौजूद रहे। विजेता छात्राओं में प्रथम अंजनी कुमारी, द्वितीय रंजनी कुमारी, तृतीय खुशी, चतुर्थ नेहा कुमारी और पांचवे स्थान पर राधा कुमारी रही।

अवर न्यायाधीश सह सचिव नेहा दयाल ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि कानून आप सबके लिए है। आप सभी को अपने हक, अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई कर जीवन पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की जानकारी आप लोग लोक अदालत में ले सकती हैं। वही उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में कला संस्कृति का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि मिथिला पेंटिंग विश्व की सबसे प्रसिद्ध व प्राचीन पेंटिंग में एक है, डुमरांव की छात्राओं का इसका बखूबी ज्ञान है। उन्होंने छात्राओं के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें अपने जीवन में और बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए। वही उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई के साथ पेंटिंग कला में दक्ष बनाने के लिए शिक्षकों की तारीफ भी की और कहा कि यहां की छात्राओं में अपरा प्रतिभा है। न्यायाधीश के इस अल्फांज के बाद छात्राओं में जोश खरोश देखा गया। सभी ने कहा कि आज न्यायाधीश से बहुत कुछ सीखने का मौका मिला।



# असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजरः थानाध्यक्ष

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**



स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को देर शाम सीओ रजत कुमार वर्णवाल की अध्यक्षता में दीपावली व छठ महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक दौरान सीओ श्री वर्णवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रखंड में शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में आगामी दीपावली व छठ महापर्व को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां की जा रही हैं। स्थानीय प्रशासन द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर एहतिहातन सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने आगामी पर्व के दौरान शांति व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनाये रखने के लिए सभी उपस्थित सदस्यों से महत्वपूर्ण सुझाव मांगा। सीओ ने पूजा समिति, शांति समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि छठ घाट पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, साफ-सफाई,गोताखोर की उपलब्धता, पुलिस बल का आवश्यकता अनुसार प्रतिनियुक्ति, यातायात पर नियंत्रण एवं किसी भी समस्या के निदान के लिए स्थानीय प्रशासन के तरफ से हर संभव सहायता पहुंचा जायेगा। सीओ ने बेरिकेडिंग की व्यवस्था,खतरे वाले जगह पर लाल रंग की पट्टिकाओं का अधिष्ठापन, सभी छठ पूजा घाट पर व्रतियों के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था,अग्निशामक वाहनों को अलर्ट मोड में रखने, छठ के सभी घाटों पर मेडिकल की व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश दिया। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने कहा कि असामाजिक व उपद्रवी तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। छोटी-छोटी घटनाओं पर भी प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। श्री कुमार ने कहा कि असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों को चिह्नित कर उनपर कड़ी नजर रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि अशांति एवं अफवाह फैलाने वाले तत्व चाहे कोई भी हो,उन्हें बख्शा नही जायेगा।

# अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर 3 पर प्राथमिकी दर्ज

**दिनारा(रोहतास)।** कनीय विद्युत अभियंता दिनारा आनंद कुमार के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर तीन पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है। परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किए अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच ग्राम अमुआ के उपभोक्ताओं के बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर शिवजी सिंह पर 53 हजार 547, कामेश्वर सिन्हा पर 35 हजार 701 रुपए दंडित राशि लगायी गई है। बताते चलें कि बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर ललन पांडेय पर 20 हजार 734 रुपए जुर्माना लगाया गया है। कनीय विद्युत अभियंता आनंद कुमार ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि जिनके बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें।

## एक नजर

### मढ़ौरा के होटल में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने किया पदार्फाश, तीन जोड़े गिरफ्तार

**छपरा।** मढ़ौरा थाना की पुलिस ने मढ़ौरा में चल रहे सेक्स रैकेट गिरोह का पदार्फाश किया है। मढ़ौरा पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए मढ़ौरा के आदित्य होटल में छापेमारी की। इस छापेमारी में तीन कपल आपत्तिजनक अवस्था में पाए गए। और उनके पास कमरे में कई आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिली उसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों कपल को गिरफ्तार कर लिया है और जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर मढ़ौरा के प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी राहुल कुमार ने सदल बल मढ़ौरा के होटल आदित्य में छापेमारी की। पुलिस ने इस छापेमारी में तीन जोड़ों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा। पुलिस की छापेमारी के कारण होटल में भगदड़ की स्थिति हो गई और कई लोग इधर-उधर भागे। लेकिन पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि मढ़ौरा के इस होटल में कई बार सेक्स रैकेट की खबर पुलिस को मिली है लेकिन पुलिस के पास पहुंचने के पहले ही यह लोग फरार जाते थे इस बार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कई लोगों को पकड़ा है। वही इस घटना की पुष्टि प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी मढ़ौरा राहुल कुमार ने की है। वहीं पुलिस ने इस होटल को सील कर दिया है।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने की समीक्षा बैठक



**सासाराम।** जिला निर्वाचन पदाधिकरी सह जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय, राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव के साथ निर्वाचक सूची के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में निर्वाचक सूची को शुद्ध एवं अद्यतीकृत करने के उद्देश्य से 01 जनवरी 2025 के आधार पर निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को किया जाना है। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रारूप प्रकाशन की तिथि के 28 नवंबर 2024 तक निर्वाचक नामावली में परिवर्द्धन, विलोपन एवं संशोधन के लिए क्रमशः प्रारूप-6, प्रारूप 7 एवं प्रारूप 8 में आवेदन दिये जा सकते हैं। इस प्रकार प्राप्त आवेदनों के निष्पादनोंपरांत दिनांक 06 जनवरी 2025 को निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 01 जनवरी के साथ-साथ 01 अप्रैल, 01 जुलाई, 01 अक्टूबर को अर्हता तिथि के रूप में मान्यता दी गई है अर्थात यदि कोई व्यक्ति 01 अप्रैल को अथवा 01 जुलाई अथवा 01 अक्टूबर को 18 साल की उम्र पूरी कर लेता है तो वह भी प्रारूप-06 के माध्यम से परिवर्द्धन हेतु आवेदन दे सकेगा। दावा आपत्ति प्राप्त अवधि में निर्वाचक सूची में सभी व्यक्तियों का नाम जोड़ने, विस्थापित तथा मृत व्यक्तियों का विलोपन तथा अशुद्ध प्रविष्टियों के संशोधन हेतु दिनांक 02 नवंबर 2024, 03 नवंबर 2024, 23 नवंबर 2024 एवं 24 नवंबर 2024 को विशेष अभियान दिवस का संचालन किया जायेगा। जिसमें सभी बी०एल०ओ० उक्त निर्धारित तिथियों को अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर कार्यालय अवधि में सभी आवश्यक प्रपत्रों के साथ उपस्थित रहेंगे। बैठक में आम आदमी पार्टी के अरूण केशरी, बहुजन समाज पार्टी के एस० अमीर एकबाल, भारतीय जनता पार्टी के अशोक साह, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया (मार्क्ससिस्ट) के मो० सत्तार अंसारी, इण्डियन नेशनल कांग्रेस के कन्हैया सिंह, जनता दल यूनाईटेड के अजय कुमार सिंह, लोक जन शक्ति पार्टी के राकेश कुमार, राष्ट्रीय जनता दल के कुमार विजेता एवं कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया (मार्क्सीसिस्ट-लेनिनिस्ट) (लिबरेशन) इत्यादि ने भाग लिया।

## खबरें फटाफट

### कार से भारी मात्रा में शराब जब्त

**दावथ।** शनिवार को पुलिस ने थाना क्षेत्र के मलियाबाग के समीप सेमरी मोड़ के पास कार में रखे शराब के भारी खेप को जब्त किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दावथ कृपाल जी ने बताया कि मद्य निषेध इकाई पटना के द्वारा प्राप्त सूचना के आलोक में एक सिल्वर रंग की कार **BR 01PK 0590** से रॉयल स्टेज 750 एमएल की कुल 148 पीस, रॉयल स्टेज 180एमएल का कुल 122 बोतल शराब के साथ अजय कुमार पिता धरीक्षण राय ग्राम धर्मपुरा थाना मीनापुर जिला मुजफ्फरपुर ,राजेश कुमार पिता रामधन शर्मा ग्राम शंकर गार्डन थाना बहादुरगढ़ जिला झज्जर ,अमित कुमार पिता मदन कुमार पंडित ग्राम बुपानिया थाना बादली जिला हरियाणा एवं रंजीत उर्फ पिंटू सहनी पिता सिताई सहनी ग्राम निपनी ,थाना जिला सीतामढ़ी को गिरफ्तार किया गया है।

### मध्य विद्यालय डिहरा में चोरी

**काराकाट।** काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय डिहरा (कन्या) में अज्ञात चोरों के द्वारा दरवाजा तोड़कर चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी देते हुए उक्त विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका मंजू कुमारी ने बताया कि जब मैं विद्यालय आई तो देखी की विद्यालय का दरवाजा टूटा हुआ है। तो पाया गया कि विद्यालय से अज्ञात चोरों के द्वारा मोटर ,पाइप एवं दो स्टैंड पंखा चोरी कर ली गई है। जिस मामले में अज्ञात चोरों के विरुद्ध स्थानीय थाना में संबंधित मामला में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। प्रभारी प्रधानाध्यापिका ने बताया कि इसके पूर्व में भी विद्यालय से अज्ञात चोरों के द्वारा चापाकल की चोरी कर ली गई थी।

### नशे की हालत में गिरा मिला युवक

**जहानाबाद।** पटना गया रेलखंड के टेहटा रेलवे क्रॉसिंग के समीप नशे की हालत में एक युवक घायल अवस्था में रेलवे ट्रैक के समीप से बरामद हुआ है। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची टेहटा थाने की पुलिस ने युवक को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया है। युवक की पहचान नहीं हो सकी है।

## पीरो थाना क्षेत्र के पीरो बाजार स्थित बस स्टैंड के समीप घटी घटना

# किन्नर द्वारा गोद ली गई 8 माह की मासूम की हत्या, आक्रोशितों ने किया सड़क जाम

- आक्रोशित किन्नर समूह ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की
- जाम के कारण सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के पिरो थाना क्षेत्र के पीरो बस स्टैंड के समीप शनिवार की सुबह किन्नर द्वारा गोद लिए आठ माह की मासूम बच्ची की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं किन्नर द्वारा अपने पति पर ही उसकी पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मृत बच्ची पीरो थाना क्षेत्र के पीरो बस स्टैंड निवासी सरफराज खान की आठ माह की पुत्री लक्ष्मी कुमारी है।

उधर बच्ची की मौत के बाद वहां पर बसे सभी किन्नरों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद आक्रोशित किन्नरों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को मांग को लेकर पीरो बस स्टैंड के पास बच्ची के शव को सड़क के बीचों-बीच रख जाम कर दिया। सड़क जाम के दौरान उनके द्वारा टायर जलाकर आगजनी भी की गई। उनके द्वारा करीब तीन घंटे तक सड़क को जाम रखा गया। सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतारे लगी रही एवं आवागमन पूरी तरह ठप रहा। उधर सड़क जाम की सूचना पाकर पीरो एसडीपीओ एवं पीरो थानाध्यक्ष सुबोध कुमार पुलिस बल के साथ फौरन वहां पहुंचे और उन्हें समझाने-बुझाने लगे। उनके द्वारा काफी मशक्कत करने के बाद उन्हें को समझा-बुझाकर जाम को हटाया गया। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

### पति सरफराज खान पर लगाया हत्या का आरोप

मृत बच्ची को गोद लेने वाली मां सह किन्नर मुस्कान ने बताया कि उसने पीरो निवासी सरफराज खान नामक व्यक्ति से शादी की थी और वह उसी के साथ रहती थी। आठ माह पूर्व कटिहार निवासी अपनी बुआ सुनीता देवी की बेटी लक्ष्मी से उसने उसे गोद लिया था। गोद लेने के दो-चार दिन बाद ही उसकी मौत हो गई। जिसके बाद उसने गोद ली बच्ची का नाम उसी की मां के नाम पर लक्ष्मी कुमारी रखा था। उसका पति सरफराज खान जब भी वह रोती थी तो वह उसे पर गुस्सा करता था। शुक्रवार की सुबह उसके द्वारा बच्ची के हाथ पैर मार दिया गया था। जिससे उसका हाथ फैक्चर कर गया था। इसके बाद मुस्कान उसे पीरो स्थित निजी अस्पताल ले गई थी। जहां डॉक्टर द्वारा उसका एक्सरे कराया गया। जिसमे उसका हाथ फैक्चर दिख रहा था। इसके बाद वह दवा लेकर घर वापस चली आई। इसके बाद शुक्रवार की शाम वह प्रोग्राम करने चली गई। जब वह शनिवार की सुबह घर लौटी तो उसकी बच्ची घर पर नहीं थी। जब उसने खोजबीन करना शुरू किया तो बच्ची मृत अवस्था में बस स्टैंड के पास पड़ी मिली। इसके बाद उसने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। वही दूसरी ओर मुस्कान ने अपने पति सरफराज खान पर अपने बच्ची की मारपीट करने के कारण उसकी मौत होने का आरोप लगाया है।

# बकाया वेतन की मांग को लेकर एंबुलेंस चालकों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

**आरा।** आरा सदर अस्पताल परिसर में बताए वेतन की मांग को लेकर जिले के 102 नंबर सरकारी एंबुलेंस के सभी चालकों द्वारा पूरे जिले में छह दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी हैं। उनके द्वारा चार दिनों तक सदर अस्पताल परिसर के एएनएम हॉस्टल के पास एवं शुक्रवार से सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में हड़ताल पर बैठे हुए हैं।

हड़ताल के दौरान एंबुलेंस चालकों द्वारा सिविल सर्जन,डैम,एवं डीपीएम सहित जिला अधिकारी के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गई। जिले भर में चालकों द्वारा सरकारी एंबुलेंस के हड़ताल पर चले जाने से जिले के सभी पीएचसी, सीएचसी,उप स्वास्थ्य केंद्र सहित आरा सदर अस्पताल में भी मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। प्राथमिक उपचार के बाद जब डॉक्टर द्वारा मरीजों को रेफर किया जा रहा है तो उनके परिजन किधर-उधर भटकते नजर आ रहे हैं इसके अलावा अधिक भुगतान कर कर प्राइवेट एंबुलेंस के सहारे लोग मरीज को लेकर इधर से उधर जा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद सदर अस्पताल के सिविल सर्जन सहित किसी भी स्वास्थ विभाग के पदाधिकारी के कानो तले जू तक नहीं रेंग रही है। इधर 102 नंबर एंबुलेंस चालक संगठन के जिला सचिव अरविंद कुमार चौबे ने बताया कि उन लोगों का वर्ष 2023 के में मई महीने एवं वर्ष 2024 में जुलाई से अक्टूबर तक यानी कुल मिलाकर पांच महीने का वेतन बकाया है। बिहार के 38 जिले है और 37 जिलों में सभी महिनो का वेतन भुगतान कर दिया गया है। लेकिन सिर्फ भोजपुर जिला में वेतन का भुगतान नही किया गया है और बकाया है। इसे लेकर हम लोग सभी चालकों के साथ लगभग बीस बार सिविल सर्जन,डीपीएम एवं डैम से मिले चुके है। लेकिन हम लोगों का कोई निदान नहीं हुआ।

# वार्ड सदस्यों ने किया प्रशिक्षण का बहिष्कार बोले- तीन साल से नहीं मिला विकास फंड



**केटी न्यूज/काराकाट**

काराकाट प्रखंड सभागार भवन में आयोजित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत हो रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का ग्राम पंचायत के उपमुखिया एवं वार्ड सदस्यों ने बहिष्कार कर दिया। वार्ड सदस्यों ने सरकार और अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उपमुखिया अशोक कुमार सिंह ने कहा कि चुनाव होने को तीन साल पूरा होने जा रहा है, लेकिन वार्ड सदस्यों को कोई भी विकास कार्य करने का फंड नही मिला। जब सरकार हमें काम करने ही नहीं देगी तो प्रशिक्षण का क्या मतलब। पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि हम लोगों को वार्ड में जीते तीन साल हो गये, लेकिन अभी तक सरकार की योजनाओं का कोई कार्य या फंड नहीं मिला, ना ही वार्ड सदस्यों की कोई भूमिका मिली है, ना ही किसी पदाधिकारी द्वारा योजनाओं की जानकारियां दी जाती है। सभी वार्ड पार्षदों ने बीडीओ राहुल कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। बीडीओ ने बताया की वार्ड पार्षदों द्वारा दिए गये लिखित आवेदन को जिला में भेजा जाएगा। प्रशिक्षण का बहिष्कार करने में बेनसागार पंचायत उपमुखिया अशोक कुमार सिंह, वार्ड पार्षद नन्दजी कुमार, अशोक कुमार, ललिता कुमारी, शरीता देवी, सुल्तान अंसारी, शांति देवी, निर्मला देवी, पुष्प रंजन सहित अन्य शामिल थे।

# पैक्स चुनावः प्रभारी जिलाधिकारी ने सभी कोषांगों और निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की बैठक

- सभी कोषांगों को समयबद्ध ढंग से अपने कार्यों के निष्पादन का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/छपरा**

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, बिहार, पटना द्वारा प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) के निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सारण जिला के 277 फैक्सों का निर्वाचन 05 चरणों में संपन्न कराया जाएगा।पैक्स निर्वाचन के प्रथम चरण में मढ़ौरा, अमनौर, तरैया, मकेर एवं लहलादपुर प्रखंड में 26 नवंबर 2024, द्वितीय चरण में इसुआपुर, मशरख, पानापुर, गड़खा एवं रिविलगंज प्रखंड में 27 नवंबर 2024 को मतदान होगा। तृतीय चरण में सोनपुर, दरियापुर, परसा एवं बनियापुर प्रखंड में 29 नवंबर 2024, चौथे चरण में मांझी, एकमा, जलालपुर एवं नगरा प्रखंड में 01 दिसंबर 2024 एवं पंचम चरण में छपरा सदर एवं दिघवारा प्रखंड में 3 दिसंबर 2024 को मतदान होगा। सभी चरणों में पैक्स निर्वाचन के उपरांत उसी दिन अथवा उसके अगले दिन मतगणना कार्य संपन्न करा लिया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) द्वारा पैक्स चुनाव को स्वच्छ, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु जिला स्तर पर 17 कोषांगों का गठन किया गया है। जिसमें कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, मतपेटिका कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग, ब्रज गृह-सह -मतगणना कोषांग, विधि व्यवस्था-सह- सेक्टर प्रबंधन कोषांग, आदर्श आचार संहिता कोषांग, निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग, मतपत्र कोषांग, नाम निर्देशन कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मीडिया कोषांग, डिजिटल वीडियो कैमरा आई.टी. कोषांग, जिला नियंत्रण कक्ष-सह-हेल्पलाइन कोषांग, जन शिकायत कोषांग एवं जिला निर्वाचन कोषांग शामिल हैं। प्रभारी जिलाधिकारी सह उपविकास आयुक्त श्री यतेंद्र कुमार पाल ने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों एवं पैक्स निर्वाचन पदाधिकारियों (प्रखंड विकास पदाधिकारी) के साथ बैठक किया।बताया गया कि पैक्स निर्वाचन के लिये सारण जिला में अद्यतन 894 मतदानकेन्द्र हैं। मतदाता सूची में अद्यतन 545741 मतदाता शामिल हैं।मतदान एवं मतगणना हेतु लगभग 5 हजार कर्मियों की आवश्यकता होगी जिसका डेटाबेस ठक्ठ में तैयार किया जा रहा है। मतदान एवं मतगणना में प्रतिनियुक्त किये जाने वाले सभी कर्मियों को ससमय दो बार प्रशिक्षण देने का निदेश दिया गया। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर तीन मतपेटियों के हिसाब से मतपेटियों के लिये आवश्यक तैयारी करने को कहा गया।



### सेमिनार सह पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित

**बिक्रमगंज।** बिक्रमगंज शहर के पटेल नगर स्थित टकसे कार्यालय में सेमिनार सह पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित की गई। जिस कार्यक्रम का आयोजन टकसे सर्विस मॉल प्राईवेट लिमिटेड शाखा बिक्रमगंज के जोनल हेड कुमार विशाल की अध्यक्षता में की गई। जानकारी देते हुए बिक्रमगंज शाखा के जोनल हेड कुमार विशाल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया अभियान के तहत टकसे सर्विस मॉल प्राईवेट लिमिटेड कंपनी ने स्मार्ट मोबाइल ग्राहक सेवा केंद्र की शुरूआत की है। जिसका मुख्य उद्देश्य सरकार और जनता के बीच की खाई को कम करना और उनके बीच की समस्याओं को खत्म करना ही मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि टकसे ऐप की मदद से अब भारत के हर गांव में स्मार्ट मोबाइल ग्राहक सेवा केंद्र खुलेंगे जिस मिशन की शुरूआत सबसे पहले बिहार में ही की गई है। बताया कि अब लोगों को ऑनलाइन काम करवाने या फॉर्म भरने के लिए गांव से बाजार जाने की जरूरत नहीं है।टकसे के बिजनेस पार्टनर की मदद से उन्हें बाजार से कम कीमत पर और बिना समय बर्बाद किए अपने गांव में ही सेवा मिल जाएगी। स्मार्ट मोबाइल ग्राहक सेवा केंद्र के लिए कंप्यूटर ज्ञान और बड़ी ट्रेनिंग की जरूरत नहीं होती है। इसलिए गांव या छोटे शहरों का कोई भी व्यक्ति इन सभी सेवाओं का लाभ उठा सकता है और राशन कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, जीएसटी, इनकम टैक्स और 100 से ज्यादा सेवाओं के लिए सरल और प्रभावी तरीके से आवेदन कर सकता है। तत्पश्चात जोनल हेड कुमार विशाल ने कार्यक्रम में शामिल सभी मीडिया की टीम को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। मौके पर जोनल हेड कुमार विशाल , मीडिया कर्मी सहित कई लोग मौजूद थे।

## बिहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चारघाट निवासी स्व. तेज नारायण त्रिपाठी की बेटी निभा रहीं जिम्मेवारियां

# भोजपुर की गौरी स्कूल बस चलाकर बच्चों को सिखा रही हैं जीवन का पाठ

**केटी न्यूज/आरा**



एक छोटे से शहर में महिला ड्राइवर को देखकर लोग चौंकने लगते है। जाहिर सी बात है बड़े शहरों में अब बड़े बड़े वाहन चलाना महिलाओं के लिए आम बात हो गई है, लेकिन ग्रामीण परिवेश में महिलाओं के लिए अभी भी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन इन सब परिस्थितियों के बाद भी गौरी त्रिपाठी घर से निकलकर अन्य महिलाओं के लिए अब मिसाल पेश कर रही हैं।

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चारघाट के निवासी स्वर्गीय तेज नारायण त्रिपाठी की सबसे बड़ी पुत्री गौरी त्रिपाठी पांच बहन और एक भाई है। गौरी, सबसे बड़ी है और उसके बाद राधा, पूजा, काव्या, बेदी और एक भाई गुरुदेव त्रिपाठी जो इंटर का छात्र है। गौरी आर्थिक रूप और शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए स्कूल चलाती हैं। गौरी त्रिपाठी के पिता स्वर्गीय तेज नारायण त्रिपाठी असम राइफल में थे। इस वजह से सारा परिवार असम रहा करता था। जिसकी वजह से गौरी ने भी अपनी पढ़ाई असम से की और इंटर के बाद स्नातक राजनिति शास्त्र से पूरा किया। उसके बाद गौरी के पिता का देहांत हो गया। गौरी का पूरा परिवार गांव में रहने लगा। जिसके बाद गौरी अपने परिवार का सहारा बनकर उन्हें पढ़ा लिखा रही है। गौरी के साथ उनकी छोटी बहन राधा भी स्कूल में पढ़ाती है।

### गांव में मैडम जी के नाम से मशहूर हुई गौरी

गौरी खुद स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रही हैं। पढ़ाई के साथ साथ वह स्कूल भी चलाती हैं और बच्चों को पढ़ाती भी है। कई ऐसे बच्चे हैं जिनका घर स्कूल से दस किलोमीटर दूर है। वैसे बच्चों के लिए गौरी खुद मैजिक वाहन चलाकर बच्चों को घर से लाती है और स्कूल बंद होने के बाद उन्हें घर छोड़ने भी जाती है। इसके बाद गौरी कई यात्रियों को भी पहुंचाती हैं। गौरी उन यात्रियों से भी भाड़ा नहीं लेती हैं। वहीं सवारी गाड़ी में बैठने वाले यात्री भी गौरी की प्रशंसा करते नहीं थकते है। गौरी को ड्राइवर की सीट पर बैठा देख पहले तो चौंकते है और फिर गौरी की जमकर तारीफ करते है। गौरी आरा के चंदवा स्थित हाउसिंग कालोनी में रहती हैं। लेकिन कसाप के पुरे गांव के लोग गौरी को मैडम जी के नाम से जानते हैं।

**2016 से बच्चों को पढ़ाना किया शुरूः** गौरी त्रिपाठी ने 2016 में ही भोजपुर जिले के कसाप गांव में आर. आर. शिक्षा निकेतन के नाम से एक निजी स्कूल खोला। जहां उन्होंने गांव के छोटे छोटे बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देना शुरू किया। गांव के बच्चें धीरे धीरे स्कूल में पढ़ने आने लगे। जिसके बाद गौरी पूरी तरह से बी अच्छों के लिए समर्पत हो गई और अपना ज्यादातर समय बच्चों को पढ़ाने में लगा दी। गौरी प्ले ग्रुप से लेकर पांचवीं क्लास तक के साधारण परिवार के बच्चों को पढ़ाती है। इसके साथ ही जिन बच्चों के परिजन असहाय है या दिव्यांग होने पर बच्चों को पढ़ाने के पैसे परिजनों से नहीं लेती है। अभी स्कूल में 80 छात्र है।

### जन सुराज पार्टी की उम्मीदवार किरण सिंह ने घर घर जाकर किया संवाद

**आरा।** जन सुराज पार्टी की उम्मीदवार किरण सिंह ने शनिवार को तरारी के कतार, नारायणपुर, नोनर, और अमाई पंचायत मे पदयात्रा किया और जनता की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं की जानकारी ली और उनकी आवश्यकताओं को समझा। किरण सिंह ने शिक्षा,महिला सशक्तिकरण,और सामाजिक सुधार पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने वादा किया कि अगर उन्हें जनता का समर्थन मिलता है,तो वह तरारी के विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करने, और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाने का प्रयास करेंगी। किरण सिंह का कहना है कि पिछले दस वर्षों में तरारी का विकास रुका हुआ है और वह इसे एक समृद्ध और सशक्त क्षेत्र बनाने की दिशा में काम करेंगी। उन्होंने कहा कि तरारी के लोगों को एक बार जन सुराज को मौका देना चाहिए और अगर उन्हे जनता की सेवा करने का मौका मिलता है तो वह हर संभव जनता की उम्मीदों पर खड़े उतरने का प्रयास करेंगी। वहीं

# शिक्षा की गुणवत्ता में लाएं सुधार अन्यथा होगी कड़ी कार्रवाई: डीएम

- जिला अनुश्रवण समिति एवं निपुण भारत मिशन हेतु गठित जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न
- डीएम बोले- स्कूल निरीक्षण के दौरान कमियां पाई गई तो संबंधित पर होगी कार्रवाई



**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में जिला अनुश्रवण समिति एवं निपुण भारत मिशन हेतु गठित जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष उपाध्याय द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प, जर्जर भवन, स्कूल चलो अभियान, जिला एवं विकासखंड स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विद्यालयों का भ्रमण, डी.बी.टी, निपुण भारत, मध्यान्ह भोजन आदि की संपूर्ण जानकारी दी गई। जिसमें उन्होंने जर्जर भवन के संबंध में बताया कि जनपद में कुल 115 जर्जर विद्यालय चिन्हित किए गए हैं, मूल्यांकन हेतु तकनीकी समिति को प्रेषित कर दिया गया है। मूल्यांकन कार्य पूर्ण होते ही ध्वस्तीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। स्कूल चलो अभियान अंतर्गत छात्र नामांकन के संबंध में उन्होंने बताया कि 01 अप्रैल 2024 से 28 जून 2024 तक कुल नवीन नामांकन कक्षा 1 से 8 तक 9397 हुआ था एवं 28 जून 2024 से स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं ट्रांसजेंडर समूह के सहयोग से 37027 नामांकन कराया गया जो 27630 की वृद्धि है। डीबीटी के अंतर्गत वर्तमान में नामांकन 131422 के सापेक्ष 122773 बच्चों का आधार सत्यापन कराया जा चुका है। निपुण भारत के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि माह दिसंबर 2024 तक समस्त विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। माह नवंबर में दिनांक 22 एवं 23 को एन.ए.टी. की परीक्षा जनपद में कराई जानी है। इसके अलावा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 302 निपुण विद्यालय तथा 454 विद्यालय मध्यम श्रेणी एवं 226 विद्यालय संघर्षशील हैं।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराये। इसके अलावा समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि कम उपस्थिति वाले विद्यालयों का चिन्हीकरण कर कम उपस्थिति का कारण क्या है, क्यों बच्चे उपस्थित नहीं हो रहे हैं, इसका कारण पता कर अभिभावकों एवं शिक्षक तथा शिक्षा की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान देने को कहा। जिलाधिकारी द्वारा समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए कि अपने विकासखंड से संबंधित समस्त विद्यालयों का नियमित भ्रमण करें, जिससे बच्चों की उपस्थिति, अध्यापक की उपस्थिति, विद्यालय से संबंधित रख-रखाव, मिड डे मील आदि का पता चले जिससे संबंधित कमियों को समय से हल किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का नामांकन है, और वह नियमित विद्यालय आ रहे हैं तो उनकी शिक्षा बेहतर निश्चित रूप से होनी चाहिए अन्यथा की स्थिति में मेरे द्वारा भ्रमण किए जाने पर कमियां पाई गई तो संबंधित के खिलाफ निश्चित रूप से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बलिया कोर्ट के फैसले पर हाईकोर्ट ने छह नवंबर तक के लिए लगाई रोक

- नपं मनियर के अध्यक्ष पद को लेकर विजेता व उपविजेता के बीच चल रहा विवाद
- बलिया कोर्ट ने नपं मनियर की अध्यक्ष रितु देवी के खिलाफ व बुचिया देवी के पक्ष में सुनाया था फैसला

**केटी न्यूज/बलिया**

बलिया जिले के मनियर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद को लेकर विजेता व उपविजेता के बीच चल रहे विवाद के मामले में बलिया कोर्ट के उपविजेता बुचिया देवी के पक्ष में दिए गए फैसले पर रोक लगाते हुए छह नवंबर 2024 को दोनों पक्षों की सुनवाई करने का आदेश पारित किया है।

बता दें कि 11 मई 2023 को नगर पंचायत मनियर के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ था। जिसमें रितु देवी को अध्यक्ष चुना गया था। जिस परिणाम को बुचिया देवी ने इलेक्शन पिटिशन के माध्यम से जिला जज के न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई और चुनाव में हुए धांधली का भी विस्तृत जानकारी दिया। जिसमें जिला जज अमित पाल सिंह की अदालत ने बुधवार को मनियर नगर पंचायत की वर्तमान अध्यक्ष रितु देवी के परिणाम को अवैध घोषित करार दिया और दूसरे नंबर पर रही बुचिया देवी को नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए विजयी उम्मीदवार घोषित किया था। इसके बाद जिला जज ने आदेश की प्रतिलिपि जिलाधिकारी बलिया के माध्यम से निर्वाचन आयोग लखनऊ को आदेश का अनुपालन कराने के लिए भेजने का आदेश दी है। इस मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष रीतू देवी देवी ने शनिवार को हाई कोर्ट के स्पेशल बेंच में दलीलें पेश की। जिसमें स्पेशल बेंच के जज रोहित रंजन अग्रवाल ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व सहमति के आधार पर छह नवंबर तक बलिया कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दिया है। रितु देवी के पक्ष से अधिवक्ता संगम सिंह एवं अंकुर जायसवाल तथा बुचिया देवी की पक्ष से अधिवक्ता सूर्यभान सिंह, आशीष मिश्रा व उदय चंदानी ने अपना अपना पक्ष रखा।

## खबरें फटाफट

### धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** धोखाधड़ी के मामले में कोर्ट द्वारा वारंट जारी होने के बाद एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने आरोपी के द्वारिकापुरी कालोनी स्थित घर से शनिवार को गिरफ्तार किया। आरोपी शंकर पुत्र दुखहरन है। उसके खिलाफ शहर कोतवाली में केस दर्ज था। कोर्ट द्वारा वारंट जारी होने के बाद कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आकर लाइनमैन की मौत

**पकड़ी।** शुक्रवार को देर शाम विद्युत खराबी ठीक करते समय हाईटेंशन करंट के चपेट में आ कर संविदा पर तैनात लाइनमैन बुरी तरह झुलस गया। जिसे इलाज के लिए मऊ ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक गौरनिया गाँव निवासी सत्येंद्र कुमार यादव 27 वर्ष पुत्र जय गोविंद यादव विद्युतउपकेन्द्र पहराजपुर पर संविदा लाइनमैन के रूप में कार्यरत था। शुक्रवार को देर शाम करीब 6.30 बजे गौरनिया गाँव मे ही ट्रांसफार्मर में खराबी को दूर कर रहा था। इसी बीच किसी तरह से वह हाइटेंशन लाइन के चपेट में आ कर बुरी तरह से झुलस कर घायल हो गया। वहीं एसडीओ सुखपुरा अनिल कुमार का कहना था कि संविदा लाइनमैन बिना शटडाउन लिए ही फाल्ट ठीक कर रहा था। जिसके फलस्वरूप दुर्घटना हो गई।

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ घायल

**बेरुआरबारी।** कैथवली नहर से आगे व पेपर मिल के बीच में बांसडीह-बेरुआरबारी मुख्य मार्ग पर शनिवार को सांय अचानक साईकिल आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। जिससे अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार दुबहड़ थाना क्षेत्र के पुरास गांव निवासी बल्लू खान अपनी बहन से मिल कर वापस घर जा रहा था कि उसकी बाइक सामने से आ रही एक साईकिल सवार को बचाने में अनियंत्रित हो पेड़ से टकरा गयी जिससे वह घायल हो गया।

## नरहीं थाने में आयोजित समाधान दिवस में अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे फरियादी

# सुनवाई में मौजूद थे डीएम व एसपी, 15 में से एक का भी नहीं हुआ निस्तारण

- फरियादी बोले- समाधान दिवस है या मजाक दिवस
- जिलाधिकारी ने पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को शिकायत को निस्तारित करने के दिए निर्देश

**केटी न्यूज/बलिया**

शासन इसी उद्देश्य से तहसील दिवस और थाना दिवस का आयोजन कराते हैं, ताकि अधिक से अधिक मामलों का त्वरित निस्तारण हो सकें। लेकिन आंकड़ों पर जब भी आप गौर फरमाएंगे तो आपको यही लगेगा सब तामझाम बेकार है। अब नरहीं थाने में आयोजित समाधान दिवस को ही देख लीजिए। जिसमें जिले के हाकिम स्वयं मौजूद हैं, जहां पुलिस विभाग के एसपी खुद मौजूद है। वहां मौके पर एक भी मामलों का निस्तारण न होना फरियादियों की मानें तो मजाक नहीं तो और क्या है। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार व पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने शनिवार की दोपहर 12 बजे थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना नरहीं में जनशिकायतो को सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिस पर जिलाधिकारी ने पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी को राजस्व से संबंधित प्राप्त शिकायतों को जांच करवाकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सीओ सदर श्याम कांत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।



### मैराथन की तैयारी के संबंध में हुई बैठक, दी गई जिम्मेदारी

**बलिया।** 28 अक्टूबर से एक नवम्बर तक आयोजित होने वाले बलिया महोत्सव की तैयारी के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के डाकबंगले में बैठक हुई। इसमें मुख्य राजस्व अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि मैराथन प्रतियोगिता को देखते हुए निर्धारित रूट पर सड़क को देख लें। कहीं जर्जर हो तो उसे ठीक करा दें। रूट की निशानदेही, चूना-पेंट आदि कार्य कराने के भी निर्देश दिए। सीएमओ को एम्बुलेंस की उपलब्धता के अलावा रूट पर पड़ने वाले सभी सीएचसी-पीएचसी को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिया गया। एएसपी ने बताया कि रास्ते में थानावार पुलिस की ओर से भी व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी। मैराथन प्रतियोगिता के लिए कंट्रोल रूप स्थापित करने के अलावा सदर तहसील क्षेत्र के रामगढ़ तक लेखपालों की भी ड्यूटी लगाने को कहा गया। वाहन से सम्बन्धित व्यवस्था के लिए एआरटीओ को निर्देशित किया गया। बैठक में डीडीओ आनन्द प्रकाश, ईओ सुभाष कुमार व अन्य अधिकारी तथा एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, आदि मौजूद रहे।



### खाद्य पदार्थो में मिलावट के विरुद्ध चला अभियान

**बलिया।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उप्र लखनऊ के आदेश व सहायक आयुक्त खाद्य आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़ के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बैरिया तहसील में शनिवार को खाद्य पदार्थो में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के लिये विशेष अभियान चलाया। टीम ने बेसन, काली मिर्च, नमकीन एवं कलाकन्द के कुल 09 नमूने संग्रहित किये। आमजनमानस को सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने एवं खाद्य पदार्थो में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के लिये मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार राय के नेतृत्व में टीम ने खाद्य पदार्थ की दुकानों पर विशेष अभियान चलाया। टीम ने बैरिया तहसील के विभिन्न स्थानो से जॉच हेतु बेसन के पांच, काली मिर्च के दो, नमकीन के एक एवं कलाकन्द के एक नमूनें संग्रहित किये। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार, सतीश कुमार सिह, ओम प्रकाश यादव, धर्मराज शुक्ला एवं राकेश कुमार शामिल रहे।

# मामी के प्यार में पागल युवक जान देने के लिए चढ़ा पेड़ पर, पुलिस के प्रयास से माना

**केटी न्यूज/ बेरुआरबारी(बलिया)**

सुखपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिढ्ढा में एक युवक ने साबित कर दिया की प्यार में लोग इस कदर पागल हो जाते है कि उन्हें सही गलत ऊंच नीच कुछ भी दिखाई नहीं देता है एक युवक इस कदर पागल हुआ की विवाह न होने की स्थिति में वह पेड़ से कूद कर जान देने के लिए पेड़ पर चढ़ गया सही कहा गया हैं प्यार अँधा होता है प्यार में लोग इतने अंधे हो जाते हैं की उन्हें समाज का कोई डर भय नहीं होता। जिसका जीता जागता उदाहरण मिढ्ढा में शनिवार को देखने को मिला। जहाँ एक युवक अपनी ही सगी मामी से एक तरफा प्यार में इस कदर पागल हो गया कि उससे विवाह न होने की स्थिति में पहले फासी लगाने लगा किसी तरह परिजनों के समझाने पर माना तो शनिवार की सुबह पुनः बरगद के पेड़ की सबसे उची डाल पर चढ़ विवाह न होने की स्थिति में उससे कूद कर मरने की धमकी देने लगा। यह देख वहा गांव के सैकड़ो लोगो की भीड़ जुट हो गयी। गांव के लोग व परिजनों ने पुलिस को सुचना दे घटना की जानकारी दी। सुचना मिलते ही पुलिस फोर्स के साथ ही अग्नि समन की गाडी भी मौके पर पहुंच गयी। थाना अध्यक्ष सुखपुरा योगेंद्र प्रसाद सिंह, चैकी इंचार्ज अखिलेश सिंह आदि के घंटो समझाने बुझाने के बाद वह किसी तरह रोते हुए पेड़ से उतरा तब जाकर पुलिस व लोगो ने राहत की सास ली।

जानकारी हो कि मिढ्ढा निवासी अजय राजभर पुत्र कीनू राजभर को अपनी सगी मामी से एक तरफा प्यार हो गया हैं। वह उनसे विवाह करने के लिए इतना पागल हो गया हैं उसके लिए वह युवक कुछ भी कर गुजरने को तैयार हैं। शनिवार की सुबह मिढ्ढा आर. के. आई. टी. आई स्कूल के पीछे बाबा बॉसपाली के स्थान स्थित विशाल बरगद के पेड़ पर चढ़ जोर जोर से चिल्लाते हुए मामी से शादी नहीं होने पर जान देने की बात करने लगा। जिससे वहां लोगो की काफी भीड़ इकठ्ठा हो गयी पहले तो परिजन व ग्रामीण काफी समझाने का प्रयास किये लेकिन जब नहीं माना तो घटना की सुचना पुलिस को दी गयी खबर मिलते ही पुलिस व अग्नि समन की गाडी मौके पर पहुंच उसे नीचे उतरने के लिए काफी मान मनौवल किया। लेकिन वह मामी से विवाह करने सिवा कोई बात सुनने को तैयार नहीं था। घंटो पुलिस के प्रयास के बाद वह किसी तरह रोते हुए नीचे उतरा तब जाकर लोगो ने राहत कि सास ली।

# पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बांसडीहरोड**



पुलिस ने हत्या के प्रयास करने मामले में शनिवार की दोपहर करीब दो बजे पांच अभियुक्तों को बांसडीहरोड रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। वहीं उसके कब्जे में घटना प्रयुक्त फावड़ा, लोहे की रॉड, लाठी बरामद किया है। थानाध्यक्ष अखिलेश चन्द्र पांडेय ने बताया कि सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया। पुलिस की माने तो थाने में दर्ज हत्या का प्रयास के एक मुकदमें के वांछित की तलाश की जा रही थी। इसी बीच थाने के उपनिरीक्षक शुभेन्द्र सिंह अपने टीम के साथ बांसडीह रोड रेलवे स्टेशन से अभियुक्त पारस यादव पुत्र भगवान यादव, शिवजी यादव पुत्र भगवान यादव, विश्वामित्र यादव पुत्र पारस यादव, आशा यादव पत्नी पारस यादव निवासीगण उधोदवनी थाना बांसडीहरोड तथा मुकेश यादव उर्फ दरोगा पुत्र प्रभुनाथ यादव निवासी ग्राम शीतल दवनी थाना बांसडीहरोड गिरफ्तार किया। वहीं उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त फावड़ा, लोहे की रॉड, लाठी बरामद किया।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दो गैस सिलेंडर नि :शुल्क रिफिल किये जायेंगे

**मऊ।** जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 02 निःशुल्क एल०पी०जी० सिलेण्डर रिफिल प्रदान किए जायेंगे । उक्त योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर से दिसम्बर, 2024 तथा द्वितीय चरण में जनवरी, 2025 से मार्च, 2025 तक लाभार्थियों को पूर्णतया निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल का वितरण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे लाभार्थियों के आधार प्रमाणित होते जायेगें उसी क्रम में उन्हें उक्त योजनान्तर्गत आच्छादित करते हुए निःशुल्क सिलेण्डर का वितरण किया जाएगा। योजनान्तर्गत सर्वप्रथम लाभार्थी अपने स्तर से प्रचलित उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर 14.2 किग्रा० का सिलेण्डर रिफिल प्राप्त करेगा, जिसके 03 से 04 दिन के उपरान्त योजनान्तर्गत दिये जाने वाली सब्सिडी उसके आधार प्रमाणित खाते में ऑयल कम्पनियों द्वारा अन्तरित की जायेगी। उक्त योजना का लाभ पाने के लिए उन्होंने यह भी बताया कि जनपद के समस्त उज्जवला योजना के लाभार्थी अपनी-अपनी गैस एजेन्सी से सम्पर्क कर अपना आधार प्रमाणीकरण करा लें।

### आगामी त्योहार के दृष्टिगत मऊ जनपद की खाद्य सामग्रियों की दुकानों में की गई छापेमारी

**मऊ।** आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के अवसर पर खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट के विरूद्ध आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार चलाये गये विशेष अभियान के क्रम में, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा आज उपजिलाधिकारी घोसी, राजेश कुमार अग्रवाल, उपजिलाधिकारी-मुहम्मदाबाद गोहना, हेमंत कुमार चौधरी तथा सहायक आयुक्त (खाद्य)-2. सुरेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न स्थानों पर औचक छापेमारी करते हुये, मिलावट के संदेह में विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 06 नमूनें खाद्य विश्लेषक की प्रयोगशाला से जांच कराने हेतु संग्रहित किये गये। विक्रय किये जा रहे उक्त प्रतिष्ठानों पर असुरक्षित / मिथ्याछाप / अधोमानक के संदेह में लगभग 150 क्विंटल रंगीन कचरी, अनुमानित मूल्य रू0 500000 को नियमानुसार जब्त कर दिया गया। संग्रहित किये गये नमूनों का विवरण इस प्रकार है- करहां, मऊ स्थित श्री रामशरण चौहान के कचरी विनिर्माण इकाई से खाद्य रंग के 02 नमूनें तथा रंगीन कचरी के 02 नमूनें नमूनें लेकर विनिर्माण इकाई में विक्रय हेतु भण्डारित लगभग 150 क्विंटल रंगीन कचरी, अनुमानित मूल्य रू0 500000 को नियमानुसार जब्त कर दिया गया। मझवारा मोड़, मऊ स्थित श्री मनोज कुमार के मिष्ठान प्रतिष्ठान से बूंदी के लड्डू का नमूना। अमिला मोड़ थानीदास, मऊ स्थित मिष्ठान प्रतिष्ठान माँ वैष्णो स्वीट्स से बूंदी के लड्डू का नमूना संग्रहित किये गये। उक्त नमूनों को वास्ते जांच राजकीय जन विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित कर दिया गया है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट सिद्ध पाये जाने पर सम्बन्धित खाद्य कारोबारकताओं के विरूद्ध, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही की जायेगी। जांच दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री अमित कुमार राना, विजय प्रकाश, सत्यराम यादव, अजीत कुमार त्रिपाठी तथा श्रीमती रीता उपस्थित रहे।

### दीपावली आदि त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं: राकेश सिंह

**दुबहड़।** आगामी दीपावली, छठ एवं कार्तिक पूर्णिमा के महत्वपूर्ण त्यौहार में शांति एवं सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय दुबहड़ थाना पर पीस कमेटी की बैठक शनिवार की शाम आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए दुबहड़ थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने कहा कि त्योहार हमारे भारतीय संस्कृति की पहचान है। इसे आपसी सौहार्दपुर्ण वातावरण में मिलजुल कर मनाएं। हमारे त्योहारों से हमें सीख मिलती है कि अगर किसी से मन में कोई मनमुटाव भी है तो वह त्यौहार के दिन समाप्त हो जाता है। उन्होंने लक्ष्मी पूजा के कमेटी के लोगों से कहा कि सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से केवल पूजा-पाठ करेंगे। किसी प्रकार की हुड़दंगई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पूजा कमेटी के एक-एक लोगों से उनके विचारों को सुना और उनकी समस्याओं का निस्तारण किया। पूजा कमेटी में ज्यादातर नौजवान सदस्यों को देखकर इंस्पेक्टर दुबहड़ ने उन्हें नम्रता, उदारता, शालीनता के महत्व संबंधी संस्कार का भी पाठ पढ़ाया।

## 15 नवंबर को मनाई जाएगी विश्व प्रसिद्ध काशी की देव दीपावली, 12 लाख दीपों से रोशन होंगे घाट

# शिव भजन पर ग्रीन क्रैकर शो व लेजर शो का दिखेगा अलौकिक संगम

- अमेरिका में अत्याधुनिक तकनीक पर विकसित फायर वन फायरिंग सिस्टम से पहली बार काशी में होगा ग्रीन एरियल

**केटी न्यूज/वाराणसी**

### अलौकिक व अद्भुत दृश्य का होगा दीदार

क्रैकर शो,लेजर शो और संगीत की त्रिवेणी मंत्रमुग्ध करने के साथ ही अलौकिक,अकल्पनीय और अद्भुत दृश्य का दीदार कराएगी। लेजर शो पूर्णिमा की रात में आकाश को जीवंत रंगों और पैटर्न से रोशन करेगा, जो शहर के क्षितिज को सतरंगी बना देगा। माँ गंगा के आंचल में आतिशबाजी का प्रतिबिंबे देव दीपावली के माहौल कौ अविस्मरणीये बनाएगा।

काशी की उत्तरवाहिनी जाह्नवी के दोनों तट देव दीपावली पर अद्भुत रोशनी से जगमग होंगे। अर्धचन्द्राकार घाट दीपों की माला पहने दिखेगी तो वही गंगा पार रेत परे आकाश को जीवंत रंगों और पैटर्न से रोशन करने वाले क्रैकर शो, लेजर शो और संगीत के संगम का पर्यटक एक साथ आनंद ले सकेंगे। रेत पर शिव के भजनों और धुनों परे ग्रीने आतिशबाजी होगी। विश्व प्रसिद्ध काशी की देव दीपावली 15 नवंबर को मनाई जाएगी। श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार के सामने रेत परे ग्रीने एरियल फायरे क्रैकर्से शो होगा। योगी सरकारे देवे दीपावली को दिव्य और भव्य बनाने के लिए 12 लाख दीपों से घाटों को रोशन करने के साथ, लेजर शो, क्रैकर्से शो भी कराएगी। पर्यटन विभाग के उप निदेशक राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि गंगा पार रेत पर पारंपरिक कलात्मकता को अत्याधुनिक तकनीक के साथ जोड़ती हुई यह देव दीपावली खास होगी। अमेरिका में विकसित अत्याधुनिक तकनीक के "फायर वन फायरिंग" सिस्टम से लगभग 10 मिनट तक शिव भजन व संगीत पर काशी में पहली बार ग्रीन क्रैकर शो और लेजर शो का अलौकिक दृश्य दिखाई देगा। काशी में आने वाले पर्यटक घाटों पर गंगा आरती के साथ ही गंगा पार रेत परे ग्रीने आतिशबाजी का आनंद ले सकेंगे।

**पर्यावरण के अनुकूल होगी ग्रीन आतिशबाजी:** ग्रीने एरियल फायरे क्रैकर्से शो करने वाली कंपनी एक्सिस कम्युनिकेशन के सीईओ मनोज गौतम ने बताया कि रेत पर लगभग 1.5 किलोमीटर के स्ट्रेच परे ग्रीने एरियल फायरे क्रैकर्से शो होगा। भगवाने शिव की महिमा पर आधारित "हर-हर शम्भू","शिव तांडव"आदि भजनों के 9 से 10 ट्रैके परे आतिशबाजी शो होगा। आतिशबाजी के दौरान आसमान में सतरंगी छटा बिखेरी जाएगी। आकाश में कई तरह के आकर्षक चित्र भी दिखाई देंगे। कंपनी के इंडिया हेड संजय प्रताप सिंह ने बताया कि क्रेकरे शो में पटाखे लगभग 60 से 70 मीटर ऊंचाई तक जाते हैं ,जो काफी दूर से दिखाई देते है। क्रैकर शो,लेजर शो के प्रदर्शन में उपयोग की जाने वाली ग्रीन आतिशबाजी पर्यावरण के अनुकूल होती है । पटाखों की आवाज 70 डेसीबल से कम होती है।

# महाकुंभ में आकर्षण का केंद्र बनेगा भारद्वाज आश्रम जहां खोजी गई विमान उड़ाने की 500 टेक्नीक

**केटी न्यूज/प्रयागराज**

महाकुंभ से पहले धार्मिक स्थलों का पुनर्निर्माण योगी सरकार की प्राथमिकता में है। इसी को लेकर योगी सरकार ने भारद्वाज मुनि के आश्रम के पुनर्निर्माण के लिए 13 करोड़ रुपए का बजट रखा है। यहां 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। महाकुंभ आयोजन शुरू होने से पहले सभी काम पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रयागराज का भारद्वाज मुनि का आश्रम आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन रहा है। यहीं दुनिया में पहली बार विमान उड़ाने की टेक्नोलॉजी खोजी गई। पौराणिक मान्यता के अनुसार भारद्वाज मुनि ने यहीं पर विमान उड़ाने के 500 प्रकार के तरीके ईजाद किए हैं। सूर्य की किरणों से चलने वाले विमान की टेक्नोलॉजी खोजने वाले भारद्वाज मुनि पहले ऋषि हैं।

मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक भारद्वाज मुनि के आश्रम का पुनर्निर्माण का कार्य पूरी गति से आगे बढ़ रहा है। मंदिर के कॉरिडोर को अंतिम रूप देने के लिए दिन रात काम चल रहा है। निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कई राज्यों के मजदूरों को यहां लगाया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्राचीन भारतीय विमान निर्माण कला पर आधाारित महान वैज्ञानिक महर्षि भारद्वाज के आश्रम का कायाकल्प किया जा रहा है। यहां दीवारों पर भित्ति चित्र जिसमें भारद्वाज ऋषि से जुड़ी कहानियां, भगवान राम के वन गमन के चित्र, वन्य जीवों के चित्र बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा, छाया में बैठने के लिए बेंच, पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन, मार्ग प्रकाश के लैंप, मुख्य द्वार का निर्माण, पार्किंग स्थल आदि निर्मित किया जा रहा है।

**सप्त ऋषियों में सबसे ज्यादा सम्मान:** संगम नगरी में महर्षि भारद्वाज का आश्रम सदियों से सनातन संस्कृति कासंवाहक है। प्रयागराज को तीर्थराज कहा गया है। यहां की पौराणिक मान्यता है कि भारद्वाज मुनि प्रयागराज के प्रथम निवासी ऋषि थे। सप्तऋषि परिवार में भारद्वाज ऋषि का नाम सबसे ज्यादा आदर से लिया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पलामू पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 24 बाइक व अन्य सामान से भरा 2 ट्रक किया जब्त

**पलामू, एजेंसी।** पलामू पुलिस और जीएसटी डिपार्टमेंट ने विधानसभा चुनाव के दौरान वाहन चेकिंग के बीच बड़ी कार्रवाई की है. टीम ने वैध कागजात नहीं होने के कारण एक ट्रक में लदे 24 बाइक को जब्त किया है. लेस्लीगंज थाना में वाहन चेकिंग के दौरान ये कार्रवाई की गई है. इसके साथ ही से लदे एक अन्य ट्रक को जांच के लिए लेस्लीगंज थाना में रखा गया है. जानकारी के अनुसार, राज्य कर और आयकर विभाग की टीम मामले की गहनता से जांच कर रही है. जब्त किए गए बाइक का बिल जब्ती के बाद का है, जिसे लेकर संदेह की स्थिति है. इस मामले में आशंका जताई जा रही है कि उक्त सामान को चुनाव में मुफ्त बांटकर चुनाव प्रभावित करने की मंशा थी.

### डीआईजी की टीम ने हजारीबाग में पकड़ा अवैध कोयला लदा ट्रक

**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग में अवैध कोयले से लदे ट्रक को डीआईजी की टीम ने पकड़ा है. शुक्रवार की देर रात हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर को गुप्त सूचना मिली कि नगमा टोल टैक्स के पास कई अवैध कोयला लदे ट्रक पार करने वाले है, जिसके बाद पुलिस टीम को नगमा टोल प्लाजा के पास भेजा गया. इस दौरान 12 चक्का ट्रक( एनएल 01 एए 7064 ) नगमा टोल प्लाजा के पास पकड़ा गया. जिसके बाद ट्रक के चालक से ट्रक पर लोड कोयला के संबंध में वैध कागजात की मांग की गयी, तो चालक के द्वारा वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किये जा सके. ट्रक ड्राइवर ने बताया कि इस ट्रक के मालिक बिनु सिन्हा हैं. इसके बाद पुलिस द्वारा ट्रक और उसके चालक को कुर्रा थाना को सुपुर्द कर दिया गया.

### हेमंत सोरेन के खिलाफ भाजपा को मिल गया उम्मीदवार, बरहेट से गमालियल हेम्ब्रम लड़ेंगे चुनाव

**बरहरवा ( साहिबगंज), एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ आखिरकार भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) को उम्मीदवार मिल ही गया. झारखंड मुक्ति मोर्चा ( झामुमो ) के गढ़ बरहेट ( एसटी ) विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने गमालियल हेम्ब्रम को टिकट देने का फैसला कर लिया है. अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित बरहेट विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी. इस सीट को झामुमो का गढ़ माना जाता है. वर्ष 2014 से हेमंत सोरेन बरहेट विधानसभा सीट से चुनाव जीत रहे हैं.संताल परगना के साहिबगंज जिले में स्थित इस विधानसभा सीट पर आज तक भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) को जीत नहीं मिली. वर्ष 1957 और वर्ष 1962 के चुनाव में झारखंड पार्टी के टिकट पर बाबूलाल टुडू यहां से चुनाव जीते थे. इसके बाद वर्ष 1967 और वर्ष 1972 में मसीह सोरेन निर्दलीय चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे. वर्ष 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर परमेश्वर हेम्ब्रम जीते.वर्ष 1980 और वर्ष 1985 में कांग्रेस पार्टी के टिकट पर थॉमस हांसदा बरहेट ( एसटी ) विधानसभा सीट के विधायक चुने गए. इसके बाद वर्ष 1990, 1995 और वर्ष 2000 में लगातार तीन बार झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर हेमलाल मुर्मू ने चुनाव जीता. वर्ष 2005 में यहां से थॉमस सोरेन जीते.वर्ष 2009 में हेमलाल मुर्मू ने एक बार फिर यहां से जीत दर्ज की. इसके बाद वर्ष 2014 में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और दिशोम गुरु के पुत्र हेमंत सोरेन ने यहां से चुनाव जीता. वर्ष 2019 में एक बार फिर हेमंत सोरेन ने चुनाव जीता. इसके बाद वह झारखंड के मुख्यमंत्री बने.

### उद्घाटन के 21 दिनों बाद ही धंस गयी 461.90 करोड़ की आठ लेन सड़क

**धनबाद, एजेंसी।** उद्घाटन के 21 दिनों बाद ही 461.90 करोड़ की लागत से बनी झारखंड की पहली आठ लेन सड़क धंस गयी. चार अक्तूबर 2024 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आठ लेन सड़क का ऑनलाइन उदघाटन किया था. शुक्रवार को शाम चार बजे झारखंड मोड़ से तेतुलमारी जानेवाली धारजोड़ी बस्ती के समीप सर्विस लेन की सड़क धंसी. यहां 8–10 मीटर गोलाकार तथा आठ मीटर गहरा गड्ढा हो गया है. घटना के बाद यहां न तो बैरिकेडिंग की गयी है और न ही सुरक्षा की व्यवस्था. इस वजह से असर्फी अस्पताल से लौट रही नर्सिंग की तीन छात्राएं गड्ढे में गिर गयी. इनमें से एक का हाथ–पैर टूट गया. गौरतलब है कि 20 दिन पहले भी असर्फी अस्पताल व झारखंड मोड़ आठ लेन सड़क धंसी थी.

# विधवा पेंशन से लेकर छात्र योजनाओं तक हेमंत सरकार ने सबको धोखा दिया: बाबूलाल मरांडी



**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो में शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड की हेमंत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस की सरकार ने झारखंड की जनता से पांच सालों तक छल किया है। साथ ही 2019 में किए हेमंत सोरेन के वादों पर भी सरकार को घेरा है।

मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि गरीबों को साल में 7200 रुपये देंगेष महिलाओं को चूल्हा खर्चा के लिए 2 हजार रुपये प्रतिमाह देंगे। बच्चियों को कहा था कि शादी के लिए उन्हें सोने का सिक्का देंगे। विधवाओं को भी 2500 रुपये पेंशन देने का झूठा वादा किया। युवाओं को पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि पांच लाख नौकरी तो छोड़ दीजिए, बल्कि पांच साल में जितनी परीक्षाएं हुई सभी में पेपर लीक हुए। साथ ही कहा कि पूरे पांच सालों तक जनता को सरकार ने ठगा भी और लूटा भी। मरांडी ने कहा कि चुनाव नजदीक आया तो महिलाओं को मंईयां योजना के नाम पर 1000 रुपये देना शुरू कर दी।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याण की योजनाएं आम लोगों तक पहुंच रही है। भाजपा ने गरीबों को पक्का मकान दिलाया। आयुष्मान योजना के तहत बीमार अस्तपताल में पांच लाख तक का इलाज करा सकता है। महिलाओं को गैस कनेक्शन, हर घर सौचालय और किसानों के खाते सहायता राशि दी जा रही है। देश के 80 करोड़ गरीबों को प्रति व्यक्ति पांच किलो राशन मिल दिया जा रहा है। झारखंड में भी दो करोड़ लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।

मरांडी ने कहा कि झारखंड में यदि भाजपा की सरकार बनेगी तो महिला सशक्तिकरण के लिए प्रत्येक माह के 11 तारीख को महिलाओं खाते में 2100 रुपये गोगो दीदी योजना के तहत डाले जाएंगे। साथ ही कहा कि 500 रुपये में गैस सिलेंडर और पर्व त्योहार के लिए साल में 2 गैस सिलेंडर मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा बी.ए और एम.एम पास कर रोजगार के लिए भटकते हैं उन युवाओं को 2 साल तक 2000 प्रति माह प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, ताकि वह अपनी पढ़ाई जारी रख सकें और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। झारखंड मे भाजपा की सरकार बनेगी तो पांच साल में 21 लाख पक्का मकान गरीबों को उपलब्ध कराई जाएगी।

मरांडी ने कहा कि भाजपा मकान बनाने के लिए गरीबों को बालू मुफ्त में उपलब्ध कराएगी। भाजपा सरकार बनते ही झारखंड में दो लाख 87 हजार पदों को भरा जाएगा। साथ ही उसका एक कैलेंडर भी जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि 2025 के 15 नवंबर तक दो लाख 87 हजार में से एक लाख रिक्त पदों को भरा जाएगा। पांच साल में गैर सरकारी क्षेत्रों में भी युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भाजपा काम करेगी।

### अवैध शराब के विरुद्ध चलाया अभियान, 5000 किलो जावा महुआ किया गया नष्ट

**रामगढ़, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को उत्पाद विभाग रामगढ़, उत्पाद विभाग रांची, उत्पाद विभाग पुरुलिया (पश्चिम बंगाल), बरलंगा थाना एवं सिल्ली थाना के सहयोग से संयुक्त अभियान चलाया गया। रामगढ़, रांची एवं पुरूलिया से सटे सीमावर्ती इलाकों, रामगढ़ थाना अंतर्गत स्वर्ण रेखा नदी के किनारे बरलंगा, नावाडीह, कोराम्बे, पुरुलिया जिला अंतर्गत झालदा, तुलिन, बरजोपुर एवं सिल्ली थाना अंतर्गत हलमाद, सिल्ली आदि जगहों में सघन एवं व्यपाक उत्पाद छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान से 20 अवैध शराब की भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। वहीं 5000 किलोग्राम जावा महुआ एवं 500 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। साथ ही संबंधित घटनास्थल पर पदाधिकारियों द्वारा संबंधित जिले में कई अभियोग दर्ज किया गया है।छापेमारी अभियान में मुख्य रूप से कांग्रेस कुमार, अवर निरीक्षक उत्पाद रामगढ़, अमित मड़की अवर निरीक्षक उत्पाद रामगढ़, अनंत कुमार सिंह बरलंगा थाना, रजनीश कुमार, निरीक्षक उत्पाद राँची, रूपेश कुमार, अवर निरीक्षक उत्पाद, राँची, दिलीप कुमार, अवर निरीक्षक उत्पाद राँची, स्नेहाशीष सेन, अवर निरीक्षक उत्पाद रांची, रवि कुमार, अवर निरीक्षक सिल्ली थाना, रबिन्द्रनाथ जीत क्षेत्रिय उत्पाद पदाधिकारी, पुरूलिया जिला बल के जवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## घेराबंदी की जगह सड़क पर डाली मिट्टी, टकराकर घायल हुई नर्सिंग छात्रा



**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड मोड़ से तेतुलमारी जाने वाले आठ लेन मुख्य मार्ग पर धंसी सड़क के पास शुक्रवार की शाम हुई दुर्घटना में धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्रा तनु ( 19 ) गंभीर रूप से घायल हो गयी. शुक्रवार की शाम तनु अपने दो साथियों के साथ नावाडीह स्थित असर्फी अस्पताल में ट्रेनिंग समाप्त कर अपने घर लौट रही थी. इसी दौरान धारजोड़ी के समीप अंधेरे के कारण सर्विस लेन में धंसी सड़क नहीं देख पायी.

धंसी सड़क पर अवरोध के लिए रखे मिट्टी के टीले से वे टकरा गयीं. इस घटना में स्कूटी पर सवार सभी छात्राएं गिर गयीं. स्कूटी चला रही छात्रा को गंभीर चोट आयी है. स्थानीय लोगों के अनुसार उसके हाथ और पैर टूट गये हैं. वहीं सिर व चेहरे में भी गंभीर चोट आयी है. घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल सभी छात्राओं को ऑटो से असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

दुर्घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था में दिखी तत्परता = आठ लेन सड़की सर्विस लेन धंसने के बाद उसे दखने के लिए आस-पास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी. सभी वाहन को सर्विस लेन सड़क पर रोक दिया गया. लेकिन पूरी तरह से सुरक्षा के इंतजाम नहीं किये गये थे. सिर्फ एक तरफ वाहनों को रोकने के लिए मिट्टी जमा कर दिया गया. वहां अंधेरा था.

इसी वजह से उक्त छात्राएं दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. दुर्घटना के बाद सड़क लेन के दोनों तरफ सुरक्षा घेरा लगाया गया. गड्ढा होने के बाद मिट्टी का ढेर लगा कर रास्ता को बंद कर दिया गया. वहीं रूट को डायवर्ट किया गया. सड़क धंसने के तुरंत बाद सुरक्षा के इंतजाम किये जाते तो, यह दुर्घटना नहीं होती.

### झारखंड आंदोलनकारी श्यामा प्रसाद महतो का निधन, शोक

**सरायकेला, एजेंसी।** चांडिल अनुमंडल अंतर्गत कुकड़ू प्रखंड के केंदाअंदा निवासी झारखंड आंदोलनकारी श्यामा प्रसाद महतो का शुक्रवार की रात निधन हो गया. वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे. बीमारी के कारण बीती रात करीब नौ बजे उन्होने अपने पैतृक निवास में अंतिम सांस ली. श्यामा प्रसाद महतो विद्यार्थी काल में छात्र नेता भी रहे थे. ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के एकमात्र डिग्री कॉलेज सिंहभूम कॉलेज चांडिल के अध्यक्ष भी रह चुके थे. अपने कार्यकाल में उन्होंने छात्र हित में कई काम किए थे. श्यामा प्रसाद महतो ने ही चांडिल कॉलेज मोड़ में पहली बार टाटा-बरकाखाना ट्रेन का चेन पुलिंग कर ट्रेन रुकवायी थी.इसके कारण इन्हें रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार किया था और उन्हें एक रात जेल में गुजारना पड़ा था. इसके बाद विद्यार्थियों के आक्रोश और उनकी मांग को देखते हुए चांडिल कॉलेज मोड़ में छात्रों के लिए टाटा-बरकाखाना ट्रेन लगातर रुकती है. झारखंड आंदोलनकारी दिवंगत श्यामा प्रसाद महतो ने वर्ष 1985 में ईचागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुना भी लड़ चुके थे.

## भाजपा ने इंडी गठबंधन में बढ़ती दरार पर दागे सवाल

**रांची, एजेंसी।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने विपक्षी गठबंधन 'इंडी' में बढ़ती आंतरिक दरारों पर गंभीर प्रश्न उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन केवल नकारात्मक उद्देश्य से बना था और जैसे-जैसे इसमें शामिल दलों के भीतर सत्ता की लालसा बढ़ रही है, वैसे-वैसे इनके बीच के मतभेद भी गहराते जा रहे हैं।



वे भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उमाशंकर अकेला के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद इस क्षेत्र में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी आमने-सामने होंगी। इसी तरह धनवार विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और माले आमने सामने है। यह स्थिति कई विधान सभाओं में है। यह स्थिति दर्शाती है कि सत्ता के लोभ में ये दल किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री पद के रोटेशनल फॉर्मूले को लेकर भी झामुम और कांग्रेस में मतभेद उभरे हैं और अब विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भी इनके बीच की खाई बढ़ती दिखाई दे रही है।

अजय साह ने लिट्टीपाड़ा के विधायक दिनेश विलियम मरांडी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका आक्रोश केवल उनका व्यक्तिगत मामला नहीं है, बल्कि यह पूरे झामुम के कार्यकर्ताओं की भावनाओं को व्यक्त करता है। कार्यकर्ताओं को पार्टी में अनदेखा किए जाने का अनुभव हो रहा है, क्योंकि लगातार एक ही परिवार को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे पार्टी में घुटन का माहौल बन गया है। विलियम मरांडी ने बिलकुल सही कहा है कि झामुमो अब एक परिवार में सीमित होकर रह गई है और सारे फ़ैसले दलालों और बिचौलियों द्वारा लिए जा रहे हैं।

साह ने बरही के विधायक उमाशंकर अकेला के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस के विधायक खुद अब अपनी पार्टी की सच्चाई उजागर कर रहे हैं। अकेला ने कांग्रेस पर पार्टी के टिकट दो-दो करोड़ रुपये में बेचने का आरोप लगाया है। इससे यह प्रतीत होता है कि कांग्रेस जाते-जाते जितनी संभव हो सके उतनी लूट करने की योजना बना रही है। यह आरोप अत्यंत गंभीर है और अजय साह ने चुनाव आयोग से आग्रह किया है कि वह इसकी जांच करे और चुनाव में कांग्रेस व झामुम द्वारा धनबल के प्रयोग पर रोक लगाए।

## केंद्र पर हमलावर हुआ जेएमएम, कहा- लोकतंत्र के पर्व को कमजोर करने की हो रही कोशिश

**रांच, एजेंसी।** = झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि केंद्र सरकार के इशारे पर चुनाव के समय झारखंड में जांच एजेंसियां सक्रिय हो गयी हैं. राज्य में यह खेल लंबे समय से चल रहा है. इसी साजिश के तहत राज्य के सबसे लोकप्रिय सीएम को जेल में डाला गया. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के पर्व को कमजोर करने की कोशिश हो रही है. सुप्रियो भट्टाचार्य झामुमो कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि साहिबगंज में एक तरफ नामांकन हो रहा है, वही दूसरी तरफ बिना तथ्य और सबूत के एक जांच एजेंसी की ओर से कारवाई की गयी.




सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लोकतंत्र का त्योहार चल रहा है और दूसरी तरफ उसे कमजोर करने का काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सच पूछा जाये, तो भाजपा चुनाव हार चुकी है. उनका बस एक ही मकसद रह गया है कि चुनाव को कैसे प्रभावित किया जाये. चुनाव के समय जानबूझ कर जांच एजेंसियों की कारवाई हो रही है. यह कार्रवाई करके परसेप्शन बनाया जा रहा है. अपने हथियार के रूप में इडी का इस्तेमाल किया जा रहा है. उन्होंने चुनाव आयोग से इसे संज्ञान में लेने की अपील की है.

उन्होंने कहा कि इडी के पास न तथ्य है और न कोई सबूत. इसकी कार्रवाई को तो हाइकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ने नकारा है. उन्होंने कहा कि हमारे एक प्रत्याशी, जो मंत्री रहे, ने सबसे ज्यादा काम किया. उनके परिवार को परेशान किया जा रहा है. ढाई साल में उन्होंने कौन सी जांच कर ली और क्या मिला है, यह बतायें.सुप्रियो ने आगे कहा कि लोकतंत्र के महापर्व को कमजोर करने का काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है. भाजपा द्वारा राजनीतिक घुसपैठ करायी जा रही है. इस काम के लिए कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय नेताओं को राज्य में लाया गया है. हिमंता के बयान पर उन्होंने कहा कि भाषा की मर्यादा भी तोड़ी जा रही है. समाज में जहर घोला रहा है और हिंसा की बात बोली जा रही है. फिर भी चुनाव आयोग मौन है. उन्होंने दावा कि हम लोग न सिर्फ चुनाव जीतेंगे, बल्कि समृद्ध और संपन्न झारखंड बनायेंगे.

### न्यायाधीश ने महिला बंदी की उसके बच्चों से करायी बात

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार व प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर शुक्रवार को अवर न्यायाधीश राकेश रोशन, एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल, शैलेन्द्र झा, सुमन पाठक, नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर, स्वाति कुमारी, मुस्कान चोपड़ा के साथ धनबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया.

न्यायाधीश ने जेल के हर बैरक में पहुंचकर वैसे बंदियों से बात की, जिन्हें ट्रायल कोर्ट द्वारा सजा हो चुकी है, परंतु किसी कारण से उनकी अपील झारखंड उच्च न्यायालय में दाखिल नहीं हो पायी है. न्यायाधीश ने कुल तीन वैसे बंदियों की पहचान कर उनकी ओर से अपील दाखिल करने का कार्रवाई शुरू करने का निर्देश अपने कार्यालय को दिया. वहीं एक महिला बंदी ने अपने बच्चों से बात करने की इच्छा जतायी. इस पर न्यायाधीश ने सीडब्ल्यूसी के सहयोग से महिला बंदी को उसके बच्चों से बात करायी. इसके बाद न्यायाधीश के नेतृत्व में टीम ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नाश्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली. कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने का निर्देश जेल डॉक्टर को दिया.

# पश्चिम बंगाल व उड़ीसा क्षेत्र में आए चक्रवात दाना के प्रभाव से प्रदेश बढ़ी ठंड

**रांची, एजेंसी।** चक्रवाती दाना तूफान का असर राज्य में राजनीतिक गतिविधियों पर पड़ा। शुक्रवार को नेताओं की रफ्तार इस वजह से थोड़ी धीमी हुई। राजनीतिक दलों के उपयोग में आने वाले विमान व हेलिकाप्टर खराब मौसम व कम दृश्यता के कारण उड़ान नहीं भर सके।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी के राजनीतिक कार्यक्रम भी इस वजह से टाल दिए गए। हेमंत सोरेन ने इस दौरान अधिकारियों से चक्रवात के प्रभाव का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वे स्वयं पिछले 24 घंटे से दाना चक्रवात की मानिटरिंग कर रहे हैं। हर घंटे अधिकारियों से जानकारी ले रहे हैं।

जानकारी मिली है कि बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवात धीमा पड़ गया है। इसके कारण पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां में एहतियात के तौर पर कुछ कदम उठाए गए हैं। उन्होंने लोगों से दिशा-निर्देश का पालन करने का आग्रह किया।

पश्चिम बंगाल व उड़ीसा क्षेत्र में आए दाना चक्रवाती तूफान का प्रभाव कोडरमा जिले में भी देखने को मिल रहा है। दाना चक्रवाती तूफान के प्रभाव से मौसम में काफी बदलाव आया है और गुरुवार को अचानक बारिश होने लगी। शुक्रवार को भी दिनभर बादल छाए रहे व बारिश की जगह फुहारें गिरीं।





इससे तापमान में भी काफी गिरावट दर्ज हुई।

बंगाल की खाड़ी के ऊपर गंभीर चक्रवाती तूफान दाना का अत्यधिक प्रभाव उड़ीसा व पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में रहा। आने वाले तूफान को देखते हुए राज्य सरकार ने कई जिलों में स्कूलों में शुक्रवार को अवकाश घोषित कर दिया था। सुबह में स्कूल जाने वाले बच्चों को ठंड का सामना करना पड़ा।

सुबह में गुलाबी ठंड पड़ने लगी है और बुजुर्ग लोग मार्निंग वाक करते समय चादर लेकर निकलने लगे हैं। अक्टूबर बीतने के साथ ही आने वाले दिनों में तापमान में अधिक गिरावट होने की संभावना है।

सरायकेला में दिखा चक्रवात दाना का असर

चक्रवाती तूफान दाना का प्रभाव सरायकेला-खरसावां जिले में गुरुवार से ही देखने को मिल रहा है। तेज हवा के साथ बारिश होने के कारण जनजीवन पूरी तरह से अस्तव्यस्त हो गई है। गुरुवार को दिन भर तेज हवा व वर्षा होती रही और शुक्रवार को भी यही हाल रहा।

तेज हवा के कारण कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए तो कई स्थानों पर घर के छत पर लगे टीन उखड़कर दूर जा गिरे। इतना ही नहीं तेज हवा के कारण रास्ते पर चलना मुश्किल हो रहा था।

दाना के खतरे को देखते हुए स्कूलों में छुट्टी दे दी गई थी, जिसके चलते जिले के सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। चक्रवाती तूफान दाना के कारण हो रही वर्षा को देखते हुए दिनभर लोग अपने अपने घरों में दुबके रहे, जिन्हें बहुत जरूरी काम था, वैसे लोग ही घर से निकले। दो दिनों से हो रही वर्षा ने क्षेत्र में ठंड बढ़ा दी है। इतना ही नहीं सरायकेला में लगे हाट-बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ था। कम ही व्यापारी शुक्रवार को हाट-बाजार पहुंचे।

चक्रवाती तूफान के कारण टाटानगर से होकर गुजरने वाली ट्रेनें तीन से चार घंटे विलंब से चली। इसके कारण इन ट्रेनों के यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। चक्रवाती तूफान के कारण शुक्रवार को एर्नाकुलम, कुर्ला, गीतांजलि, अहमदाबाद, साउथ बिहार सहित आठ ट्रेनें विलंब से चली।

इसके कारण यात्री ट्रेनों के इंतजार में स्टेशन में ही बैठे रहें। चक्रवाती तूफान के कारण दो दिन से शहर में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। इसके कारण शहर का तापमान काफी गिर गया है। ऐसे में जिन यात्रियों की ट्रेन दो या तीन नंबर में आने की सूचना थी, वे भी तेज हवाओं व बारिश की बौझार से बचने के लिए प्लेटफार्म नंबर एक में ही जमें रहें।

## सुभाषितम्

मूर्खों से बहस करके कोई भी व्यक्ति, बुद्धिमान नहीं कहला सकता, मूर्ख पर विजय पाने का एक उपाय यही कि उसकी ओर ध्यान नहीं दिया जाए। - संत ज्ञानेश्वर

## देश में चल रहा ईडी के नाम पर ठगी का रैकेट

**राजधानी दिल्ली में** फर्जी ईडी अधिकारी बनकर करोड़ों की ठगी करने की कोशिश का मामला सामने आया है। हाल ही में दक्षिण दिल्ली के छतरपुर इलाके के फार्म हाउस में 7 लोगों ने फर्जी ईडी अधिकारी बनकर फार्म हाउस मालिक से पांच करोड़ रुपये की मांग की। यही नहीं ईडी के फर्जी अधिकारियों ने फार्म हाउस में घुसकर वहां के लोगों को डराया धमकाया और रातभर बंदी बनाकर रखा। गैंगस्टर की तरह उन्हें धमकाया और उनके साथ मारपीट भी की गई। उनके मोबाइल छुड़ा लिए गए। अपराधी गिरोह के सदस्यों की तरह बंदी बनाए गए लोगों को धमकाया गया। तथाकथित ईडी के अधिकारी फार्म हाउस पर रातभर रुके रहे। डरा धमकाकर सुबह बैंक में मलिक को बैंक में ले जाकर उससे रकम वसूलने की कोशिश की। इसी बीच फार्म हाउस के मालिक ने अपने वकील और दोस्तों को फोन कर दिया। बैंक अधिकारियों ने भी गेट बंद करने की कोशिश की। इससे घबराकर फर्जी ईडी के अधिकारी बैंक से बाहर निकल गए। उन्होंने अपने साथियों को फार्म हाउस में भी सूचना दे दी, वहां से वह भी भाग गए। फार्म हाउस के मालिक की सूझ-बूझ से इस घटना का पदार्फाश हुआ। वह लुटने से बच गया। जब इसकी शिकायत पुलिस और ईडी के अधिकारियों को दी गई। ईडी के अधिकारियों ने छापे की कोई पुष्टि नहीं की। उसके बाद पुलिस ने लुटेरों को ढूंढने की कार्रवाई शुरू की। अभी तक पुलिस किसी को भी गिरफ्तार करने में सफल नहीं हो पाई है। यह घटना भारत में कानून और व्यवस्था की गंभीर स्थिति को उजागर करती है। भारत में जांच एजेंसी किस तरह से काम करती हैं। उनका किस तरह का भय आम लोगों के बीच है, यह उजागर होता है। इस घटना से स्पष्ट है कि ईडी के नाम पर ठगी का रैकेट देश के विभिन्न हिस्सों में किस तरह से चल रहा है। प्रवर्तन निदेशालय, जिसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक अपराधों और मनी लॉन्ड्रिंग पर नियंत्रण रखना है। ईडी को जांच और गिरफ्तारी के लिए विशेष अधिकार मिले हुए हैं। ईडी का भय और उसकी अपराधिक छवि गैंगस्टर की तरह बनती जा रही है। ईडी जिन लोगों को गिरफ्तार करती है और पिछले वर्षों में ईडी के अधिकारियों ने जिन्हें गिरफ्तार किया। उनमें बड़े-बड़े राजनेता, मुख्यमंत्री, मंत्री, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और बड़े-बड़े कारोबारी शामिल थे। उनकी कई महीने तक न्यायालय से जमानत नहीं हुई। जिसके कारण ईडी का भय आम लोगों में बड़ी तेजी के साथ फैल गया है। ईडी का नाम सुनते ही लोगों में डर और भय पैदा हो जाता है। ईडी के नाम का फायदा उठाकर अपराधी गिरोह भी बड़े पैमाने पर ठगी करने लगे हैं। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियों, जिनके पास व्यापक रूप से गिरफ्तारी के अधिकार हैं, उन जांच एजेंसी के अधिकारी किस तरह से लोगों को प्रताड़ित करते हैं। किस तरह से झूठे मामले बनाते हैं। अब यह बात किसी से छिपी हुई नहीं रही। समय-समय पर जांच एजेंसी के अधिकारी और कर्मचारियों के आचार-व्यवहार की जांच सरकार को करानी चाहिए। अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। ताकि कोई व्यक्ति जांच एजेंसियों के नाम का दुरुपयोग ना कर सके। राजधानी दिल्ली के पास छतरपुर में इस तरह की घटनाओं का होना हर किसी को डराने के लिए पर्याप्त हैं। कानून व्यवस्था को सशक्त बनाने और लोगों के मन में जांच एजेंसियों को लेकर विश्वास बहाल करने के लिए सरकार को विशेष प्रयास करने होंगे। पिछले कुछ महीनो में जिस तरह ईडी के अधिकारियों द्वारा वसूली किए जाने के मामले सामने आए हैं। उसके बाद से अपराधी गिरोह और ठग ईडी के अधिकारी बनकर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और ठगी करने लगे हैं। भारत में पिछले कुछ वर्षों में ठगी के मामले बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। गुजरात के गांधीनगर में हाल ही में नकली कोर्ट, नकली जज, नकली वकील और नकली फैसले से किस तरह से लोगों को ठगा जा रहा है। यह भी सामने आ चुका है। ऐसी स्थिति में सरकार को ठगी की इन घटनाओं को रोकने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। जिस तरह से ठगी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। उसके बाद सरकार की छवि पर भी इसका विपरीत असर पड़ रहा है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को इस मामले में सजग होने की जरूरत है।

# धर्मनिरपेक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के निहितार्थ

ललित गर्ग

**सुप्रीम कोर्ट ने अपने दो** हालिया फैसलों में धर्मनिरपेक्षता की विस्तृत व्याख्या करते हुए इसे और मजबूती दी है। असल में धर्मनिरपेक्षता को लेकर संविधान-निमार्ताओं का मुख्य उद्देश्य धार्मिक सहिष्णुता, समानता एवं बंधुत्व भाव से था, लेकिन बाद में यह शब्द भ्रामक हो गया और इसने धर्म के अस्तित्व को ही नकार दिया। राजनेताओं ने अपने-अपने हितों को साधने के लिये इस धर्मनिरपेक्षता शब्द के वास्तविक अर्थ एवं भावना को ही धुंधला दिया। सर्वोच्च अदालत ने बीते सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बाबत धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा बताया और स्पष्ट संकेत दिया है कि धर्मनिरपेक्षता को पश्चिमी देशों से आयातित शब्द के नजरिये से देखने के बजाय भारतीय संविधान की आत्मा के रूप में देखना चाहिए। धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की मूल विशेषता बताते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान में वर्णित समानता व बंधुत्व शब्द इसी भावना के आलोक में वर्णित हैं। साथ ही धर्मनिरपेक्षता को भारतीय लोकतंत्र की अपरिहार्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह समाज में व्यापक दृष्टि वाली उदार सोच को विकसित करने में सहायक है। जिसके बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। जो राष्ट्रीय एकता का भी आवश्यक अंग है।

ध्यातव्य है कि 42वें संविधान संशोधन के बाद भारतीय संविधान की प्रस्तावना में पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़ा गया, लेकिन पन्थनिरपेक्ष शब्द का प्रयोग भारतीय संविधान के किसी अन्य भाग में नहीं किया गया है। वैसे संविधान में कई ऐसे अनुच्छेद मौजूद हैं जिनके आधार पर भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य कहा जाता है क्योंकि भारत का संविधान देश के नागरिकों को यह विश्वास दिलाता है कि उनके साथ धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। संविधान में भारतीय राज्य का कोई धर्म घोषित नहीं किया गया है और न ही किसी खास धर्म का समर्थन किया गया है। इसका कारण भारत में अनेकों धर्म और सम्प्रदाय प्रचलित हैं। अतः संविधान निमार्ताओं ने इसको धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में स्वीकार किया। भारतीय समाज का बहुधर्मी व विभिन्न संस्कृतियों का गुलदस्ता होना भी इसकी अपरिहार्यता को दशार्ता है। निश्चित रूप से अदालत ने इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक सुविधा के लिये तल्खी दिखाने वाले नेताओं को भी आईना दिखाया है। पूर्व राष्ट्रपति डा. एस. राधाकृष्णन ने धर्म निरपेक्षता शब्द के व्यापक हार्द को स्पष्ट करते हुए कहा था- धर्मनिरपेक्ष होने का अर्थ अधर्मी होना अथवा संकुचित धार्मिकता पर चलना नहीं होता, वरन इसका अर्थ पूर्णतः आध्यात्मिक होना होता है। निरपेक्ष का अर्थ है कि राष्ट्र की ओर से किसी धर्म विशेष का प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। सब धर्मों के प्रति समानता का व्यवहार किया जाएगा। भारत के लोकतंत्र एवं संविधान की यही विशेषता है कि इसमें किसी एक धर्म को मान्यता न देकर सभी धर्मों को समान नजर से देखा जाता है।



आजकल धर्मनिरपेक्षता को लेकर चलने वाली बहसें अक्सर जिस तरह का तीखा रूप ले लेती हैं, उसके मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग इन दो फैसलों में इसकी अहमियत रेखांकित हुई है। एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा करार दिया तो दूसरे मामले में इसकी संकीर्ण व्याख्या से उपजी गड़बड़ियां दुरुस्त कीं। दूसरा मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द किए जाने से जुड़ा था, जिसे मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने गलत करार दिया। हाईकोर्ट ने इस एक्ट को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ माना था। धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत की इस संकीर्ण व्याख्या के चलते प्रदेश के 13 हजार से ज्यादा मदरसों में पढ़ रहे 12 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे थे। मगर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जरूरत मदरसों को बैन करने की नहीं बल्कि उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने की है। लेकिन यहां एक प्रश्न यह भी है कि क्या मदरसे मुख्यधारा में आने को तैयार है? क्या मदरसे एक धर्म-विशेष से जुड़ा मामला नहीं है? अदालत का यह मानना कि मदरसों पर रोक लगाने के बजाय उनके पाठ्यक्रम को वक्त की जरूरत और राष्ट्रीय सोच के अनुरूप ढाला जाना चाहिये, उचित एवं संविधान की मूल भावना के अनुरूप है। जिससे छात्रों की व्यापक दृष्टि विकसित हो सके। लेकिन क्या ऐसा संभव है? क्या मदरसे अपने पाठ्यक्रम को संकीर्ण दायरों से बाहर निकाल कर व्यापक परिवेश में नया रूप दे पायेंगे? ऐसा होता है तो अदालत की सोच से भारत की एकता एवं अखण्डता को नयी ऊर्जा मिलेगी। फिर तो अदालत का दो टूक कहना कि यदि किसी भी प्रकार से धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कमजोर पड़ती है तो अंततः इसका नुकसान समाज व देश को ही उठाना पड़ेगा, सही है। भारतीय समाज में सदियों से फल-फूल रही गंगा-जमुनी संस्कृति के पोषण देने के लिये सभी धर्मों एवं सम्प्रदायों को समानता से, बंधुत्व भावना से एवं उदारता से ही देखा जाना चाहिए।

आज धर्म-निरपेक्षता शब्द को लेकर राजनेता एवं राजनीति दो भागों में बंटी हुई है। समाज भी दो भागों मे बंटा है। आजादी के समय एवं संविधान को निर्मित करते हुए अंग्रेजी के सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्म करना भ्रामक हो गया। तब के इसी धर्म-निरपेक्ष शब्द के कारण आज विद्यालयों में धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाती, जिसका परिणाम यही है कि आज विद्यार्थियों का सर्वांगीण व्यक्तित्व-निर्माण नहीं हो रहा है। मैंने अणुव्रत आन्दोलन के प्रवर्तक आचार्य तुलसी के साथ विभिन्न राजनेताओं, धर्मगुरुओं, साहित्यकारों, पत्रकारों की इस शब्द को लेकर चचार्ओं में सहभागिता की। व्यापक सोच वाले आचार्य तुलसी का विश्वास रहा कि हिन्दुस्तान सम्प्रदाय निरपेक्ष होकर अपनी एकता को बनाए रख सकता है किन्तु धर्महीन होकर एकता को सुरक्षित नहीं रख सकता। लोकतंत्रीय राष्ट्र पर किसी सम्प्रदाय अथवा पंथ का आधिपत्य हो तो वह अपने लोकतंत्रीय स्वरूप को सुरक्षित नहीं रख सकता। इसलिए लोकतंत्रीय राष्ट्र का सम्प्रदाय अथवा पंथ-निरपेक्ष होना अनिवार्य है। साम्प्रदायिक कट्टरता में सहिष्णुता नहीं होती है अतः राजनीति किसी सम्प्रदाय विशेष की अवधारणा से संचालित नहीं होनी चाहिए। इसलिये संविधान में धर्मनिरपेक्ष के स्थान पर सम्प्रदाय-निरपेक्ष, मजहब-निरपेक्ष अथवा पंथ-निरपेक्ष शब्द का प्रयोग होना चाहिए। सम्प्रदाय निरपेक्ष होने का तात्पर्य धर्मनिरपेक्ष, धर्महीन या धर्मविरोधी होना नहीं हैं।

इसी कारण धर्मनिरपेक्ष शब्द के कारण राजनैतिक दलों के अलग-अलग खेमे बन गए। इससे धर्म विशेष को लेकर पार्टी के द्वारा वोटों की राजनीति चलने लगी। इसीलिये आचार्य श्री तुलसी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पी. वी. नरसिम्हाराव से इस संदर्भ में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा- जब तक सेक्युलर शब्द का सही अर्थ नहीं होगा, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों की समस्या नहीं सुलझ सकती। राजीव गांधी ने इस संदर्भ में नोट्स मांगे। उन्हें विस्तार से सारी बातें उपलब्ध कराई गईं। कुछ समय बाद संविधान में सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्मनिरपेक्ष बदलकर संप्रदायनिरपेक्ष कर दिया गया। लेकिन संविधान में धर्मनिरपेक्षता शब्द के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गयी। इसीलिये संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि धर्मनिरपेक्षता संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। सर्वोच्च अदालत के फैसले से यह भी साफ हुआ कि संशोधन के द्वारा प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े जाने का मतलब यह नहीं है कि इससे पहले धर्मनिरपेक्षता संविधान का अहम हिस्सा नहीं थी। चाहे समानता के अधिकार की बात हो या संविधान में आए बंधुत्व शब्द की या फिर इसके पार्ट 3 में दिए गए अधिकारों की, ये सब इस बात का साफ संकेत हैं कि धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की मूल विशेषता है।

## महाराष्ट्र में कांग्रेस की उदारता भाजपा के लिए चिंता का विषय

दिलीप कुमार पाठक

**महाराष्ट्र में 288 सीटों पर** 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव होना है। महायुति में सीटों के बंटवारे पर सहयोगी दलों के साथ सहमति पहले ही बन चुकी है। अब महा विकास अघाड़ी की बारी है। हालाँकि महा विकास आघाडी ने 85-85-85 सीटों का फामूर्ला निकाला था, बांकी बची हुई सीटों पर कांग्रेस लड़ना चाहती है, लेकिन उद्धव ठाकरे कांग्रेस को पूरी सीटें देना नहीं चाहते। वक्त कोई भी हो सहयोगी दलों के साथ सीटों का बंटवारा बिल्कुल भी आसान नहीं होता। राजनीति पल - पल बदलती है, खासकर राजनीति नम्बरों पर ही टिकी हुई होती है। हरियाणा की जीती हुई बाजी हारने के बाद कांग्रेस को महाराष्ट्र में बेहद कम सीटों पर संतुष्ट होना पड़ रहा है। जबकि महाराष्ट्र में भी कांग्रेस खासी मजबूत स्थिति में है। जिस महाराष्ट्र में कभी कांग्रेस अपने दम पर सरकार चलाती थी, अब स्थिति ऐसी हो गई है कि गठबंधन के सहारे चलना कांग्रेस की मजबूरी बन गई है। पिछले कई चुनावों में शरद पवार के साथ मिलकर कांग्रेस लड़ती रही है, जबकि अब तो शरद पवार - और कांग्रेस के साथ उद्धव ठाकरे भी आ गए हैं। हालाँकि ज़्यादा मजबूत सहयोगियों के साथ अपनी महत्वाकांक्षाओं को सीमित करना ही पड़ता है। यही गठबंधन धर्म है जो कांग्रेस निभाती हुई दिख रही है। जो तात्कालिक हरियाणा हार की कीमत है जो महाराष्ट्र में चुकानी पड़ रही है। यही कीमत है जो हर बार कांग्रेस चुकाती है सिर्फ. और सिर्फ. अपने क्षेत्रीय नेताओ के कारण जो खुद ही सबकुछ हासिल करना चाहते हैं।

कहाँ तो कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीतकर महाराष्ट्र के महा विकास आघाडी में बड़े भाई की भूमिका चाहती थी, लेकिन अब ऐसा होता नहीं दिख रहा। हरियाणा हार - जाने के बाद कांग्रेस को भाजपा से सीधी टक्कर में बेहद कमजोर माना जा रहा है, कांग्रेस हरियाणा में भाजपा से सीधे टक्कर में थी यही कारण है कि हरियाणा हारने के बाद कांग्रेस को निधाना बनाया गया है। यही कारण है ये भी है कि शरद पवार - संजय राउत कांग्रेस के साथ अच्छी खासी बार्गेनिंग करके फायदा उठा रहे हैं। जबकि कांग्रेस की उदारवादी सोच भाजपा के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। हालाँकि कांग्रेस विधानसभा चुनाव में लोकसभा वाला शानदार प्रदर्शन नहीं दोहरा पा रही है। हरियाणा इसका एक बड़ा उदाहरण है, जहां पर जीती हुई बाजी पार्टी ने गंवाई है। अगर महाराष्ट्र की बात करें तो कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव में 16 सीटों पर चुनाव लड़ा जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 13 सीटें जीती हैं, यहां भी 11 सीटों पर उसने बीजेपी प्रत्याशी को मात दी थी। अतः अब संदेश देने का प्रयास हो रहा है कि बीजेपी को हराने में सिर्फ कांग्रेस सक्षम है। ऐसे में पार्टी को अगर फिर महाराष्ट्र में अपनी स्थिति मजबूत करनी है उसे हर कीमत पर अपने पारंपारिक वोटबैंक को मजबूत करना होगा। यानी कि पार्टी को दलित, मुस्लिम और आदिवासी वोटरों को अपने पाले में लाने के लिए भरपूर कोशिश करनी चाहिए। जिस तरह से इस बार के लोकसभा चुनाव ने मराठवाड़ा के मराठा आंदोलन ने कांग्रेस के पक्ष में हवा बनाई, फिर कुछ वैसा ही कमाल पार्टी को करना पड़ेगा। स्थानीय मुद्दों को आगे लेकर चलना होगा। महाराष्ट्र में 85 सीटों पर लड़ने वाली कांग्रेस महाराष्ट्र में अपना सीएम नहीं बना पाएगी, अब तो यही लग रहा है। चूंकि पिछली बार कुछ ऐसी परिस्थितियां बनी कि सीएम पद तो उद्धव ठाकरे को दे दिया गया था क्योंकि समय की डिमांड कुछ ऐसी ही थी। अब जाहिर है कि कांग्रेस इस बार महाराष्ट्र में बड़े भाई की भूमिका में नहीं है, यही कारण है कि कांग्रेस महाराष्ट्र में वैसी नहीं दिख रही जैसी कांग्रेस कभी होती थी। महाराष्ट्र में भाजपा - कांग्रेस दोनों एक दूसरे को रोकने के लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं की बलि दे रहीं हैं, जहां बेहद कम सीटों वाले शिंदे को भाजपा ने सीएम बना दिया था। जबकि कांग्रेस ने अपने सिद्धांतो से समझौता करते हुए उद्धव ठाकरे को सीएम बना दिया था। देखा जाए तो हर राज्य का चुनाव दूसरे राज्यों से अलग होता है, सभी के मुद्दे अलग होते हैं। भाजपा महाराष्ट्र को हरियाणा की तरह जीतना चाहती है, जबकि महाराष्ट्र एवं हरियाणा में कुछ फर्क. हैं जो कांग्रेस के लिए राहत की बात हैं। दरअसल कांग्रेस पार्टी हर बार आपसी खींचतान अंदरुनी कलह, गुटबाजी में अव्वल रही है, कांग्रेस में अनुशासन की भारी कमी दिखती रही है, जबकि भाजपा अपनी अंदरुनी मामलों को पहले ही निपटा लेती है। कांग्रेस की अंदरुनी कलह भाजपा के लिए हमेशा फायदे का सबब होती रही है। हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश इसके ताजा उदाहरण हैं। हालाँकि कांग्रेस के लिए महाराष्ट्र में एक राहत की बात यह जरूर है कि महाराष्ट्र में कांग्रेस किसी एक लोकल नेता पर निर्भर नहीं है। जैसे राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट को लेकर विवाद था, हरियाणा में हुड्डा बनाम शैलजा की जंग थी। एमपी में कमलनाथ की मनमानी थी। लेकिन महाराष्ट्र में तो उसके अलग-अलग इलाकों में अलग स्थानीय नेता सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। ऐसे में महत्वकांक्षा या सत्ता की वो रस्साकशी यहां देखने को नहीं मिलने वाली। उदाहरण के लिए लातूर में अमित देशमुख, गढ़चिरौली और चंद्रपुर में विजय वडेट्टीवार, भंडारा में नाना पटोले अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं, महाराष्ट्र में कांग्रेस नेताओ की अंदरुनी कलह जैसी कोई स्थिति नहीं है जबकि अभी सीएम बनने - बनाने की बात अभी दूर की बात है क्योंकि अभी महा विकास आघाडी चुनाव लड़ने पर फोकस करना चाहेगी। महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी का अपने नेताओं पर अंकुश पार्टी के लिए एक अच्छा संकेत है जबकि भाजपा के लिए एक चिंता का विषय बना हुआ है, क्योंकि भाजपा के लिए जीत की राहें यहीं से बनना शुरू होती हैं।

## अटल के सपने का लेखक गांव बनाया निशंक ने!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

**मैंने अभी तक प्रत्यक्ष रूप में तो** इस गांव को देखा नही है,लेकिन मेरे बडे भाई एवं साहित्यिक मित्र डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने मेरे सामने देश के महान साहित्यकार एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की लेखकों के प्रति सम्मान सोच को साकार करते हुए जो शब्द चित्र में सामने उकेरे है,निश्चित ही उनसे एक ऐसे लेखक गांव ने जन्म लिया है,जहां ज्ञान की देवी सरस्वती अपने पुत्रों के माध्यम से निर्बाध बहेगी।देहरादून से 24 किलोमीटर की दूरी पर स्थित देश में अपनी तरह के इस पहले लेखक गांव का उद्घाटन 24 नवंबर को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उत्तराखंड के राज्यपाल ले जन गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय साहित्य, कला और संस्कृति महोत्सव के रूप में मनाए जाने वाले इस उदघाटन समारोह के दौरान केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी तथा लेखिका ममता कालिया जैसे अनेक दिग्गज मौजूद रहेंगे ,वही 65 से अधिक देशों के लेखन, कला और संस्कृति से जुड़े लोग इस भव्य एवं दिव्य साहित्यिक महोत्सव में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपनी शुभकामनाएं देंगे, जिनमें से 40 देशों से लोग यहां आ भी रहे हैं । जिनमें साहित्यिक जिज्ञासु छात्र भी शामिल हैं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री एवं देश के शिक्षा मंत्री रहे डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने देहरादून के निकट सुरम्य हिमालयी क्षेत्र थानो में यह लेखक गांव विकसित किया है, जहां लेखकों,साहित्यकारों,पत्रकारों व विचारकों को अपनी कृतियों के सृजन के लिए शांत एवं रचनाशील वातावरण मिल सकेगा।पद्मश्री डॉ कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर अपनी साहित्यिक रचनाओं को जन्म देने के लिए अक्सर मसूरी प्रवास करते थे,जहां मां सरस्वती की अनुभूति से उन्होंने अनेक पुस्तकों की रचना की।लेखक गांव के इस पहले साहित्यिक यज्ञ में तीन दिनों तक 30 सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें लेखन, संस्कृति, प्रकृति और कला से जुड़े विषयों पर चर्चा एवं विचार–विमर्श किया जाना शामिल है। महाकवि कालीदास, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी जैसी कालजयी हस्तियों का उल्लेख करते हुए लेखक गांव के जन्मदाता डॉ निशंक बताते है कि हिमालय हमेशा प्रेरणा का केंद्र रहा है और इस धरती में कोई तो ऐसी बात है कि लोगों ने यहां से प्रेरणा लेकर दुनिया में अपना नाम किया।उन्होंने जानकारी दी कि लेखक गांव में पुस्तकालय, ध्यान-योग केंद्र, प्रेक्षागृह, हिमालयी संग्रहालय, संजीवनी भोजनालय, नक्षत्र वाटिका, ग्रह वाटिका जैसी सभी व्यवस्थाएं विकसित की जा रही है, ताकि लेखक, लेखन कुटीर में रहकर अपनी सृजनशीलता को श्रेष्ठतम रूप दे सकेंगे और देश व समाज के लिए अच्छा साहित्य सामने लाया जा सके।यह पूछने पर कि उन्हें लेखक गांव की प्रेरणा कैसे मिली तो डॉ निशंक ने बताया कि लेखक गांव की सोच का जन्म पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी अटलजी के मन से हुआ है। अटल जी के मन में इस बात की बहुत पीड़ा थी कि इस देश में लेखकों का सम्मान नहीं है।

## चिंतन-मनन

### स्वस्थ समाज के लिए करें आत्म जागरण

**पिछले कुछ समय से अध्यात्म के क्षेत्र में** बाजारवाद का प्रभाव बढ़ा है। इसी वजह से अध्यात्म के क्षेत्र में भी अवमूल्यन हुआ है। अतः स्वस्थ समाज के लिए आत्म जागरण जरूरी है। जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद के अनुसार अध्यात्म के क्षेत्र में बाजारवाद ने प्रभाव डाला है और यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक युग है। इसमें पदार्थ की अधिक इच्छा के कारण व्यक्ति अशांत रहता है। अति योगवाद स्वच्छंद और अनियंत्रित भोगवाद के कारण स्वस्थ समाज का निर्माण नहीं हो पा रहा है। इसके लिए हर मनुष्य को अनुशासित व संस्कारित होना होगा, तभी वह समाज व सृष्टि के लिए उपयोगी होगा और व्यक्ति को संस्कारित करना ही अध्यात्म का काम है। आज मनुष्य उपभोक्ता बनकर रह गया है। जागो ग्राहक के नारे पर सिर्फ बाहर से जगाया जा रहा है, जबकि आज आवश्यकता है आत्म जागरण की। आध्यात्मिक अनुष्ठान से ही व्यक्ति के अंतर को जगाया जा सकता है। मनुष्य ने जल, वायु और पृथ्वी की निरंतर उपेक्षा से बहुत कुछ बिगाड़ दिया है। आज पीने लायक जल सिर्फ डेढ़ प्रतिशत बचा है। अगर अब भी मनुष्य नहीं जागा तो जल संकट और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में प्राचीन धरोहरों को संरक्षित करने का काम हो रहा है, ऐसे में अत्यंत प्राचीन काल में बने रामसेतु को भी संरक्षित करना चाहिए। यह धर्म विशेष नहीं बल्कि मानव मात्र की योग्यता और क्षमता का ऐतिहासिक प्रमाण भी है। उत्तरकाण्ड एक ऐसी कथा का वर्णन है जिसमें सभी का निचोड़ है। जो व्यक्ति अपनी ज्यादा प्रशंसा सुनना पंसद करता है, वह कभी ऊंचाई नहीं छू पाता। यही अवगुण दशानन रावण में भी था। वह अपनी गलती को स्वीकार न करते हुए प्रशांसा सुनने में ज्यादा मन लगाता था।

## आज का राशिफल

**मेष** अगर आप किसी बैंक से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको सफलता प्राप्त होगी।

**तुला** आज दिन शुभ फलकारक है। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी।

**वृषभ** आज दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपको दिन भर काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक** मामले में मिलेजुले फल प्राप्त होंगे और कुछ योजनाएं पूर्ण होने से आपको खुशी होगी।

**मिथुन** आज करियर में सफलता मिलेगी और बेहतर होगा कि आप फिजूल के खर्चे से बचें।

**धनु** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा।

**कर्क** आज भाग्य की दृष्टि से दिन उत्तम रहेगा और आपको परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा।

**मकर** कुछ ऐसे अनावश्यक खर्चे करने पड़ सकते हैं जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे।

**सिंह** दिन आपके लिए मिश्रित फलकारक है। आपको मानसिक शांति और खुशी प्राप्त होगी।

**कुंभ** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप जो भी कार्य अपने करियर को लेकर करेंगे।

**कन्या** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा।

**मीन** आज करियर के मामले में लाभ होगा। संतान के करियर को लेकर किसी विवाद का हल निकलेगा।

## राजकाज

### झारखंड में आदिवासियों को बांट दिया भाजपा

**झारखंड के विधानसभा** चुनाव में इस बार भाजपा ने आदिवासियों को आदिवासियों में ही बांट दिया है। लोकसभा के चुनाव में सभी आदिवासी सीटों से बीजेपी हार गई थी। भाजपा का कोई भी नेता आदिवासियों के बीच में अपनी जगह नहीं बना पाया था।भाजपा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा से पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को भाजपा में शामिल कर लिया है। उनको कोल्हान का टाइगर कहा जाता है।भाजपा ने इस बार आदिवासी नेताओं को आपस में समूहों के बीच बांट दिया है। हेमंत सोरेन और शिबू सोरेन को छोड़कर सभी पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा में शामिल हैं। चुनाव परिणाम के बाद पता चलेगा, पांच पूर्व मुख्यमंत्री मिलकर वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हराने में सफल होते हैं, या नहीं।

### दिल्ली बनी अंधेर नगरी और चौपट राजा

**देश की राजधानी दिल्ली है। यहां पर** केंद्र सरकार है। सुप्रीम कोर्ट है। हाईकोर्ट है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल है। प्रदूषण नियंत्रण मंडल है। दिल्ली सरकार है। दिल्ली के लोगों का पिछले कई वर्षों से प्रदूषण और धुएं के कारण दम घुट रहा है। प्रदूषण नियंत्रण को लेकर केंद्र सरकार का कानून है। दिल्ली सरकार का कानून है। दिल्ली में केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में उपराज्यपाल बैठे हुए हैं। प्रदूषण के कारण समय के पहले लोगों की मौत हो जा रही है। तब दिल्ली की यह हालत है। तमाम नियम कायदे कानून और सुरक्षा के इंतजाम होते हुए, दिल्ली में प्रदूषण को लेकर एक दूसरे के ऊपर ठीकरा फोड़कर अपने आप को बचा लेते हैं।जिनकी जवाबदारी है,वह दूसरे के सिर पर ढ़ीकरा फोड़ कर बच जाते हैं।जनता कैसे मरने से बचे। यह जनता को समझ में नहीं आ रहा है। आखिर भरोसा करे,तो किस पर करे। जब कहीं बस ना चले तो भगवान ही मालिक है। इसी को कहते हैं, अंधेर नगरी और चौपट राजा।

## कार्टून कोना

यूपीः सीट बंटवारे में साइकल के सामने हाथ का सरेंडर




## आज का इतिहास

1499 तुर्की और वेनिस में युद्ध भड़का। 1535 इंग्लैंड में सर थामस पर राजद्रोह का मुकदमा शुरू हुआ। 1784 हैदर अली और अंग्रेजों के बीच पोटो नोवो की लड़ाई हुई। 1840 नेपोलियन बोनापार्ट के दबाव में हालैंड नरेश लुई ने गद्दी छोड़ी। 1862 कोलकात्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन हुआ। 1882 डॉ.विधानचंद्र राय का जन्म हुआ। 1909 क्रांतिकारी मदनलाल ढींगरा ने लंदन में विलियम विलो और डॉ.लाल काका को गोली मार दी। 1910 दक्षिण अफ्रीका संघ ब्रिटिश साम्राज्य का अंग बना। 1926 दक्षिण अंगोला सीमा पर विवाद इंग्लो पुर्तगाली समझौता हुआ। 1934 कोरिया में चीन विरोधी दंगे भड़के । 1955 इम्पीरियल बैंक का राष्ट्रीयकरण कर भारतीय स्टेट बैंक लाया गया। 1962 डॉ.विधानचंद्र राय का निधन हुआ। 1962 रवांडा और बुरंडी स्वतंत्र हुआ। 1992 सैनिकों की संख्या में कटौती संबंधी समझौता नाटो और वारसा संधि के देशों में हुआ।

## दैनिक पंचांग

27 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.37 ब.से |
| चंद्र | सिंह में | धनु | 09.53 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मकर | 11.58 बजे से |
| बुध | तुला में | कुंभ | 13.45 बजे से |
| गुरु | वृष में | मीन | 15.18 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मेष | 16.48 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 18.28 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 20.26 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 22.40 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 00.56 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | कन्या | 03.08 बजे से |
| बजे तक | | तुला | 05.19 बजे से |

**रविवार** 2024 वर्ष का 301 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2081
**शक संवत्** 1946
**मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** एकादशी अहोरात्र।
**नक्षत्र** मघा 12.24 बजे को समाप्त।
**योग** ब्रह्म अहोरात्र।
**करण** बव 18.35 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण $12^{0}52'$
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872145
**जूलियन दिन** 2460610.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रवि उस्सानी
**तारीख** 23

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# कुश्ती में करियर बनाने के लिए आपको शारीरिक रूप से स्वस्थ्य होना आवश्यक है

**वर्तमान समय में कुश्ती एक करियर के रूप में युवाओं के समक्ष आ रहा है, इसमें करियर बनाने पर आप अपने देश और सम्पूर्ण विश्व में प्रसिद्धि प्राप्त कर सकते है, इस क्षेत्र में आने के लिए आपको शारीरिक रूप से स्वस्थ्य होना आवश्यक है, इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के पश्चात आपको सरकार द्वारा अनेक प्रकार की सुविधा प्रदान की जाती है, और सरकारी क्षेत्र में नौकरी प्राप्त करने के लिए प्राथमिकता दी जाती है।**

आधुनिक ओलंपिक में सन् 1896 में कुश्ती को सम्मिलित किया गया था, आधुनिक ओलंपिक खेलों के निर्माता कुवरतन एक सफल कुश्ती के पहलवान थे, अगर आप भी इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते है, तो आपको सम्पूर्ण जानकारी मिलने वाली है।

## पढ़ाई और खेल के बीच सामंजस्य स्थापित करना

कोच अपने यहाँ के सभी बच्चों को पढ़ाई सही से करने का निर्देश देते रहते है, जिससे उनके परीक्षा परिणाम पर इसका असर न पड़े, अधिकतर अखाड़ों में प्रैक्टिस सुबह-शाम होती है, इससे बच्चे विद्यालय का कार्य भी आसानी से कर सके, प्रतिदिन दो घंटे सुबह और दो घंटे शाम में प्रैक्टिस करना चाहिए और रविवार को अवकाश होना सही रहता है, आप इस प्रकार से कुश्ती में अपने करियर की शुरुआत कर सकते है।

## कुश्ती की अवधि

वर्तमान समय में कुश्ती में परिवर्तन हो रहा है, ओलंपिक खेलों में पहले कुश्ती की अवधि 15 मिनट थी, फिर 9 मिनट व 6 मिनट कर दी गई, इसके बाद इसकी अवधि 20 मिनट, 10 मिनट, 9 मिनट व 6 मिनट कर दी गई, आज के समय में एक कुश्ती की अवधि 5 मिनट है और 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के लिए यह 4 मिनट निर्धारित की गई है, इस अवधि में यदि कुश्ती का निर्णय नहीं होता है तो उसे सडेन डैथ का अतिरिक्त समय 3 मिनट दिया जाता है।



# इंटीरियर डिजाइनिंग फील्ड में स्वरोजगार के लिए अनेक संभावनाएं मौजूद हैं

**इंटीरियर डिजाइनिंग के तहत घर, ऑफिस, होटल, शॉप, मॉल आदि की आंतरिक सुरुचिपूर्ण साज-सज्जा की जाती है। अपने घर को साफ-सुथरा रखने के साथ-साथ हर कोई उसे यथासंभव सजाकर भी रखना चाहता है। यही कारण है कि इंटीरियर डिजाइनिंग की मांग बढ़ रही है और इसका दायरा महानगरों से बढ़कर नगरों और कस्बों तक पहुंच चुका है। लोग न सिर्फ होटल, बिल्डिंग, दफ्तर, शोरूम और दुकानों की अंदरूनी सजावट कराना पसंद करते हैं, बल्कि घरों को भी अंदर से सजाने की खास ललक देखी जा रही है। यही कारण है कि इंटीरियर डेकोरेशन के लिए प्रशिक्षित इंटीरियर डिजाइनर्स की सेवाएं लेना आजकल आम बनता जा रहा है। यहां तक कि मेलों, प्रदर्शनियों, सामाजिक समारोहों के अलावा निजी समारोहों को सजाने के लिए भी ऐसे प्रोफेशनल्स की मांग बढ़ रही है। इस फील्ड में स्वरोजगार के लिए भी अनेक संभावनाएं मौजूद हैं।**

## संभावनाएं


इंटीरियर डिजाइनिंग से जुड़े प्रोफेशनल्स कंस्ट्रक्शन कंपनियों, आर्किटेक्चर फर्मों, प्रोडक्शन हाउस, मॉल, मल्टीप्लेक्स, थिएटर और इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों में काम करने के अलावा खुद का बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं। दिनो-दिन बदलती जीवनशैली और मॉडर्न होते समाज के बीच इंटीरियर डिजाइनर्स के लिए जॉब के अवसर आने वाले वर्षों में भी रहेंगे क्योंकि रियल एस्टेट सेक्टर आज भी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले 15 टॉप सेक्टर्स में शुमार है। देश में स्मार्ट सिटी के निर्माण, वर्ष 2025 तक सभी के लिए लो-बजट मकानों का निर्माण और मेक इन इंडिया जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा से निर्माण क्षेत्र में और भी बूम आने का अनुमान है। नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसडीसी) के अनुसार, वर्ष 2027 तक कंस्ट्रक्शन और रियल एस्टेट सेक्टर में युवाओं के लिए करीब 7 करोड़ जॉब के अवसर पैदा होंगे। ऐसे में इंटीरियर डिजाइनर्स को भी जॉब के ढेर सारे मौके मिलेंगे।

## क्या है कार्य?

इंटीरियर डिजाइनिंग के अंतर्गत किसी भी भवन के अंदरूनी हिस्सों की सजावट की जाती है। किसी भी ऑफिस, घर, मॉल, रेस्तरां या कमर्शियल कॉम्प्लेक्स को अच्छे तरीके से डिजाइन करने का काम इंटीरियर डिजाइनर ही करते हैं। चूंकि आज के समय में एक सीमित जगह के बीच लोग सब कुछ अरेंज करना चाहते हैं, अपने इंटीरियर स्पेस को आकर्षक लुक देना चाहते हैं, ऐसे में डिजाइनर्स की प्राथमिकता यही होती है कि कैसे किसी होटल, रेस्तरां, शोरूम या दफ्तर को आकर्षक लुक दिया जाए। इसके लिए ऐसे प्रोफेशनल्स में प्लानिंग, डेकोरेशन, रेनोवेशन जैसी कला की अच्छी समझ होती है। आजकल इमारत के बाहरी हिस्सों को आकर्षक लुक देने की जिम्मेदारी भी यही प्रोफेशनल निभा रहे हैं, हालांकि वे लैंडस्केप डिजाइनर कहलाते हैं।

## पर्सनल स्किल

चूंकि इंटीरियर डिजाइनिंग का क्षेत्र क्रिएटिविटी से ही जुड़ा है, इसलिए यहां कलात्मकता, रचनात्मकता, प्रबंधकीय दक्षता और नई-नई सोच रखने वाले लोगों की बहुत डिमांड है। इस क्षेत्र में आने के लिए तार्किक बुद्धि और कम्युनिकेशन स्किल भी अच्छी होनी चाहिए, क्योंकि इंटीरियर डिजाइनर को अक्सर अपनी प्लानिंग और हुनर को क्लाइंट के सामने प्रस्तुत भी करना होता है। टीम भावना भी इस फील्ड के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि डिजाइनर्स को बिल्डर्स, आर्किटेक्ट, कॉन्ट्रैक्टर्स, प्लंबर, कारपेंटर, इलेक्ट्रिशियन आदि के साथ सामंजस्य बिठाकर काम करना होता है।



कुशल प्रोफेशनल बनने के लिए बदलते ट्रैंड के अनुसार काम में बदलाव भी लाते रहना जरूरी होता है।

## कोर्स व क्वॉलिफिकेशन

इंटीरियर डिजाइनर्स की डिमांड इतनी है कि देश भर में अनेक सरकारी और निजी संस्थानों में इसके डिग्री, पीजी डिप्लोमा और डिप्लोमा कोर्स संचालित हो रहे हैं। मैनेजमेंट एंड डिजाइन एकेडमी, दिल्ली के डायरेक्टर रोहित माथुर के अनुसार, आप 12वीं के बाद इस तरह का कोर्स कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश एंट्रेंस एग्जाम के जरिए मिलता है। इंटीरियर डिजाइनिंग अपने आप में एक स्पेशलाइज्ड कोर्स है, जिसमें बिल्डिंग की आंतरिक और बाहरी साज-सज्जा, प्लानिंग और बनावट के हिसाब से बेहतर लुक देने के बारे में युवाओं को सिखाया जाता है। मगर आप चाहें, तो ऑफिस डिजाइनिंग, बिजनेस डिजाइनिंग, रूम डिजाइनिंग, किचन डिजाइनिंग या होम डेकोर में भी विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं।

सरकारी और निजी संस्थानों में कई तरह के कोर्स हैं, जैसे- बैचलर इन इंटीरियर डिजाइन, ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फर्नीचर एंड इंटीरियर, बीए ऑनर्स इंटीरियर आर्किटेक्ट एंड डिजाइन, ग्रेजुएट डिप्लोमा इन इंटीरियर स्पेस एंड फर्नीचर डिजाइन, बीएससी इन इंटीरियर डिजाइनिंग, अंडर ग्रेजुएट प्रोफेशनल डिप्लोमा प्रोग्राम, एडवांस डिप्लोमा इन इंटीरियर डिजाइन, डिप्लोमा इन इंटीरियर डिजाइन आदि। कुछ पाठ्यक्रमों की अवधि 1 साल, तो कुछ की 3 साल या उससे अधिक भी है। कोर्स के दौरान प्रेक्टिकल पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत होती है।

## सैलरी पैकेज

इंटीरियर डिजाइनिंग का कोर्स पूरा करने के बाद युवाओं को किसी अनुभवी प्रोफेशनल के साथ कुछ महीनों तकप्रेक्टिस करके अनुभव हासिल करना चाहिए। शुरुआती दौर में फ्रेशर्स की सैलरी 15 हजार रुपए प्रति माह हो सकती है लेकिन कुछ वर्षों के अनुभव के बाद ऐसे प्रोफेशनल्स 50 हजार से 1 लाख रुपए प्रति माह तक कमा लेते हैं। खुद का काम करके भी प्रोफेशनल्स अच्छी कमाई कर सकते हैं।



# वर्तमान समय में लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है सोशल मीडिया

सोशल मीडिया के अंतर्गत फेसबुक, ट्विटर,इंस्टाग्राम, वाट्सअप आदि आते है, इनका उपयोग वर्तमान समय में लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है, ओर इस समय में आप लोगों को कॉलेज में, बस में, मेट्रो में यात्रा करते समय लगभग सभी स्थानों पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यस्त देखा जा सकता है, आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ और दोस्तों के साथ व्यतीत किये हुए अच्छे समय को सोशल मीडिया पर शेयर करना पसंद करते है, सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपने दूर के मित्रो व रिसतेदारों से जुड़े रहते हैं, कई लोग सोशल मीडिया का प्रयोग कंपनियों और संगठनों का प्रचार और प्रसार करने में करते है, और इसके माध्यम से अपना करियर बनाते है।

## सोशल मीडिया विशेषज्ञ के रूप में कार्य

सोशल मीडिया को किसी व्यक्तिगत उपकरण के रूप में देखा जाता है, इसमे व्यक्ति के द्वारा अपने निजी जीवन की सूचनाओं को साझा करने के लिए उपयोग किया जाता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से शीर्ष कंपनियों और संगठनों के लिए सोशल मीडिया व्यापार को बढ़ाने के लिए एक उपकरण के रूप में उभर कर सामने आया है, इसका प्रयोग प्राइवेट, सरकारी संस्थान अपने ग्राहकों को जोड़ने के लिए करते है, इसलिए यह एक करियर विकल्प के रूप में युवाओं के सामने आया है, इसमें विभिन्न कंपनियों के उत्पादों की मार्केटिंग करने में अधिक ध्यान दिया जाता है।

## सामाजिक मीडिया विशेषज्ञ के लिए मुख्य कौशल

सोशल मीडिया एक रचनात्मक क्षेत्र है, इसमें दर्शकों को अपनी डिजायन व क्ला के माध्यम से आकर्षित किया जाता है, इसलिए यह एक रचनात्मक कार्य है, आप एक सोशल मीडिया प्रबंधक के रूप में आपको यूजर के व्यवहार को समझना होगा, आपको यूजर के अनुरूप अपने प्रोग्रामों को संचालित करना होता है, इसके अतिरिक्त स्ट्रेटेजिक प्लानिंग और कंटेंट ऑप्टिमाइजेशन और अन्य प्रकार के गुण है, जो कि एक सोशल मीडिया प्रबंधक के रूप में आपको सीखना आवश्यक है।

## सोशल मीडिया एक्सपर्ट के रूप में रोजगार के अवसर

यह क्षेत्र नया है, लेकिन फिर भी इसमे रोजगार के अवसर बहुत से प्रचलित है, लेकिन सोशल मीडिया का डोमेन धीरे-धीरे विकास की ओर बढ़ रहा है, जिससे सोशल मीडिया विशेषज्ञों के लिए नए और रचनात्मक अवसर उपलब्ध हो रहे है, इस समय सोशल मीडिया पर मुख्यतया डिजिटल मार्केटर्स, अभियान प्रबंधक और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के रूप में जॉब के अवसर मिल रहे है।

## सोशल मीडिया एक्सपर्ट के रूप में सैलरी

आपको बता दे की इस क्षेत्र मे कोई भी सैलरी निर्धारिक नहीं है लेकिन कमाई आपकी कला व योग्यता पर निर्भर करती है। इस क्षेत्र मे आप अपने कौशल के अनुरूप 1 लाख वार्षिक से 2 लाख रुपये शुरुआत में कमाई कर सकते है। जो की फिर बाद मे आपकी योग्यता के आधार बार बढ़ती रहती है।

# अगर आपको सर्दियां पसंद है तो आपके कॅरियर बनाने के लिए एक अच्छा विकल्प है स्नो एक्सपर्ट

**बहुत से लोग पर्वत और चोटियों पर घूमना पसंद करते है, पर्वत और चोटियों पर बर्फ जमा रहती है, स्नो एक्सपर्ट के रूप में बर्फ के क्षेत्र में सर्वेक्षण किया जाता है, और भविष्य में हिमस्खलन और अन्य प्राकृतिक आपदाओ की सटीक जानकारी प्रदान करनी होती है, स्नो एक्सपर्ट के रूप में रोजगार सरकारी एजेंसियों और ट्रैवल एंड एडवेंचर टूरिज्म से जुड़ी कंपनियों के द्वारा प्रदान किया जाता है, अगर आपको सर्दियां और कड़ाके की ठंड अच्छी लगती है, तो स्नो एक्सपर्ट आपके कॅरियर बनाने के लिए एक अच्छा विकल्प है -**



## स्नो एक्सपर्ट का कार्य

एक स्नो एक्सपर्ट के रूप में स्नो फॉल और एक्यूमुलेशन पैटर्न के विषय में पढ़ाई की जाती है, जिसके माध्यम से भविष्य में हिमस्खलन और अन्य प्राकृतिक खतरों की जानकारी बिलकुल सही प्राप्त हो सके, इसके साथ स्नो एक्सपर्ट से यह आशा की जाती है, कि वह ग्लेशियर और बर्फीली जगहों पर रिसर्च करे और उनके डाटा को एकत्रित करें, जिससे वैज्ञानिकों को ग्लोबल वॉर्मिंग की जाँच करने में सहायता मिल सके, विशेषज्ञों के लिए हिमस्खलन और ग्लेशियोलॉजिस्ट के रूप में बर्फ का अध्ययन करना एक विषय के रूप में है.

इस समय ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण ग्लेशियरों के बड़े-बड़े बर्फ के टुकड़े टूटकर पिघल रहे है, जिससे सागर का जल स्तर में अत्यधिक वृद्धि हो रही है, ग्लेशियर की बर्फ का अध्ययन ग्लेशियोलॉजिस्ट के द्वारा किया जाता है, इसके साथ ही वातावरण में हुए बदलाव के कारण जलस्तर, चट्टान या अवसाद के सिकुड़ते या बढ़ने की जांच की जाती है.

## प्राकृतिक आपदाओं में सहायता

ग्लेशियर के डाटा से विशेषज्ञ और स्नो वैज्ञानिकों को अत्यधिक सहायता प्राप्त होती है, जिससे वह समुद्र तल, सिकुड़ते ग्लेशियर की जाँच सही तरीके से कर सकते हैं, विशेषज्ञ बर्फ का विश्लेषण उसके गुण और व्यवहार के माध्यम से करते है, इस प्रयोग के द्वारा प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी करने में सहायता प्राप्त होती है.

## प्रवेश प्रक्रिया

अभ्यर्थी को 12वीं की परीक्षा विज्ञान वर्ग में उत्तीर्ण करना आवश्यक है, इसके बाद आप बीएससी या एमएससी को फिजिक्स या मैथेमैटिक्स विषय के साथ पास करना होता है, इसके पश्चात आप इसके कोर्स में प्रवेश प्राप्त कर सकते है, इस कोर्स में आप फिजिकल/ बायोलॉजी/ कैमिककल और पृथ्वी व पर्यावरण विज्ञान में डिग्री प्राप्त कर सकते है, इस विषय में पीएचडी करने के उपरांत अभ्यर्थी को उच्च पद पर कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है, इस क्षेत्र में फिजिकल/ एनवायरनमेंट साइंस में मास्टर डिग्री के उपरांत भी प्रवेश प्राप्त कर सकते है, ग्लेशियोलॉजिस्ट बनने के लिए व्यक्ति के अन्दर प्रकृति प्रेम के साथ फिजिकली रूप से मजबूत होना आवश्यक है.

## स्नो एक्सपर्ट में रोजगार के अवसर

रिसर्च इंस्टीट्यूट, पेट्रोलियम और माइनिग कंपनी, जियोलॉजी और इंजीनियरिंग फर्म में आप स्नो साइंटिस्ट ग्लेशियोलॉजिस्ट और हिमस्खलन विशेषज्ञ के रूप में कार्य कर सकते है, इसके अतिरिक्त आप कंसल्टिंग कंपनी, सरकारी व शैक्षिणिक संस्थानों कंसल्टिंग कंपनी, सरकारी व शैक्षिणिक संस्थानों में भी कार्य कर सकते हैं.

## सरकार ने बढ़ाई आयकर रिटर्न दाखिल करने की डेडलाइन, टैक्सपेयर्स को राहत




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर विभाग ने असेसमेंट ईयर 2024-25 के लिए कॉर्पोरेट्स द्वारा आयकर रिटर्न दाखिल करने की डेडलाइन 15 दिन बढ़ा दी है। अब नई डेडलाइन बढ़कर 15 नवंबर हो गई है। इस संबंध में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक सर्कुलर भी जारी किया है। इस सर्कुलर के मुताबिक 31 अक्टूबर की डेडलाइन बढ़ाई जाएगी। असेसमेंट ईयर 2024-25 (वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कर रिटर्न दाखिल करने) के लिए नयी समयसीमा अब 15 नंवबर है। नांगिया एंडरसन एलएलपी टैक्स पार्टनर के संदीप झुनझुनवाला ने कहा कि टैक्स रिटर्न दाखिल करने की यह विस्तारित अवधि कर ऑडिट रिपोर्ट पर लागू नहीं होगी। इससे पहले सितंबर में, सीबीडीटी ने कर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम डेडलाइन सात दिन तक बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी थी। बता दें कि कर सरलीकरण उपायों ने आयकर रिटर्न फाइलिंग में बढ़ोतरी की है। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 5 लाख रुपये तक कमाने वालों के लिए आय असमानता में 74.2 प्रतिशत की कमी आई है, जो दिखाता है कि सरकारी पहल कम आय वाले समूहों के बीच आय को प्रभावी ढंग से बढ़ा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रत्यक्ष कर योगदान 14 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। भारत की प्रगतिशील कर व्यवस्था ने आकलन वर्ष 2024 में प्रत्यक्ष कर योगदान को कुल कर राजस्व का 56.7 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है, जो 14 वर्षों में सबसे अधिक है। वित्त वर्ष 2021 से, व्यक्तिगत आयकर संग्रह ने कॉर्पोरेट आयकर को पीछे छोड़ दिया है। वित्त वर्ष 2024 में प्रत्यक्ष कर-जीडीपी अनुपात 6.64 प्रतिशत पर पहुंच गया, जो 2000-01 के बाद से सबसे अधिक है। इसके अतिरिक्त, कर संग्रह की लागत वित्त वर्ष 2024 में घटकर 0.44 प्रतिशत हो गई, जो वित्त वर्ष 2023 में 0.51 प्रतिशत थी।

## यस बैंक के शेयरों में गिरावट की पीछे की वजह क्या 5 दिन में 9 प्रतिशत लुढ़का भाव




**नईदिल्ली, एजेंसी।** यस बैंक के लिए पिछले 5 कारोबारी दिन अच्छे नहीं रहे हैं। इस दौरान प्राइवेट बैंक के शेयरों की कीमतों में 9 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। एनएसई में यस बैंक के शेयरों का भाव 21.50 रुपये से घटकर 19.50 रुपये के लेवल पर आ गया है। एक्सपर्ट्स के अनुसार यस बैंक के शेयरों में यह बिकवाली तिमाही नतीजों दबाव की वजह से देखने को मिल रही है। माना जा रहा है कि सितंबर तिमाही के दौरान कंपनी का प्रदर्शन फ्लैट ही रहने वाला है। एक्सपर्ट्स के अनुसार डिपॉजिट बहुत शानदार ना होने की वजह से ग्रोथ रेट धीमा रह सकता है। शेयर बाजारों में यस बैंक के प्रदर्शन पर स्पार्क केपीटल के एवीपी चंद्रकांत ने कहा, यस बैंक के शेयरों में कुछ सत्रों के दौरान बिकवाली देखने को मिल सकती है। अगर आपके पास यस बैंक के शेयर हैं तो उस होल्ड करने की सलाह दी जाती है।

# विदेशों में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में गौतम अडानी, दुबई में बनाई नई कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के दूसरे बड़े रईस गौतम अडानी विदेशों में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में हैं। अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज की सहायक कंपनी अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने शनिवार को घोषणा की कि उसने यूएई में सेलेरिटास इंटरनेशनल स्रंष्टह्ल नाम से एक नई यूनिट बनाई है। 100,000 दिरहम की अधिकृत और चुकता शेयर पूंजी के साथ सेलेरिटास जेबेल अली फ्री जोन में परिचालन करने के लिए तैयार है। हालांकि कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि इसने अभी तक व्यावसायिक गतिविधियां शुरू नहीं की हैं। सेलेरिटास में अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स की 74 प्रतिशत हिस्सेदारी है और इस अधिग्रहण में कोई रिलेटेड पार्टी ट्रांजैक्शन शामिल नहीं है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड की एक संयुक्त उद्यम कंपनी अप्रैल मून रिटेल प्राइवेट लिमिटेड 200 करोड़ रुपये में कोकोकार्ट वेंचर्स



प्राइवेट लिमिटेड में 74 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए तैयार है। अडानी एंटरप्राइजेज ग्रुप के एयरपोर्ट, रोड्स और डेटा सेंटर बिजनस को ऑपरेट करती है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए 80,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। इसमें से 50,000 करोड़ रुपये एयरपोर्ट कारोबार और अडानी न्यू इंडस्ट्रीज के लिए आवंटित किए गए हैं। अडानी एयरपोर्ट्स के पास सात चालू एयरपोर्ट और नवी मुंबई में एक निर्माणाधीन एयरपोर्ट है। उसने अगले दशक में 21 अरब डॉलर के निवेश की रूपरेखा तैयार की है।

### एयरपोर्ट बिजनस

अडानी ग्रुप 2019 से एयरपोर्ट बिजनस में काम कर रहा है और वर्तमान में भारत में एयरपोर्ट का सबसे बड़ा निजी ऑपरेटर है। अडानी एंटरप्राइजेज का समेकित शुद्ध लाभ जून 2024 को समाप्त पहली तिमाही में पिछले साल के मुकाबले 116 प्रतिशत बढ़कर 1,454 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 674 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का परिचालन से राजस्व पिछले वर्ष की इसी अवधि के 22,644 करोड़ रुपये की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़कर 25,472 करोड़ रुपये हो गया। शुक्रवार को अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर 4.76 प्रतिशत गिरावट के साथ 2693.70 रुपये पर बंद हुआ।

## 94 के शेयर को खरीदने की मची लूट, प्रॉफिट में 45 प्रतिशत का आया उछाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जम्मू एंड कश्मीर यानी जेएंडके बैंक ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में बैंक का प्रॉफिट 45 प्रतिशत उछलकर 551 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का प्रॉफिट 381 करोड़ रुपये रहा था। इस बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी सितंबर तिमाही में बढ़कर 3,420 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2954 करोड़ रुपये थी। बैंक की ब्याज आय बढ़कर 3,124 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,764 करोड़ रुपये थी। बता दें कि बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है और ग्रॉस गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) सितंबर तिमाही के अंत में सुधरकर ग्रॉस डेब्ट की 3.95 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले 5.26 प्रतिशत थी। इसी तरह, नेट एनपीए घटकर 0.85 प्रतिशत रह गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 1.04 प्रतिशत था। बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) बढ़कर 14.99 प्रतिशत हो गया, जो सितंबर 2023 के अंत में 14.53 प्रतिशत था। जम्मू एंड कश्मीर यानी जेएंडके बैंक के शेयर की बात करें तो यह शुक्रवार को भारी डिमांड में था। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यह शेयर 4.10 प्रतिशत बढ़कर 97.70 रुपये पर बंद हुआ। एक दिन पहले बैंक का शेयर 93.85 रुपये पर था, जो ट्रेडिंग के दौरान 99.80 रुपये तक पहुंच गया। 9 फरवरी 2024 को शेयर 152.45 रुपये तक गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। 23 अक्टूबर 2024 को शेयर 88.20 रुपये पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। इस लिहाज से शेयर रिकवरी मोड में आ गया है।

## माइक्रोसॉफ्ट ने अपने भारतीय मूल के सीईओ को दिए 665 करोड़ रुपये, बीते साल से 63 प्रतिशत ज्यादा वेतन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला को 2024 में 79.106 मिलियन डॉलर या 665.15 करोड़ रुपये वेतन के तौर में मिले हैं। तकनीक जगत की दिग्गज कंपनी ने 24 अक्टूबर, 2024 को अमेरिकी शेयर बाजार (एसईसी) की फाइलिंग में यह जानकारी दी। कंपनी ज्वाइन करने के बाद नडेला को दिया जाने वाला यह दूसरा सबसे बड़ा वेतन है। इससे पहले 2014 में उन्हें 84 मिलियन डॉलर का भुगतान किया गया था। गुरुवार को कंपनी ने स्टॉक फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी।

माइक्रोसॉफ्ट के भारतीय मूल के सीईओ सत्या नडेला का वेतन वित्त वर्ष 2024 में 79.1 मिलियन डॉलर (करीब 665 करोड़ रुपए) रहा। पिछले वित्त वर्ष यानी 2023 में नडेला को 48.5 मिलियन डॉलर (मौजूदा वैल्यू के अनुसार करीब 408 करोड़ रुपए) का भुगतान किया गया था।

कंपनी की ओर से नडेला के वेतन में इजाफा शेयरों की कीमत बढ़ने के कारण लिया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में कंपनी की मार्केट पोजिशन मजबूत होने का फायदा कंपनी के शेयरों को मिला है।

इस दौरान कंपनी के शेयरों का वैल्यूएशन 31.2 प्रतिशत बढ़कर 3 ट्रिलियन डॉलर (252 लाख करोड़ रुपए) से अधिक हो गई। कंपनी के सीईओ सत्या नडेला को भी इसका फायदा मिला और शेयरों के जरिए उनकी आय पिछले साल के 39 मिलियन डॉलर ( करीब 328 करोड़ रुपए) से बढ़कर 71 मिलियन डॉलर (597 करोड़ रुपए) हो गई।

# दो साल बाद फिर से घाटे में आई इंडिगो, देश की सबसे बड़ी एयरलाइन को लगा फटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 986.7 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि ठप विमानों और ईंधन की ऊंची कीमतों के कारण उसे यह घाटा हुआ है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 188.9 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। दो साल में पहली बार कंपनी को घाटा हुआ है। जून तिमाही में 2,728 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। शुक्रवार को इंडिगो के शेयर एनएसई पर 3.2 प्रतिशत गिरकर 4,373.70 रुपये पर बंद हुए।

इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि एयरलाइन का ग्रोथ और विस्तार जारी रहा। सितंबर तिमाही में इसकी इनकम 14.6 प्रतिशत बढ़कर 17,800 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने कहा




कि परंपरागत रूप से कमजोर दूसरी तिमाही में, ठप विमानों और ईंधन लागत से संबंधित प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण परिणाम और भी प्रभावित हुए। हमने एक नया मोड़ लिया है क्योंकि ठप विमानों की संख्या और संबंधित लागत में कमी आनी शुरू हो गई है। सितंबर तिमाही में एयरलाइन की ईंधन लागत 12.8 प्रतिशत बढ़कर 6,605.2 करोड़ रुपये हो गई।

### घाटे का अनुमान

इस बीच, परिचालन से होने वाला राजस्व समीक्षाधीन तिमाही में साल-दर-साल 14 प्रतिशत बढ़कर 16,970 करोड़ रुपये हो गया। बाजार को उम्मीद थी कि इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन घाटे की रिपोर्ट करेगा लेकिन इतने अधिक घाटे का अनुमान नहीं था। श्वञ्ज ह्श्2 के एक सर्वेक्षण में एयरलाइन के घाटे को लगभग 219 करोड़ रुपये बताया गया था। दूसरी तिमाही में कंपनी का यात्री टिकट से रेवेन्यू 14,359 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल की समान तिमाही से 10 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने घोषणा की कि वह दो सप्ताह में अपना बिजनस क्लास शुरू करने की तैयारी में है। इसका लक्ष्य ग्राहकों को एक नया अनुभव प्रदान करना है। कंपनी को उम्मीद है कि तीसरी तिमाही में उसका प्रदर्शन बेहतर रहेगा। एयरलाइन के बेड़े में 410 विमान हैं। इनमें 41 ए320 सीइओ, 201 ए320 एनइओ, 112 ए321 एनइओ, 45ए टीआर, 3 ए321 मालवाहक, 6 बी737 और 2 बी777 शामिल हैं। तिमाही के दौरान कंपनी ने 28 पैसेंजर विमानों को जोड़ा है।

# कचरे से कमाई का ढूंढ लिया फॉर्मूला, देखते ही देखते बना दी करोड़ों की कंपनी, लोग हैरान!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद की शिखा शाह ने कचरे से कमाई का फॉर्मूला निकाला है। वह ऑल्टमैट नाम की कंपनी की संस्थापक और सीईओ हैं। यह खेती के कचरे से कपड़ों के लिए फाइबर (रेशा) बनाती है। इस फाइबर का ब्रांड नेम ऑल्टैग है। शिखा की कंपनी किसानों से खेती का कचरा खरीदती है। इससे किसान कचरे को जलाकर जहरीला धुआं फैलाने से बच जाते हैं। हर साल 30 करोड़ रुपये का ईको-फ्रेंडली फाइबर बनाने की क्षमता के साथ शिखा शाह के क्लाइंटों में यूरोप और अमेरिका की फॉर्च्यून 500 कंपनियां शामिल हैं। आइए, यहां शिखा शाह की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



### बचपन से सुनीं वेस्ट मैनेजमेंट की बातें

शिखा के पिता विष्णु शाह ऑटोमोबाइल के कचरे से मेटल बनाने का बिजनेस करते थे। शिखा बचपन से ही कचरे से कीमती चीजें बनाने की बातें सुनती आई थीं। निरमा यूनिवर्सिटी से बिजनेस की पढ़ाई करने के बाद उन्होंने अमेरिका की बैब्सन यूनिवर्सिटी से आंत्रप्रेन्योरशिप और लीडरशिप में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। मां से प्रभावित हो वह 19 साल की उम्र में एक एनजीओ से जुड़ गई थीं। जल्द ही उन्हें एहसास होने लगा कि बड़ा बदलाव लाने के लिए व्यवसाय के साथ उद्देश्य को जोड़ना होगा।

### 2019 में रखी कंपनी की नींव

शिखा ने दिसंबर 2019 में ऑल्टमैट की शुरुआत की। उनके पिता कंपनी को रणनीतिक मार्गदर्शन देते हैं। शिखा जानती थीं कि लगभग 57 फीसदी कपड़े पॉलिएस्टर से बनते हैं, जो प्लास्टिक है। हर बार जब इसे धोया जाता है तो यह माइक्रोप्लास्टिक छोड़ता है। यह न केवल समुद्री जीवन बल्कि मानव जीवन के लिए भी हानिकारक है। दुनिया की 2.4 फीसदी कृषि भूमि पर कपास उगाने के लिए दुनिया के 24 फीसदी कीटनाशकों का उपयोग किया जाता है। तीन जोड़ी जींस बनाने में 20,000 लीटर तक पानी लग सकता है। वह इसके लिए विकल्प चाहती थीं। उनकी कंपनी सालाना 40 लाख कपड़े (शर्ट या टी-शर्ट) बनाने के लिए पर्याप्त फाइबर का उत्पादन करती है। कंपनी का सालाना उत्पादन 1,000 टन फाइबर है।

### किसानों से खरीदती हैं कृषि कचरा

शिखा का वेंचर पायलट प्रोजेक्ट से औद्योगिक पैमाने तक विकसित हुआ है। अब कंपनी सालाना 30 करोड़ रुपये तक के फाइबर का उत्पादन करने में समर्थ है। ऑल्टमैट का 11 बड़े ब्रांड हाउस के साथ कोलैबरेशन है। ऑल्टमैट एम्स्टर्डम स्थित फैशन फॉर गुड एक्सेलरेटर नाम की पहल का हिस्सा है। किसान मुख्य रूप से भोजन, दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों के लिए फसलें उगाते हैं। कंपनी उनसे कृषि अपशिष्ट खरीदती है। घास जैसी संरचना को कपास जैसी संरचना में बदला जाता है। फिर उससे सूत बनाया जाता है। इस धागे या सूत से कपड़े, एक्सेसरीज (बैग और जूते) और घरेलू सजावट के सामान (कालीन इत्यादि) बनाए जाते हैं।

### कीमत 330-650 रुपये किलो के बीच

खास बात यह है कि इस तरह फाइबर से बना कपड़ा कपास और लिनेन के समान होता है और महंगा नहीं होता है। ऑल्टमैट के फाइबर की कीमत 330 रुपये से 650 रुपये प्रति किलो के बीच है, जो उन्हें रेशम और ऊन की तुलना में अधिक किफायती बनाता है। यह फाइबर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर फलों, तिलहनों और औषधीय फसलों के कचरे का उपयोग किया जाता है। कुछ उदाहरण केले, भांग के बीज और अनानास हैं। कंपनी दूसरे देशों से भी कृषि अवशेष मंगवाती है। किसानों के लिए एग्री वेस्ट का निपटान महंगी प्रक्रिया है। अगर वे कचरा जलाते हैं तो इससे हानिकारक प्रदूषण होता है। किसानों से कचरा खरीदकर ऑल्टमैट किसानों के लिए निपटान की समस्या का समाधान करती है। साथ ही प्रदूषण पर अंकुश लगाती है।

# एक महीने में 30 लाख सब्सक्राइबर्स! बीएसएनएल ने कर दिया कमाल, एयरटेल, वोडा और जियो का बुरा हाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट टेलिकॉम कंपनियों के साथ होड़ में पिछड़ने वाली सरकारी कंपनी बीएसएनएल के दिन अब फिरने लगे हैं। पिछले कुछ महीनों में कंपनी के सब्सक्राइबर्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के हाल में टैरिफ बढ़ाए जाने के बाद बड़ी संख्या में ग्राहक बीएसएनएल का रुख कर रहे हैं। टेलिकॉम रेगुलेटर ट्राई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक बीएसएनएल के कस्टमर बेस में पिछले दो महीनों से बढ़ोतरी हो रही है। इसमें कम टैरिफ और 4जी सर्विसेज के सॉफ्ट लॉन्च का भी योगदान है।

जुलाई में बीएसएनएल ने करीब 30 लाख नए ग्राहक जोड़े जबकि रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया सहित अन्य सभी कंपनियों के यूजर्स की संख्या में गिरावट आई। एयरटेल ने 17 लाख, वोडा आइडिया में 14 लाख और जियो में लगभग 8 लाख यूजर गंवाए। अगस्त में भी बीएसएनएल ही एकमात्र ऐसी कंपनी थी जिसके ग्राहकों की संख्या में तेजी आई। बीएसएनएल ने इस महीने 25 लाख






नए ग्राहक जोड़े। इस दौरान जियो ने 40 लाख, एयरटेल ने 24 लाख और वोडा आइडिया ने 19 लाख यूजर्स गंवाए।

### मार्केट शेयर

हालांकि कुल मिलाकर बीएसएनएल की बाजार हिस्सेदारी अब भी अपने बड़े निजी प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में बहुत कम है। इस साल अगस्त के अंत में 40.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ जियो सबसे आगे है जबकि एयरटेल की बाजार हिस्सेदारी 33 प्रतिशत और वोडा आइडिया की 18 प्रतिशत है। ट्राई ने कहा कि बीएसएनएल की हिस्सेदारी अभी 7.8 प्रतिशत है। अगर इसमें एमटीएनएल की 0.2 प्रतिशत हिस्सेदारी भी जोड़ दी जाए तो यह 8 प्रतिशत हो जाती है।

बीएसएनएल का टैरिफ इंडस्ट्री में सबसे कम हैं। एवरेज रेवेन्यू पर यूजर स्कोर से भी यह बात साबित होती है। एयरटेल के एआरपीयू 211 रुपये, जियो का 195 रुपये और वोडा आइडिया का 146 रुपये है। इसकी तुलना में बीएसएनएल का एआरपीयू करीब 90 रुपये है। साफ है कि यह सरकारी कंपनी उपभोक्ताओं से सबसे कम टैरिफ वसूल रही है। कम टैरिफ की एक वजह यह भी है कि कंपनी ने अभी तक आधिकारिक तौर पर हाई-स्पीड 4त्र लॉन्च नहीं किया है। दूसरी ओर जियो और एयरटेल जैसे निजी ऑपरेटरों ने अपने यूजर्स के एक बड़े हिस्से को 5त्र में ट्रांसफर कर दिया है।

### घरेलू कंपनियों पर भरोसा

वोडा आइडिया एकमात्र निजी कंपनी है जो अभी भी 4त्र पर है। हाल ही में फंड जुटाने के बाद यह अब कंपनी 5त्र पर जाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। बीएसएनएल का 4त्र इंडिया स्टैक विकसित करने के सरकार के प्रयासों की सफलता पर टिका है। कंपनी ने नेटवर्क अपग्रेडेशन का काम एक स्थानीय कंसोर्टियम को सौंपा गया है जिसमें टाटा ग्रुप की टीसीएस और तेजस नेटवर्क तथा सरकारी कंपनी सी-डॉट शामिल है। सरकार ने नोकिया, एरिक्सन और सैमसंग जैसी वैश्विक दिग्गजों को ऑर्डर देने से इनकार कर दिया है।

## कमाई के अंतर में आई 74 प्रतिशत कमी, एसबीआई की रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच लाख रुपए तक की वार्षिक आमदनी वाले लोगों के बीच आय असमानता वित्त वर्ष 2013-14 से 2022-23 के बीच 74.2 प्रतिशत तक कम हो गई है। यह जानकारी भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। एसबीआई के आर्थिक विभाग की शोध रिपोर्ट ने भारत में असमानता की स्थिति बिगड़ने के बारे में प्रचलित मिथक को स्पष्ट करने के उद्देश्य से 2014-15 और 2023-24 के बीच आय असमानता के प्रवृत्तियों का विश्लेषण किया है।

### आय असमानता में आई कमी

रिपोर्ट के मुताबिक, कर आकलन वर्ष 2014-15 और 2023-24 के दौरान आय असमानता के तुलनात्मक अध्ययन से पता चलता है कि आय वितरण वक्र में स्पष्ट रूप से दाईं ओर झुकाव हुआ है। इसका मतलब है कि निम्न आय वर्ग के लोग आबादी में अपनी हिस्सेदारी के अनुपात में अपनी आय को भी बढ़ा रहे हैं। रिपोर्ट कहती है, हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि पांच लाख रुपए तक की आय वाले लोगों के लिए आय असमानता कवरेज में कुल मिलाकर 74.2 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह दर्शाता है कि सरकार के निरंतर प्रयास आर्थिक पिरामिड के निचले हिस्से तक पहुंच रहे हैं। इससे निम्न आय वर्ग के लोगों की आय बढ़ रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 3.5 लाख रुपए तक की आय वाले लोगों की आय असमानता में हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2013-14 में 31.8 प्रतिशत थी जो वित्त वर्ष 2020-21 में घटकर 12.8 प्रतिशत हो गई। इस समूह की आय हिस्सेदारी उनकी आबादी की तुलना में 19 प्रतिशत तेजी से बढ़ी है।

एसबीआई की रिपोर्ट कहती है कि निम्न आय वर्ग (5.5 लाख रुपए से कम आमदनी) ने पिछले दशक में अध्ययन काल की समूची अवधि (आकलन वर्ष 2019-20 को छोड़कर) में सकारात्मक वृद्धि दर दर्ज की है। शोध रिपोर्ट के अनुसार, आयकर आधार में पारंपरिक रूप से अग्रणी रहने वाले महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात और कर्नाटक जैसे राज्य आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने में उच्चतम स्तर के करीब पहुंच रहे हैं और कुल कर आधार में उनकी हिस्सेदारी घट रही है। आईटीआर जमा करने में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है और उसके बाद बिहार, आंध्र प्रदेश, पंजाब और राजस्थान का स्थान है। एसबीआई रिपोर्ट के मुताबिक, प्रगतिशील कराधान व्यवस्था को अपनाने से कुल कर राजस्व में प्रत्यक्ष करों का योगदान आकलन वर्ष 2023-24 में बढ़कर 56.7 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो 14 वर्षों में सबसे अधिक है।



# भारत 12 साल बाद घर में टेस्ट सीरीज हारा

## न्यूज़ीलैंड ने 113 रन से जीता दूसरा मैच, 2-0 की बढ़त, सैंटनर को 6 विकेट

**पुणे, एजेंसी।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज हार गई है। टीम इंडिया को पुणे में खेल गए दूसरे टेस्ट में कीवियों ने 113 रन से हराया। इस जीत से कीवियों ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। आखिरी मुकाबला एक नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने 12 साल के बाद घरेलू मैदान पर कोई टेस्ट सीरीज गंवाई है। टीम को पिछली हार 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली थी। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन 359 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम दूसरी पारी में 245 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 255 रन बनाए। पहली पारी में कीवियों ने 259 और भारत ने 156 रन का स्कोर बनाया। मिचेल सैंटनर ने पहली पारी में 7 और दूसरी पारी में 6 विकेट लिए।

## पाकिस्तान टीम के खत्म हुए बुरे दिन, इंग्लैंड को 2-1 से हराया

रावलपिंडी, एजेंसी। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच रावलपिंडी में खेला गया. इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने बाजी मारकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की. ये सीरीज पाकिस्तान की टीम के लिए काफी खास रही. सीरीज का पहला मैच हारने के बाद पाकिस्तान की टीम में बड़े बदलाव किए गए थे, बाबर आजम और शाहीन अफरीदी जैसे स्टार खिलाड़ियों को टीम से बाहर का रास्ता दिखाया गया था. पाकिस्तान की टीम को इसका फायदा भी हुआ, टीम ने लगातार दो मैचों में जीत हासिल करके सीरीज अपने नाम कर ली.दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मैच में पाकिस्तान की टीम ने एकतरफा अंदाज में जीत अपने नाम की. इंग्लैंड ने पाकिस्तान के सामने मुकाबला जीतने के लिए सिर्फ 36 रनों का टारगेट रखा था. पाकिस्तान ने इस टारगेट को 1 विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया और मैच जीतने के साथ-साथ सीरीज भी अपने नाम की. बता दें, पाकिस्तान ने लंबे इंतजार के बाद अपने घर पर कोई टेस्ट सीरीज जीती है. इससे पहले उसने साउथ अफ्रीका को साल 2021 की शुरुआत में अपने घर पर हराया था. यानी लगभग 4 साल के इंतजार के बाद पाकिस्तान को अपने घर पर टेस्ट सीरीज में जीत नसीब हुई है.



# 22 साल के जायसवाल ने रचा इतिहास

## तोड़ा 45 साल पुराना रिकॉर्ड, भारत के सभी बल्लेबाज रह गए पीछे

**पुणे, एजेंसी।** टीम इंडिया के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल के लिए ये साल काफी खास रहा है. टेस्ट फॉर्मेट में उन्होंने जमकर रन बनाए हैं और भारतीय टीम के अहम बल्लेबाज भी बन गए हैं. न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की आखिरी पारी में भी यशस्वी जायसवाल ने कमाल का खेल दिखाया. वह अर्धशतक जड़ने में कामयाब रहे. इस पारी के दौरान जायसवाल ने 45 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया. वह एक खास लिस्ट में भारत के सभी बल्लेबाजों से आगे निकल गए. उन्होंने एक ऐसा कारनामा किया जो विराट कोहली भी अपने करियर में अभी तक नहीं कर सके हैं. यशस्वी जायसवाल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे टेस्ट मैच की आखिरी पारी में 65 गेंदों पर 77 रन बनाए. इस पारी के दौरान जायसवाल के बल्ले से 9 चौके और 3 छक्के देखने को मिले. इसी के साथ उन्होंने इस साल भारत में अपने 1000 टेस्ट रन भी पूरे किए. जायसवाल घरेलू मैदान पर एक कैलेंडर ईयर में 1000 रन का आकंड़ा छूने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. इससे पहले ये कारनामा 1979 में गुंडप्पा विश्वनाथ ने किया था. गुंडप्पा विश्वनाथ अभी तक भारत के लिए घरेलू मैदान पर एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज थे, लेकिन जायसवाल उनसे आगे निकल गए हैं.

गुंडप्पा विश्वनाथ ने 1979 में घरेलू मैदान पर 1047 रन बनाए थे. वहीं, यशस्वी जायसवाल के इस साल भारत में 1056 टेस्ट रन हो गए हैं. वहीं, विराट कोहली 964 रन के साथ इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं. उन्होंने ये कारनामा साल 2016 में किया था. लेकिन यशस्वी जायसवाल भारत के सभी स्टार बल्लेबाजों से आगे निकल गए हैं.

### इस खास क्लब में बनाई अपनी जगह

यशस्वी जायसवाल एक कैलेंडर ईयर में घरेलू टेस्ट मैचों में 1000+ रन बनाने वाले दुनिया के छठे खिलाड़ी हैं. इससे पहले माइकल क्लार्क, मोहम्मद यूसुफ, ग्राहम गूच, गुंडप्पा विश्वनाथ और जस्टिन लैंगर ही ऐसा कर सके थे. वहीं, माइकल क्लार्क एक कैलेंडर ईयर में घरेलू मैदान पर 1407 रन बनाकर इस लिस्ट में सबसे आगे हैं. बता दें, टीम इंडिया को इस साल अपने घर पर अब सिर्फ 1 और टेस्ट मैच खेलना है. ऐसे में यशस्वी जायसवाल के लिए इस लिस्ट में टॉप पर पहुंचना काफी मुश्किल रहने वाला है.

# ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम इंडिया की घोषणा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई की पुरुष चयन समिति ने शुक्रवार को भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे और ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा की। भारत की टी20 टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 मैचों की टी20 सीरीज खेलने के लिए तैयार है और 8 नवंबर को डरबन में अपना पहला ङ्म20ढ्ढ खेलेगी। मयंक यादव और शिवम दुबे चोटों के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

वहीं, रियान पराग भी चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि वर्तमान में वह अपनी पुरानी दाहिने कंधे की चोट का इलाज करवा रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पूरा होने के बाद, भारत ऑस्ट्रेलिया में 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने के लिए तैयार है, जो 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का हिस्सा है।

बता दें कि कुलदीप यादव ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला की समाप्ति के बाद उनकी बाईं कमर की पुरानी समस्या उभर आई थी। वह इसका इलाज करवा रहे हैं।




### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत की टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, मो. सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर।

रिजर्व-मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद

### दक्षिण अफीका के खिलाफ 4 टी20 मैचों के लिए भारत की टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई , अर्शदीप सिंह, विजयकुमार वैश्य, अवेश खान, यश दयाल।

### भारत का दक्षिण अफीका दौरा 2024 शैड्यूल

- 08-नवंबर-24 - पहला टी20, डरबन में
- 10-नवंबर-24 - दूसरा टी20, गक़ेबरहा में
- 13-नवंबर-24 - तीसरा टी20, सेंचुरियन में
- 15-नवंबर-24 - चौथा टी20, जोहानसबर्ग

### बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का शैड्यूल

- 22 से 26 नवंबर 2024- पहला टेस्ट, पर्थ स्टेडियम, पर्थ
- 06 से 10 दिसम्बर 2024 - दूसरा टेस्ट (दिन-रात), एडिलेड ओवल
- 14 से 18 दिसम्बर 2024 - तीसरा टेस्ट, गाबा, ब्रिस्बेन
- 26 से 30 दिसम्बर 2024 - चौथा टेस्ट, एमसीजी, मेलबर्न

# इमर्जिंग एशिया कप के सेमीफाइनल से बाहर हुई इंडिया ए



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अल अमीरात में इंडिया ए टीम को मुंह की खानी पड़ी है। इमर्जिंग एशिया कप के ग्रुप स्टेज के तीनों मुकाबलों में जीत हासिल करने वाली इंडिया ए टीम जब अफगानिस्तान के सामने आई तो उन्हें 20 रन से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। इससे पहले अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए भारतीय गेंदबाजों की खूब पिटाई की। ओपनर्स जुबैद अकबरी और सेदिकुल्लाह अटल ने पहले विकेट के लिए 14.1 ओवर में ही 137 रन ठोक दिए। अकबरी ने 64 तो अटल ने 83 रन बनाए। करीम जन्नत ने भी 20 गेंदों पर 41 रन का योगदान दिया और स्कोर 206 तक पहुंचा दिया। जवाब में भारतीय टीम 7 विकेट खोकर 186 रन ही बना सकी। इंडिया ए की ओर से रमनदीप सिंह ने 64 रन बनाए लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाए।

अफगानिस्तान ने ओपनर्स जुबैद अकबरी और सेदिकुल्लाह अटल की बदौलत मजबूत शुरूआत की। अकबरी और अटल ने अंशुल कंबोज, आकिब खान और रासिख सलाम की शुरूआती ओवरों में ही खूब रन बटोरे। दोनों ने पहले विकेट के लिए 14 ओवर में ही 137 रन स्कोरबोर्ड पर टांग दिए थे। अकबरी 41 गेंदों पर 5 चौके और 4 छक्कों की मदद से 64 रन बनाकर आऊट हुए।

# अगर धोनी उपलब्ध हैं, तो वह निश्चित रूप से सीएसके की पहली पसंद होंगे: हरभजन सिंह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स के लिए संभावित आईपीएल रिटेंशन के बारे में स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बात करते हुए, भारतीय स्पिन दिग्गज हरभजन सिंह ने आईपीएल 2025 सीज़न से पहले सीएसके के लिए किसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए, इस पर अपने विचार साझा किए। हरभजन ने कहा, मुझे यकीन नहीं है कि धोनी खेलेंगे या नहीं, लेकिन अगर वह उपलब्ध हैं, तो वह निश्चित रूप से रिटेंशन के लिए टीम की पहली पसंद होंगे, भले ही उन्हें इस सीजन में अनकैप्ड खिलाड़ी माना जाता हो। उनके बाद, अगला चयन रवींद्र जडेजा और फिर रचिन रवींद्र होगा। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के लिए, वह भी निश्चित रूप से रिटेंशन में होंगे। उन्होंने कहा,मेरा मानना है कि इन चार खिलाडियों को रिटेन किया जाएगा। उनके अलावा, हम पथिराना को भी टीम में रख सकते हैं, जो एक बेहतरीन गेंदबाज हैंऔर अगर किसी अनकैप्ड खिलाड़ी को रिटेन किया जाता है, तो एक आश्चर्यजनक विकल्प हो सकता है, लेकिन यह संभव है कि सीएसके केवल पांच खिलाड़ियों को ही रिटेन करे। इसलिए मेरे विचार से, संभावित रिटेंशन - महेंद्र सिंह धोनी, रवींद्र जडेजा, रचिन रवींद्र, रुतुराज गायकवाड़ और पथिराना हैं।

# टीम इंडिया में खत्म हुआ मोहम्मद शमी का सफर!

## बीसीसीआई के एक फैसले से मची खलबली



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया इस समय न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है. इसके बाद भारतीय टीम अपनी अगली टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी. 22 नवंबर से खेली जाने वाली इस सीरीज के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड का ऐलान हो गया है. लेकिन चौंकाने वाली बात है कि स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं होंगे. मोहम्मद शमी 2023 वनडे वर्ल्ड कप के बाद से ही टीम इंडिया से बाहर हैं. उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान चोट लगी थी, जिसके चलते उन्होंने फरवरी 2024 में लंदन जाकर सर्जरी कराई थी. माना जा रहा था इस ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह वापसी कर सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है. बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के साथ-साथ साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भी टीम का ऐलान किया है, जहां टी20 सीरीज खेली जानी है. इस दौरान चोट के कारण टीम में ना चुने जाने वाले खिलाड़ी पर बीसीसीआई ने अलग से अपडेट भी दिया है, जिसमें कुलदीप यादव, मयंक यादव, शिवम दुबे और रियान पराग जैसे खिलाड़ी शामिल हैं. लेकिन बीसीसीआई ने अपनी प्रेस रिलीज में मोहम्मद शमी पर कोई अपडेट नहीं दिया है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है.

मोहम्मद शमी ने हाल ही में एक इवेंट के दौरान अपनी चोट पर कहा था कि उन्हें अब जरा भी दर्द महसूस नहीं हो रहा है और अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया के दौरे के चयन के लिए अपना दावा मजबूत करने के लिए उन्हें कम से कम एक या दो घरेलू मुकाबले खेलकर फिटनेस साबित करनी होगी. लेकिन बीसीसीआई ने अचानक टीम का ऐलान करके सभी को चौंका दिया है. इतना ही नहीं, शमी को सब्जेक्ट टू फिटनेस के साथ भी सेलेक्ट नहीं किया, इसका मतलब ये है कि सीरीज के बीच में भी उनकी एंट्री मुश्किल है.

# फुटबॉल लीजेंड जॉन ब्यूरिज और जो मॉरिसन ने मिनर्वा एकेडमी में लगाया स्काउटिंग कैंप

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भारत की शीर्ष फुटबॉल संस्था मिनर्वा एकेडमी ने दो खेल दिग्गजों, जॉन बुरिज (बुजी) और जो मॉरिसन का एक सप्ताह तक चलने वाले स्काउटिंग और प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए स्वागत किया। जॉन बुरिज, प्रतिष्ठित पूर्व प्रीमियर लीग गोलकीपर, मिनर्वा के जूनियर और सीनियर गोलकीपरों को प्रशिक्षित करने के लिए अपने अनुभव का खजाना लेकर आए। 20 वर्षों से अधिक के शानदार करियर, 787 मैचों और 276 क्लीन शीट के साथ उनका अनुभव शानदार है। उनके शानदार खेल करियर में वर्किंगटन एएफसी, स्टोक सिटी और यहां तक कि मैनचेस्टर यूनाइटेड, साउथेम्प्टन और न्यूकैसल यूनाइटेड जैसी टीमों में काम करना शामिल है। बुरिज ने अपने कोचिंग करियर के दौरान मैनचेस्टर यूनाइटेड, एस्टन विला, बर्मिंघम सिटी और कार्डिफ सिटी जैसे प्रतिष्ठित



क्लबों के साथ भी काम किया है।उनके प्रीमियर लीग रिकॉर्ड में एक खिलाड़ी के रूप में 269 मैच और कोच के रूप में 50 मैच शामिल हैं।

एक प्रसिद्ध गोलकीपर कोच के रूप में, बुरिज असाधारण प्रतिभा की खोज और विकास करने में गर्व महसूस करते हैं। भारत के नंबर एक गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को एफसी स्टैबेक और यूएफा यूरोपा लीग में मार्गदर्शन मिलने के पीछे वे ही कारण हैं। उन्होंने ओमान के दिग्गज गोलकीपर अली अल-हब्सी को भी निखारा, जिससे उन्हें प्रीमियर लीग में 25 साल का शानदार करियर हासिल करने में मदद मिली।

जो मॉरिसन एक प्रसिद्ध ब्रिटिश खेल प्रस्तुतकर्ता और टीवी होस्ट हैं। वे अपनी आकर्षक कमेंट्री और गहन विश्लेषण के लिए जाने जाते हैं। दो दशकों से अधिक के करियर के साथ, मॉरिसन ने स्काई स्पोर्ट्स, बीबीसी और आईटीवी जैसे प्रमुख नेटवर्क के साथ काम किया है, जिसमें प्रीमियर लीग, यूईएफए चैंपियंस लीग और फीफा विश्व कप जैसे हाई-प्रोफाइल इवेंट शामिल हैं। जो मॉरिसन ने मैचडे लाइव और स्पोर्ट्स सेंट्रल सहित लोकप्रिय खेल शो की मेजबानी भी की है। मॉरिसन की विशेषज्ञता और करिश्माई ऑन-स्क्रीन उपस्थिति ने उन्हें एक घरेलू नाम बना दिया है, जिससे उन्हें सर्वश्रेष्ठ खेल प्रस्तुतकर्ता के लिए कई पुरस्कार नामांकन मिले हैं। फुटबॉल के प्रति उनके जुनून और उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता ने उन्हें मिनर्वा के प्रतिभा पूल में इस स्काउटिंग पहल पर जॉन बर्रिज के साथ साझेदारी करने के लिए प्रेरित किया।

मॉरिसन की उपस्थिति भारतीय फुटबॉल में बढ़ती रुचि और उभरती प्रतिभाओं के केंद्र के रूप में मिनर्वा की प्रतिष्ठा को रेखांकित करती है।मिनर्वा एकेडमी ने अपनी अत्याधुनिक सुविधाओं, विशेषज्ञ कोचिंग और जमीनी स्तर पर विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ भारतीय फुटबॉल में क्रांति ला दी है। एकेडमी ने विभिन्न आयु समूहों में भारत की राष्ट्रीय टीमों के लिए 250 से अधिक खिलाड़ी तैयार किए हैं।

# इन छह फिल्मों से दिल जीतने आ रहीं रश्मिका मंदाना



**दो की होने जा रही बॉक्स ऑफिस पर भिड़ंत!**

साउथ हसीना रश्मिका मंदाना ने पैन इंडिया फिल्म पुष्पा में काम कर नॉर्थ बेल्ट में भी अपनी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग बना ली। आने वाले दिनों में भी रश्मिका को एक से एक बेहतरीन फिल्मों में बतौर लीड अभिनेत्री देखा जाना है।

इसके बाद अभिनेत्री को गुड बाय और मिशन मजनू जैसी फिल्मों में देखा गया। हालांकि, रश्मिका को साल 2023 की आखिरी में रिलीज हुई संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म एनिमल से अच्छी खासी लोकप्रियता हासिल हुई। रणबीर कपूर अभिनीत इस फिल्म में नेशनल क्रश का अभिनय काबिल-ए-तारीफ रहा है। रश्मिका की ब्रैंड वैल्यू का ही नतीजा है कि दिन-ब-दिन उनकी डिमांड बढ़ती ही जा रही है। आने वाले दिनों में रश्मिका को एक नहीं, दो नहीं, तीन नहीं बल्कि छह बहुप्रतीक्षित फिल्मों में देखा जाएगा। आइए इनकी सूची पर गौर फरमा लेते हैं-

### पुष्पाः द राइज

सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म पुष्पाः द राइज ने घरेलू सहित विदेशी बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहरा दिया। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत इस फिल्म ने कई रिकॉर्ड तोड़े। वहीं, इसके सीक्वल के एलान के बाद से ही फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर है। पुष्पा 2ः द रूल रश्मिका मंदाना की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह मूवी इस साल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### छावाः द ग्रेट वॉरियर

विक्की कौशल अभिनीत बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक ड्रामा छावाः द ग्रेट वॉरियर अपने एलान के बाद से ही चर्चाओं में है। फिल्म की कहानी महान मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। इसका निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। छावाः द ग्रेट वॉरियर का निर्माण दिनेश विजान और जियो स्टूडियोज द्वारा किया गया है, और इसके 6 दिसंबर 2024 को रिलीज होने की उम्मीद है। मूवी में रश्मिका मंदाना बतौर मुख्य अभिनेत्री शामिल हैं।

### द गर्लफ्रेंड

रश्मिका मंदाना ने कुछ समय पहले अपनी नई फिल्म का एलान कर फैंस को बड़ा तोहफा दिया था। वह द गर्लफ्रेंड नामक एक रोमांचक लव स्टोरी में मुख्य भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह उनके सात साल के करियर की 24वीं फिल्म होगी। उम्मीद की जा रही है कि द गर्लफ्रेंड में रश्मिका ही नायक होंगी। इसे थ्रिलर लव स्टोरी फिल्म माना जा रहा है। राहुल रवींद्रन के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का निर्माण अल्लू अरविंद की गीता आर्ट्स के बैनर तले किया जा रहा है।

### कुबेर

तमिल सुपरस्टार धनुष अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता इन दिनों अपनी आगामी पैन इंडिया फिल्म कुबेर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा जुलाई, 2023 में की गई थी। फिल्म का निर्देशन शेखर कम्मुला कर रहे हैं। श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले सुनील नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव द्वारा किया जा रहा है। यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी। रिपोर्ट्स की मानें तो रश्मिका मंदाना इस फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगी। कुबेर 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### एनिमल पार्क

संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म एनिमल साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक रही। फिल्म के अंत में इसकी सीक्वल एनिमल पार्क की घोषणा की गई। रिपोर्ट्स के अनुसार, सीक्वल में पहले पार्ट के तकरीबन सारे कलाकार दिखाई देंगे। जानकारी हो कि इस मूवी में भी रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं।

### सिकंदर

रश्मिका मंदाना की पाइपलाइन में सलमान खान की फिल्म सिकंदर भी है। इसमें रश्मिका मुख्य अभिनेत्री होंगी और उन्हें पर्दे पर बॉलीवुड सुपरस्टार के साथ रोमांस फरमाते देखा जाएगा। फिल्म की शूटिंग जारी है और यह अगले साल रिलीज होगी।

## रोहिणी अय्यर ने मशहूर हस्तियों के लिए हाई-प्रोफाइल डिनर का किया आयोजन



**भारतीय** फिल्म इंडस्ट्री की सबसे प्रभावशाली एंटरप्रेन्योर्स में से एक रोहिणी अय्यर जब कोई पार्टी आयोजित करती हैं, तो बॉलीवुड सेलिब्रिटीज़ का वहां होना स्वाभाविक है। उनकी गेस्ट लिस्ट में हमेशा बॉलीवुड के जाने-माने नाम शामिल होते हैं। यही नहीं उनकी पिछली सभी पार्टियों की सेल्फी भी हमेशा वायरल होती हैं। अब हम सुन रहे हैं कि रोहिणी का नेटवर्क हॉलीवुड तक भी फैला हुआ है। न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स और लंदन में हाल ही में हुए हाई-प्रोफाइल हॉलीवुड इवेंट में उनकी उपस्थिति उनके प्रभाव का प्रमाण है। हम सुन रहे हैं कि वह हॉलीवुड की सबसे बड़े और शानदार प्रोजेक्ट्स में कोलैबोरेट कर रही हैं, जिनकी घोषणा जल्द ही की जाएगी। उन्होंने हाल ही में सेलेक्ट फ्यू के लिए मुंबई में एक एक्सक्लूसिव डिनर होस्ट किया था। इसमें अमेरिकन मल्टीनेशनल एंटरटेनमेंट कंपनी वार्नर म्यूजिक ग्रुप के सीईओ रॉबर्ट किन्क्ल और उनके कॉलीग साइमन रॉबसन (प्रेजिडेंट, इंटरनेशनल रिकॉर्डेड म्यूजिक) और अल्फोंसो पेरेज-सोटो (प्रेजिडेंट, इमर्जिंग मार्केट्स) ने शिरकत की।

अपने असाधारण और बेहतरीन डिनर पार्टीज के आयोजित के लिए प्रसिद्ध अय्यर ने एक बार फिर इस पार्टी में अपने प्रभाव का प्रदर्शन किया। कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज़ के सफलता के पीछे की अनोखी शख्सियत रोहिणी, के इस शानदार डिनर पार्टी में उन सभी लोगों का आना कोई आश्चर्य की बात नहीं थी।

# सौंदर्या शर्मा ने की अपने को-स्टार्स की जमकर तारीफ

**हाउसफुल 5 की अभिनेत्री बोलीं- कांप रहे थे हाथ**

**हाउसफुल** 5 अभिनेत्री सौंदर्या शर्मा ने हाल ही में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख और फिल्म के बाकी कलाकारों के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की। अभिनेत्री और बिग बॉस 16 की फेम सौंदर्या शर्मा अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, फरदीन खान, अभिषेक बच्चन और पूजा हेगड़े के साथ हाउसफुल 5 में नजर आएंगी। अभिनेत्री ने हाल ही में कॉमेडी-ड्रामा के सेट पर अपने अनुभव के बारे में बात की और छोटे पर्दे से बड़े पर्दे तक के अपने सफर को भी साझा किया।

### हाउसफुल 5 के सेट का किया अनुभव साझा

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान सौंदर्या ने हाउसफुल (2010) के गानों पर डांस करने का लुत्फ उठाया और इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने फिल्म में शामिल होने को लेकर अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि यह शानदार लग रहा है। सौंदर्या ने बताया कि सेट पर सभी कलाकाल हमेशा गर्मजोशी से भरे और शानदार रहे। उन्होंने बताया कि सबसे जूनियर सदस्य होने के नाते उनका बहुत ही प्यारा स्वागत किया गया, जिससे यह उनके लिए बेहद ही प्यारा अनुभव रहा।

### फिल्म के को-स्टार की तारीफों के बांधे पुल

फिल्म में अपने सह-कलाकार अक्षय कुमार के बारे में सौंदर्या ने कहा अक्षय सर बहुत प्यारे हैं। फिल्म के बाकी सह-कलाकारों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, जैकी बहुत प्यारे हैं। हर कोई प्यारा है। अभिषेक ने मुझे अपने नासमझ अंदाज से आश्चर्यचकित कर दिया। रितेश सर सबसे प्यारे हैं। नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा, हर कोई शानदार है। मेरे लिए सबसे बड़े सरप्राइज चंकी पांडे सर रहे। वह दिखने से कहीं ज्यादा अच्छे हैं। मैं बस इस बात पर जोर देना चाहती हूं कि मैं सेट पर सभी को देखकर सरप्राइज हो गई!

### कौन है सौंदर्या का गॉडफादर

सौंदर्या शर्मा ने बताया कि भले ही इंडस्ट्री में उनके पास कोई गॉडफादर नहीं है, लेकिन वह वर्धा खान नाडियाडवाला को अपनी गॉडसिस्टर मानती हैं।



हाउसफुल 5 में अपनी भूमिका पाने के बारे में बताते हुए सौंदर्या ने वर्धा के प्रति आभार व्यक्त किया और उनकी क्षमताओं पर विश्वास करने के लिए उन्हें श्रेय दिया।

### तब क्या हुआ था, जब की थी हाउसफुल 5 साइन

सौंदर्या ने हाउसफुल 5 की पेशकश मिलने पर अपनी पहली प्रतिक्रिया के बारे में बात करते हुए कहा खुलासा किया, मैं रो रही थी, मैं कांप रही थी। जब उन्होंने मुझे घर आकर जब डाक्यूमेंट पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा तो मैं अपना हस्ताक्षर ही भूल गई। तरुण मनसुखानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। यह मल्टीस्टारर फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## अपने पार्टनर के साथ यात्रा करना सबसे अच्छी चीजों में से एक - अर्जुन बिजलानी



**टीवी** अभिनेता अर्जुन बिजलानी इन दिनों अपनी पत्नी नेहा के साथ तंजानिया में छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने पार्टनर के साथ यात्रा करना सबसे अच्छी चीजों में से एक है। अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर ज़ांज़ीबार में अपनी छुट्टियों के कुछ प्यारे पल शेयर किए। तस्वीरों में दोनों एक-दूसरे के साथ खूबसूरत पल बिताते नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में बिजलानी अपनी पत्नी पर जमकर प्यार बरसाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, यादों का एक और सेट कैमरे में कैद, अपने साथी के साथ यात्रा करना सबसे अच्छी चीजों में से एक है। अर्जुन ने मई 2013 में अपनी लॉन्गटाइम पार्टनर नेहा से शादी की। जनवरी 2015 में उनके घर एक बेटे ने जन्म लिया। बच्चे को नाम कपल ने अयान बिजलानी रखा।

इस महीने की शुरुआत में अर्जुन ने स्क्रीन पर भगवान राम की भूमिका निभाने की इच्छा व्यक्त की। प्यार का पहला अध्यायः शिव शक्ति में काम करने वाले अभिनेता ने कहा, उनमें धैर्य का गुण और दबाव में शांत रहने की क्षमता समाहित है। आज की दुनिया में ये गुण पहले से कहीं ज़्यादा महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, भगवान राम की यात्रा हमें अपने मूल्यों के प्रति सच्चा रहना और कठिन रास्ते पर भी विश्वास रखना सिखाती है। साथ ही, उनकी ज़िम्मेदारी और नेतृत्व की भावना कुछ ऐसी है जिसकी मैं वास्तव में प्रशंसा करता हूं और इसे स्क्रीन पर दिखाना चाहूंगा।

अर्जुन ने एकता कपूर के शो कार्तिका से टेलीविजन पर अपनी शुरुआत की। उन्हें लेफ्ट राइट लेफ्ट, मिले जब हम तुम, मेरी आशिकी तुम से ही, नागिन और इश्क में मरजावां में भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। वह झलक दिखला जा 9 और स्मार्ट जोड़ी के साथ डांस दीवाने में भी नजर आ चुके हैं। उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म डायरेक्ट इश्क 2016 में रिलीज हुई थी। 2020 में उन्होंने वेब सीरीज स्टेट ऑफ सीज से डिजिटल दुनिया में डेब्यू किया। 2021 में उन्होंने फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 11 में भाग लिया और विजेता बनकर उभरे। इसके बाद उन्होंने वेब सीरीज़ रूहानियत में अभिनय किया। उन्हें पिछली बार लाफ्टर शेफ फन अनलिमिटेड में देखा गया था, जहां उनकी जोड़ी अभिनेता करण कुंद्रा के साथ बनी थी।

## बिना अनुमति गानों के रीमिक्स पर फूटा एआर रहमान का गुस्सा

**एआई के दुरुपयोग पर भी दी चेतावनी**



**एआर** रहमान दुनिया के सबसे मशहूर संगीतकारों में से एक हैं। तीन दशकों से अधिक लंबे करियर के साथ उन्होंने न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में अपनी अद्वितीय प्रतिभा के लिए प्रशंसा हासिल की है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, एआर रहमान ने बिना अनुमति के रीमिक्स के लिए मूल गानों के इस्तेमाल पर नाराजगी जताई है। उन्होंने किसी और के काम की दोबारा कल्पना करने से पहले अनुमति लेने के महत्व पर जोर दिया।

गानों के रीमिक्स पर एआर रहमान की दो टूक

एआर रहमान ने दृढ़ता के साथ कहा, आप किसी फिल्म से एक गाना लेकर छह साल बाद दूसरी फिल्म में यह कहकर इस्तेमाल नहीं कर सकते कि आप इसकी फिर से कल्पना कर रहे हैं। अपने रुख को और स्पष्ट करते हुए रहमान ने कहा, आप लोगों की अनुमति के बिना उनके काम की दोबारा कल्पना नहीं कर सकते। आप इसे इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर सकते हैं, लेकिन निश्चित रूप से इसे मुख्यधारा नहीं बना सकते।

### एआई के दुरुपयोग पर जताई चिंता

एआर रहमान ने संगीत निर्माण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के दुरुपयोग पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, इससे भी बड़ी बुराई यह है कि लोग एआई का दुरुपयोग कर रहे हैं और संगीतकार को भुगतान नहीं कर रहे हैं, भले ही वे उसकी शैली उधार ले रहे हों।

**ना किआरा आडवाणी न तृप्ति डिमरी**

## इस एक्ट्रेस संग है कार्तिक की बेस्ट केमिस्ट्री



**बॉलीवुड** एक्टर कार्तिक आर्यन इस दिवाली मंजुलिका विद्या बालन और माधुरी दीक्षित के साथ रूह बाबा के रूप में फिर से लौट आए हैं. जी हां उनकी इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्म भूल-भूलैया 3 दिवाली के मौके पर रिलीज के लिए तैयार है. अनीस बज्मी की हॉरर-कॉमेडी में, दो आत्माओं की घोस्टबस्टर के साथ दर्शकों को जबरदस्त कॉमेडी भी देखने को मिलेगी. फिल्म में कार्तिक तृप्ति डिमरी के साथ रोमांस भी करते नजर आएंगे. अब एक्टर ने खुलासा किया है कि किस बॉलीवुड अभिनेत्री के साथ उनकी बेस्ट केमिस्ट्री है. कार्तिक आर्यन से एक इंटरव्यू के दौरान जब पूछा गया कि उनकी केमिस्ट्री कियारा आडवाणी या तृप्ति डिमरी में से किसके साथ बेहतर है. इसपर एक्टर ने आउट ऑफ सिलेबस जाकर आंसर दिया, जिसकी किसी को भी उम्मीद नहीं थी. उन्होंने बताया कि माधुरी दीक्षित के साथ उनकी केमिस्ट्री सबसे अच्छी है.

## राशि खन्ना और विक्रांत मैसी अभिनीत द साबरमती रिपोर्ट का टीजर किया आउट

**फ़िल्म** 'द साबरमती रिपोर्ट' के मेकर्स ने इसका एक दिलचस्प टीजर जारी किया है, जिसमें यंग पैन-इंडिया स्टार राशि खन्ना और विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर करते हुए लिखा, आज का हिंदुस्तान जवाब देना भी जानता है, और सवाल पूछना भी! सच्चाई को झकझोरा जा सकता है, लेकिन पराजित नहीं किया जा सकता।

इस नए टीजर ने दर्शकों के बीच उत्साह और प्रत्याशा को बढ़ा दिया है। यह राशि खन्ना को एक रिपोर्टर के रूप में अपनी भूमिका में पूरी तरह से डूबे रहने, दर्शकों को आकर्षित करने और उन्हें फिल्म की रिलीज के लिए उत्सुक करने की एक बेहतरीन झलक देता है। इस मनोरंजक कहानी में, राशि साबरमती एक्सप्रेस घटना के पीछे की सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर एक रिपोर्टर की भूमिका निभाती है, जबकि विक्रांत त्रासदी पर प्रकाश डालने में उसकी सहायता करता है। धीरज सरना द्वारा निर्देशित यह फिल्म 27 फरवरी, 2002 को गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास हुई दुखद घटना के विवरण की पड़ताल करती है। यह फिल्म 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने




वाली है। द साबरमती रिपोर्ट के अलावा, राशि खन्ना अपनी आगामी फिल्म तलाखों में एक में विक्रांत मैसी के साथ फिर से काम करने के लिए तैयार हैं, जो जल्द ही रिलीज होने वाली है।

इसके अलावा, उनकी एक तेलुगु फिल्म 'तेलुसु कड़ा' भी पाइपलाइन में है।

## बोटोक्स और कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर कृति ने जाहिर की राय



**कृति** सेनन की नवीनतम फिल्म दो पत्ती नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म का अभिनेत्री बीते कुछ समय से जोर-शोर से प्रमोशन कर रही थीं। इस बीच अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू के दौरान बोटोक्स, कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर बात की है।

इस दौरान उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में होने के कारण अच्छा दिखने के दबाव को लेकर भी बात की है। अभिनेत्री ने कहा कि वह कॉस्मेटिक बदलाव करवाने वाले लोगों को लेकर कोई राय नहीं बनातीं। हालांकि, वह नहीं चाहती हैं कि युवा लड़कियां हर समय परफेक्ट दिखने का दबाव महसूस करें। फिल्मफेयर के साथ एक इंटरव्यू के दौरान, कृति सेनन ने कहा, मैं इसे लेकर बिल्कुल भी कोई राय नहीं बनाती। हर किसी का अपना-अपना तरीका होता है। अगर आप अपने किसी अंग को बदलकर ज्यादा आत्मविश्वास महसूस करते हैं, तो यह आप पर निर्भर करता है। ये फिर पूरी तरह से आपका फैसला है। आपको उस फैसले के साथ, जो भी होता है उसका सामना करना होगा। यह आपकी ज़िंदगी है, आपका शरीर है, आपका चेहरा है। अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं इसके बारे में जजमेंट महसूस नहीं करती, लेकिन हां, मैं समझती हूं कि मैं नहीं चाहती कि युवा लड़कियां हर समय परफेक्ट दिखने का दबाव महसूस करें। दो पत्ती अभिनेत्री ने कहा कि वह खूबसूरती से उम्र बढ़ाना चाहती हैं और अपना ख्याल रखना चाहती हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वो फिल्टर जोन से दूर रहना चाहती हैं।

-साभार एजेंसी